नई दिल्ली
मंगलवार 26 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
दशमी वर्ष : 30, अंक : 37
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 43
न्यून. 35


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## आज राम मंदिर में मनेगी राम परिवार की प्रथम वर्षगांठ



अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित राम परिवार की प्रथम वर्षगांठ मंगलवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाई जाएगी। इस मौके पर राम मंदिर परिसर की यज्ञशाला में विशेष वैदिक अनुष्ठान और हवन-पूजन होंगे। भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर नवीन वस्त्र अर्पित किए जाएंगे और 56 भोग लगाया जाएगा। साथ ही वाल्मीकि रामायण का पारायण भी होगा।महंत शशिकांत दास ने बताया कि शाम को मां सरयू की 5051 बत्तियों से महाआरती होगी, फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी और भजन संध्या का आयोजन होगा। गौरतलब है कि पिछले वर्ष गंगा दशहरा के दिन ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम परिवार और छह उप मंदिरों की स्थापना की थी।

उपराष्ट्रपति राधाकृष्ण और पीएम मोदी रहे उपस्थित

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 66 विभूतियों को पद्म पुरस्कार से किया सम्मानित

**7** महिलाओं को मिला सम्मान

**9** हस्तियों को मरणोपरांत सम्मान

वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी गई है, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। बाकी पुरस्कार बाद में आयोजित दूसरे समारोह में दिए जाएंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित वर्ष 2026 के पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 पद्म पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस चरण में 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्म श्री पुरस्कार दिए गए। वर्ष 2026 के लिए कुल 131 पद्म पुरस्कारों को मंजूरी दी गई है, जिनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। बाकी पुरस्कार बाद में आयोजित दूसरे समारोह में दिए जाएंगे। ये सम्मान कला, विज्ञान, ▸▸ शेष पेज 5 पर



पुदुच्चेरी के के. पजानिवेल ने पीएम मोदी को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया

### धर्मेंद्र को मरणोपरांत मिला पद्म विभूषण



इस बार 5 हस्तियां पद्म विभूषण से सम्मानित की गई हैं जिनमें से आज दो हस्तियों महाराष्ट्र से कला के क्षेत्र में धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) और यूपी से कला में एन राजम को सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र की ओर से पत्नी और दिग्गज अभिनेत्री व सांसद हेमा मालिनी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया। इस दौरान वे भावुक नजर आईं। बेटी अहाना के आंसू छलक आए।

### 6 हस्तियां पद्म भूषण से सम्मानित

सोमवार को 6 हस्तियां पद्म भूषण से सम्मानित की गई हैं जिनमें महाराष्ट्र से कला के क्षेत्र में पीयूष पांडे (मरणोपरांत), व्यापार और उद्योग में उदय कोटक, उत्तराखंड से लोक सेवा क्षेत्र में भगत सिंह कोश्यारी, कर्नाटक के शतावधानी डॉ. आर गणेश को कला में, लोक सेवा के क्षेत्र में दिल्ली से प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (मरणोपरांत) और तमिलनाडु से चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. कल्लिपट्टी रामासामी पलानीस्वामी को सम्मानित किया गया है।

### कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक हैं उदय कोटक



भारत के वित्तीय और बैंकिंग क्षेत्र में अपने असाधारण योगदान के लिए कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक और दिग्गज बैंकर उदय कोटक को 'पद्म भूषण' सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान न केवल उदय कोटक की व्यक्तिगत व्यावसायिक सफलता को दर्शाता है, बल्कि देश के व्यापार और उद्योग क्षेत्र की मजबूती की भूमिका को मान्यता देता है।

### 6 दशक से निःशुल्क संगीत सीखा रहे कसम



गुजरात के जूनागढ़ के महान लोक संगीतकार मीर हाजी कसम, जिन्हें लोकप्रिय रूप से 'हाजी रामकडू' के नाम से जाना जाता है, को गुजराती पारंपरिक संगीत में उनके असाधारण योगदान, ढोलक वादन में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। ▸▸ शेष पेज 5 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
आरसीबी जीटी
शाम 7.30 बजे से


## खबर संक्षेप

### आज 45 मिनट बंद रहेंगी यूपीआई

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए डाउनटाइम अलर्ट जारी किया है।



शेड्यूल मेंटेनेंस के कारण आज यानी 26 मई को तड़के 1:45 से 2:30 बजे तक (कुल 45 मिनट) कई प्रमुख डिजिटल सेवाएं बाधित रहेंगी। इस दौरान ग्राहक अन्य सेवाओं का उपयोग कर पाएंगे।

### रेलवे ट्रैक पर खड़ी कार को ट्रेन ने मारी टक्कर

**हाथरस।** हाथरस जिले के मुरसान में दो परिवारों के विवाद में रविवार देर रात एक परिवार की कार रेलवे



ट्रैक पर खड़ी कर दी गई। उसे रामनगर-आगरा फोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन ने टक्कर मार दी। गनीमत रही कि कार उस लाइन के बगल वाली पटरी पर थी, जिससे ट्रेन गुजर रही थी। बड़ा हादसा टल गया।

### गंगा नदी में डूबने से 7 श्रद्धालुओं की मौत

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं में सोमवार को गंगा दशहरा स्नान के दौरान बड़ा हादसा हो गया। उझानी



के कछला घाट और उसहैत के अटैना घाट पर गंगा नदी में डूबने से किशोरी और युवकों समेत सात की मौत हो गई। कुल 25 श्रद्धालु नदी के तेज बहाव में बह गए थे। शेष सुरक्षित हैं।

बीकानेर, भुज, त्रिपुरा और बंगाल में सुरक्षा समीक्षा बैठकों के साथ जवानों से करेंगे संवाद

# सीमा सुरक्षा पर अमित शाह का बड़ा अभियान राजस्थान से बंगाल तक बॉर्डर इलाकों का करेंगे दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आने वाले दिनों में देश के विभिन्न सीमावर्ती क्षेत्रों का व्यापक दौरा करेंगे। इस दौरान वे सीमा सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के साथ-साथ सीमा पर तैनात सुरक्षा बलों के जवानों से संवाद करेंगे और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। सूत्रों के अनुसार, अमित शाह का यह दौरा राजस्थान, गुजरात, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के संवेदनशील बॉर्डर क्षेत्रों पर केंद्रित रहेगा, जहां वे सुरक्षा तैयारियों, घुसपैठ रोकथाम, सीमा प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के समन्वय की समीक्षा करेंगे।

### दोपहर में होगी उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक

सांचू चौकी के दौरे के बाद अमित शाह दोपहर करीब 2 बजे बीकानेर में एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी, राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि, बीएसएफ अधिकारी, तथा राजस्थान के पांच सीमावर्ती जिलों के जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। बैठक में सीमा पार गतिविधियों, तस्करी, घुसपैठ, ड्रोन मूवमेंट, सुरक्षा समन्वय और सीमावर्ती क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को लेकर विस्तृत चर्चा होने की संभावना है।





### 25 मई को बीकानेर पहुंचेंगे अमित शाह

कार्यक्रम के अनुसार, गृह मंत्री 25 मई की रात राजस्थान के बीकानेर पहुंचेंगे। इसके बाद 26 मई की सुबह करीब 10 बजे वे भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित बीएसएफ की सांचू सीमा चौकी का दौरा करेंगे। इस दौरान अमित शाह सीमा सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात करेंगे, उनकी समस्याओं और अनुभवों को जानेंगे तथा सुरक्षा बलों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्री जवानों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ सीमा क्षेत्रों में आधुनिक सुरक्षा संसाधनों और तकनीकी निगरानी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा करेंगे।

### *29 मई को गुजरात के भुज जाएंगे*

*राजस्थान दौरे के बाद गृह मंत्री 29 मई को गुजरात के भुज का दौरा करेंगे। यहां भी वे बीएसएफ की सीमा चौकियों का निरीक्षण करेंगे और जवानों से संवाद करेंगे। बताया जा रहा है कि अमित शाह कच्छ क्षेत्र के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हरामीनाला इलाके का भी दौरा करेंगे। हरामीनाला क्षेत्र सुरक्षा और निगरानी की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है, जहां समुद्री और रेगिस्तानी भूभाग के कारण विशेष सुरक्षा चुनौतियां रहती हैं।*

### *जून में त्रिपुरा और बंगाल का दौरा*

*इसके बाद गृह मंत्री अगले माह 5 जून को त्रिपुरा के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इस दौरान बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था, अवैध घुसपैठ और सीमा प्रबंधन की समीक्षा की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह जून के मध्य यानी लगभग 15 जून के आसपास पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों का भी दौरा करेंगे। वहां भी वे सीमा सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठकें करेंगे और जमीनी हालात का आकलन करेंगे।*

### *सीमा सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार सक्रिय*

*गृह मंत्री का यह व्यापक दौरा ऐसे समय हो रहा है जब केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा को लेकर लगातार सक्रिय रणनीति पर काम कर रही है। हाल के वर्षों में सीमाओं पर ड्रोन गतिविधियों, हथियार एवं नशीले पदार्थों की तस्करी, अवैध घुसपैठ तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए केंद्र सरकार लगातार निगरानी और समन्वय बढ़ाने पर जोर दे रही है। अमित शाह के इन दौरों को सीमा सुरक्षा ढांचे की समीक्षा और सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि अमित शाह के दौरे के बाद सीमा सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक में कई ठोस निर्णय लिये जाएंगे।*

सेना ने अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर चलाया राहत-बचाव अभियान

# गुलमर्ग में गोंडोला रोपवे में आई तकनीकी खराबी से सांसत में फंसी 300 पर्यटकों की जान

- सभी पर्यटकों को सुरक्षित बचाया गया, मध्यरात्रि तक पूरा हो गया अभियान

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में प्रसिद्ध गोंडाला रोपवे (केबल कार सिस्टम) में अचानक आई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हवा में 65 केबल कार में कुल 300 पर्यटक फंस गए, सेवाएं (बेस स्टेशन और फेज-1 कांगडोरी के बीच) पूरी तरह से रोक दी गईं। चारों ओर चीख-पुकार मच गई, हर कोई किसी भी तरह से अपनी जान बचाने के लिए मदद के लिए पुकारने लगा। इन सबके बीच भारतीय सेना देवदूत बनकर उतरी और उसने युद्धस्तर पर





राहत और बचाव अभियान को लेकर मोर्चा संभाला। जिसकी बदौलत फिलहाल सभी लोगों को लंबी सीढ़ियों और केबल तार की मदद से सुरक्षित बचाया जा चुका है। अभियान में सेना के अलावा केंद्रशासित प्रदेश के स्थानीय पुलिस और प्रशासन, सीमा सुरक्षा बल, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और पर्यटन विभाग का भरपूर योगदान रहा है। सभी ने एकजुटता के साथ अभियान में केबल, रस्सियों के सहारे लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने कहा कि सरकार इस राहत अभियान पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए है। प्रशासन ने लोगों से न ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *बूटापथरी बटालियन की अहम भूमिका*

*सेना ने इस राहत अभियान में इलाके में तैनात अपनी बूटापथरी बटालियन के सैनिकों को घटनास्थल की ओर रवाना किया। जिनके साथ 3 घायल सहायता टीमों (सीएटी) शामिल की गईं। टीमों ने गोंडाला बेस स्टेशन और फेज-1 के बीच राहत अभियान चलाया। इसके साथ ही चुनौतीपूर्ण मौसम के बीच सेना के सभी मौसम में कार्रवाई करने में सक्षम वाहन (एटीवी) की भी मदद ली गई। गुलमर्ग एटीवी एसोसिएशन की मदद से कुछ अतिरिक्त एटीवी वाहन मंगाए गए। जिससे राहत कार्यों में तेजी लाई जा सके। गोंडाला अथॉरिटी की तकनीकी टीमें राहत अभियान में सेना और अन्य एजेंसियों को नियमित आधार पर सहयोग कर रही हैं।*

देश में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए छात्रों के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम करने का आग्रह किया

# नीट-यूजी की पुनः परीक्षा को लेकर प्रधान ने राज्यों के मुख्यमंत्रियों को लिखा पत्र

- प्रत्येक परीक्षा केंद्र में सुनिश्चित की जानी चाहिए पीने के पानी के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पेपर लीक के बाद एक बार फिर से अगले महीने 21 जून को होने वाली नीट-यूजी की परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहती है। सोमवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उप-राज्यपालों और प्रशासकों को पत्र लिखकर परीक्षा के सुरक्षित ढंग से निष्पक्ष और सफल संचालन के लिए सहयोग प्रदान करने के लिए आग्रह किया है। जिसमें खासतौर पर इस वक्त पड़ रही ▸▸ शेष पेज 5 पर

### *पेपर लीक के चलते फिर से होती परीक्षा*

*मंत्रालय ने बताया कि नीट-यूजी की फिर से परीक्षा कराने के पीछे की वजह 3 मई को पेपर लीक के मामले का सामना आना है। सरकार ने आंतरिक स्तर पर विस्तृत जांच की, जिसमें लीक के दावे को सही पाया गया और उसके बाद 12 मई को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के साथ विचार-विमर्श करने के लिए राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इस परीक्षा को रद्द कर आगामी वक्त में नई तारीख के साथ कराने का ऐलान किया। मामले की व्यापक रूप से जांच पड़ताल की जिम्मेदारी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी गई है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से इस बार 3 मई को हुई इस परीक्षा में कुल करीब 22.5 लाख से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया था। परीक्षा देश के 551 शहरों में बनाए गए 5 हजार से अधिक केंद्रों पर आयोजित की गई थी।*

### *केंद्रीय मंत्री के पत्र का सार*

*केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने अपने पत्र में प्रशासनिक प्रमुखों के अलावा राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों में परीक्षा संचालित करने वाले जिला अधिकारियों, सभी स्कूलों, कॉलेजों,* ▸▸ शेष पेज 5 पर

तकनीक की मदद से सेवारत कर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को होगा लाभ

# आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक से सेना के अस्पताल में होगा कैंसर का बेहतर इलाज

- वर्तमान में देश में कैंसर के सक्रिय मामलों की संख्या पहुंची 25 लाख के पार

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली स्थित सेना के अस्पताल (रिसर्च एंड रेफरल) से कैंसर के मरीजों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें पता चला है कि अब अस्पताल में इस प्राणघातक बीमारी का इलाज आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीक ('रिंग गैन्ट्री आधारित लीनियर एक्सीलेटर') से किया जा सकेगा। सेवारत सैन्यकर्मियों के अलावा इसका फायदा पूर्व सैनिकों और उनके परिवारजनों को भी मिलेगा। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को इस तकनीक का उद्घाटन किया है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, यह तकनीक अस्पताल की कैंसर देखभाल सेवाओं को और अधिक ▸▸ शेष पेज 5 पर



### *भारत में हैं कैंसर के 25 लाख सक्रिय मामले*

*गौरतलब है कि वर्तमान में भारत में कैंसर के सक्रिय मामलों की संख्या 25 लाख से ज्यादा है। वैश्विक स्तर पर कैंसर के मामलों की बात करें तो भारत का नंबर तीसरा है। इसे लेकर पहले स्थान पर चीन, दूसरे स्थान पर अमेरिका है। लिंग के आधार पर देखें तो पुरुषों में फेफड़ों, मुंह का कैंसर और महिलाओं में स्तन और गर्भाशय के कैंसर के मामले सामने आते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) का कहना है कि इस बीमारी की सबसे बड़ी वजह जीवनशैली में आते बदलाव और बीमारी का देर से पता लगना है। जिसकी वजह से मामलों की संख्या में तेजी से वृद्धि देखने को मिल रही है।*

पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू करेंगे लोकार्पण, एच.डी. देवगौड़ा भी रहेंगे मौजूद

# प्रधानमंत्री मोदी पर केंद्रित शिवराज सिंह की पुस्तक 'अपनापन' का लोकार्पण आज

- अनुभवों को सीखा और उनको आत्मसात किया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृष एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की प्रकाशित पुस्तक 'अपनापन' का लोकार्पण भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवगौड़ा की उपस्थिति में भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा आज मंगलवार 26 मई को भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम सभागार, एनएएससी कॉम्प्लैक्स, पूसा, नई दिल्ली में संपन्न होगा। इस भव्य कार्यक्रम में भारत सरकार के अनेक मंत्री, राज्यपाल, अनेक प्रदेशों के मुख्यमंत्री, समाजधर्मी एवं लेखक-पत्रकार उपस्थित होंगे। 'अपनापन' पुस्तक में शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विभिन्न भूमिकाओं में देखे, सीखे और आत्मसात किए गए अनुभवों का सजीव संकलन प्रस्तुत किया गया है।

चौहान ने तीन दशकों से भी अधिक समय तक मोदीजी को विभिन्न भूमिकाओं में निकट से देखा है, और उनसे सीखा है जब दोनों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे, जब वे अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री थे, जब वे मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और मोदी भारत के प्रधानमंत्री थे और आज जब वे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री हैं। यह पुस्तक उन मूल्यों, दृष्टिकोण और कार्यशैली को भी अभिव्यक्त करती है, जिन्हें उन्होंने इस दीर्घ सहयात्रा में आत्मसात किया।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि जांच में सहयोग नहीं कर रही गिरिबाला

# मप्र सरकार का 'सीबीआई जांच' का फैसला सही, निष्पक्ष जांच हो

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली/ भोपाल




ट्विशा शर्मा संदिग्ध मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सोमवार को सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कई सवाल उठाए हैं और सीबीआई को मामले की जांच अपने हाथ में लेने का आदेश दिया। कोर्ट ने आरोपी और पीड़ित परिवार से मीडिया में या सार्वजनिक मंचों पर बयान न देने की अपील की है। अदालत में सुनवाई के दौरान सामने आया कि गिरिबाला अपने रसूख का इस्तेमाल कर जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। कोर्ट ने ये भी सवाल उठाया कि उन्हें तुरंत जमानत कैसे मिल गई। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनलर तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सीबीआई मामले की जांच अपने पास ले लेगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को रिकॉर्ड पर ले लिया। सीजेआई सूर्यकांत ने उम्मीद जताई कि सीबीआई तुरंत और निष्पक्ष जांच करेगी। अदालत ने सुनवाई के दौरान बेहद स्पष्ट शब्दों में कहा कि चाहे ये मौत खुदकुशी हो या फिर कोई अन-नेचुरल डेथ (अप्राकृतिक मौत), हर हाल में इस पूरे मामले की तह तक जाकर एक निष्पक्ष और पूरी जांच सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस वक्त मीडिया और आम जनता के बीच चल रही किसी भी तरह की अटकलों को बिल्कुल बढ़ावा नहीं देना चाहते हैं।

भोपाल पहुंची सीबीआई की टीम

### दर्ज की एफआईआर, केस डायरी भी कब्जे में लिया

सीबीआई के दिल्ली मुख्यालय की एक विशेष टीम देर शाम भोपाल पहुंची और कटारा हिल्स थाने में दर्ज मूल मामले को अपनी एफआईआर के रूप में दोबारा दर्ज किया। सीबीआई ने भोपाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर केस डायरी सहित जांच से जुड़े सभी दस्तावेज और सबूत अपने कब्जे में ले लिए हैं। भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने इसकी पुष्टि की है। सीबीआई ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मृतका की सास गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। एफआईआर के मुताबिक ▸▸ शेष पेज 5 पर

## नीट पेपर लीक के विरोध में आप पार्षदों ने किया प्रदर्शन

# दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक हंगामे के कारण बार बार हुई बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सदन की बैठक सोमवार को एक बार फिर भारी हंगामे की भेंट चढ़ गई। आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर सदन में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

इस दौरान सदन में काफी देर तक शोर-शराबा और हंगामे की स्थिति बनी रही और इसे देखते हुए महापौर प्रवेश वाही ने दो बार बैठक स्थगित करनी पड़ी और तीसरी बार भी हंगामा शांत नहीं होने के चलते महापौर के निर्देश पर नेता सदन जयभगवान यादव ने हंगामे के बीच ही प्रस्ताव पारित कर दिए। महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि यह साबित हो गया है कि आप अव्यवस्था तो भाजपा सरकार व्यवस्था बनाने में यकीन रखती है। महापौर ने आरोप लगाते हुए कहा कि आप पार्षदों ने नालों की सफाई जैसे गंभीर विषय पर चर्चा बाधित की और बैठक नहीं चलने दी। महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में नागरिकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही महापौर ने कहा कि पार्षदों को 50-50 लाख रुपये की विकास निधि जारी की गई है।




### छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही भाजपा : अंकुश

आप के वरिष्ठ नेता और एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने एक्स पर सोशल मीडिया पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है और लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों पर जवाब देने से बच रही है। पार्षदों ने नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई। सदन में विरोध प्रदर्शन के दौरान आप पार्षदों ने कॉक्रोच के पोस्टर और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग वाली तख्तियां लहराते हुए कहा कि देशभर के लाखों बेरोजगार युवा, छात्र नीट के लिए मेहनत कर परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन पेपर लीक की घटनाओं से उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है। आप पार्षदों ने भाजपा पर युवाओं के सपनों को तोड़ने का आरोप लगाया।

### सफाई व्यवस्था मामले में फेल है भाजपा सरकार: नाजिया

वहीं, विपक्ष में कांग्रेस दल की नेता और निगम पार्षद नाज़िया दानिश ने दिल्ली में सफाई व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार और एमसीडी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा एक सरकारी स्कूल के सामने जमा कूड़ा न हटाने के मामले में एमसीडी आयुक्त को नोटिस जारी किया जाना भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार की बड़ी प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि राजधानी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और भाजपा शासित नगर निगम जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में विफल साबित हो रही है।सफाई व्यवस्था मामले में फेल है भाजपा सरकार: नाजिया वहीं, विपक्ष में कांग्रेस दल की नेता और निगम पार्षद नाज़िया दानिश ने दिल्ली में सफाई व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार और एमसीडी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा एक सरकारी स्कूल के सामने जमा कूड़ा न हटाने के मामले में एमसीडी आयुक्त को नोटिस जारी किया जाना भाजपा की 'ट्रिपल इंजन' सरकार की बड़ी प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है।

## 'यमुना की सफाई के लिए सीईटीपी का किया जा रहा आधुनिकीकरण'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- मनजिंदर सिंह सिरसा ने ओखला में सीईटीपी का किया निरीक्षण

यमुना में निर्मल जल का प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) सीईटीपी के विकेंद्रीकरण के लिए हर संभव गंभीर प्रयास कर रही हैं और आवश्यकतानुसार मौजूदा बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण भी किया जा रहा हैं। यह बातें सोमवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वरिष्ठ ओखला में सीईटीपी के निरीक्षण के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की व्यापक समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री सिरसा ने सीईटीपी के कामकाज की समीक्षा की, जिसमें बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) के स्तर, उपचार प्रवाह क्षमताएं, और सुविधाओं की संपूर्ण परिचालन की मुख्य विशेषताएं शामिल थी। मंत्री सिरसा ने कहा कि बीते 25 सालों में, पिछली सरकारों ने कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांटों को अपग्रेड करने के बारे में सिर्फ वादे किए, लेकिन ज़मीन पर कोई ठोस काम नहीं हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में, हमारी सरकार सीवेज ट्रीटमेंट व्यवस्था को अपग्रेड करने, कड़ी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और उन्हें प्रभावशाली तरीके से संचालित करने के लिए पर विशेष प्रयास कर रही है। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि इन कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांटों के जरिए यमुना में छोड़ा जाने वाला जल पूर्णत उपचारित और स्वच्छ हो। ओखला कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांटों की कुल क्षमता प्रतिदिन 24 एमएलडी से अधिक सीवेज को शोधित करने की है। मंत्री सिरसा ने कहा कि नेशनल एनवायर्नमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट विस्तृत सर्वे कर रहा है, जिसका उद्देश्य इन सिस्टम की टेक्नोलॉजी को अपग्रेड करना और उनकी कुल कार्यक्षमता को बढ़ाना है। यमुना नदी को हकीकत में तभी नया जीवन मिलेगा, जब एसटीपी और सीईटीपी अपनी पूर्ण क्षमता और प्रभावशाली तरीके से काम करेंगे।


## शराब की दुकान में लूट के दौरान दो कर्मियों को घायल करने के आरोपी चढ़े हत्थे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



मध्य दिल्ली के पहाड़गंज इलाके में एक सरकारी शराब की दुकान में लूट की कोशिश का विरोध करने पर इसके दो कर्मचारियों को दो हथियारबंद लोगों ने गोली मार दी और चाकू से हमला किया। बाद में दोनों उत्तर प्रदेश की ओर भाग निकले जिन्हें पीछा करके गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना शनिवार को पहाड़गंज में आरजी कॉम्प्लेक्स में स्थित एक सरकारी शराब की दुकान में रात 10.15 बजे हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी लूट के इरादे से दुकान में घुसे और कर्मचारियों के विरोध करने पर उन पर हमला कर दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपियों में से एक ने कथित तौर पर पिस्तौल से चार गोलियां चलाईं, जिनमें से तीन गोलियों का निशाना चूक गया जबकि एक गोली 37 वर्षीय सेल्समैन के सीने में लगी। उसी समय दूसरे आरोपी ने 34 वर्षीय अन्य सेल्समैन को चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने कथित तौर पर एक अन्य कर्मचारी का बटुआ भी लूट लिया जिसमें कुछ पैसे और दस्तावेज थे और फिर मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए। अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही गश्त पर तैनात एक कांस्टेबल मौके पर पहुंचा और घायलों को लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गया। आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीम गठित की गईं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और तकनीकी निगरानी का उपयोग करके उत्तर प्रदेश में उनकी गतिविधियों पर नजर रखी। पुलिस ने बताया कि देर रात चलाए गए एक अभियान के बाद आरोपियों को गाजियाबाद के साहिबाबाद से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मोंटी और हर्ष गोला के रूप में हुई है। दोनों पहाड़गंज के संगतराशन इलाके के निवासी हैं।

## सरकार ईंधन के दाम बढ़ाकर कर रही लोगों का जीना मुहाल: यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा ईंधन की कीमतों में अनुचित वृद्धि ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। किस्तों में ईंधन के दाम बढ़ा बढ़ाकर कर गरीब व मध्यम वर्गीय लोगों का जीवन असहनीय बना दिया है। पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों और असहनीय महंगाई के बीच जनता बुरी तरह से पिस रही है।

इसी 15 मई से 25 मई 2026 तक 11 दिनों में पेट्रोल की दरों में 7.40 रुपये और डीजल की दरों 7.52 रुपये की वृद्धि ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। उन्होंने कहा एक बार पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में भारी वृद्धि करके उपभोक्ताओं को अचानक झटका देने के बजाय, मोदी सरकार ने तीन-चार दिनों के अंतराल के बाद चरणबद्ध तरीके से कीमतों में बढ़ोतरी करके जनता को प्रतिदिन झटका देने का एक नया तरीका अपना लिया है। यादव ने कहा कि 15 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये की बढ़ोतरी के बाद, 19 मई को 96 पैसे और 94 पैसे, 23 मई को 94 पैसे और 95 पैसे और 25 मई को पेट्रोल 2.87 और डीजल की दरों में 2.80 रुपये की वृद्धि करके देश और दिल्लीवालों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि 11 दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में निरंतर वृद्धि सीधे तौर पर मोदी सरकार के संरक्षण में हो रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सीएनजी की कीमतों में 1 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गई है, जो अब 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम है।

यह पिछले 10 दिनों में सीएनजी की कीमतों में तीसरी वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की दरों में वैश्विक वृद्धि की आड़ में केंद्र सरकार देश की जनता पर सीधा प्रहार कर रही है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में यह बढ़ोतरी मोदी सरकार ने तब की है जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 91 से 98 डॉलर प्रति बैरल के बीच हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अधिक होने पर घरेलू उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पाद सस्ते दामों पर उपलब्ध कराई जाती थी। लेकिन फिर भी भाजपा नेता शोर मचाते थे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फैसल** पुत्र मोहम्मद गफ्फार, निवासी मकान नंबर C-216, गली नंबर 08, चौहान बांगर, दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 659/2022 धारा 380/411 भा.द.स, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फैसल** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **फैसल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्‌घोषणा कि जाती है की उक्त अभियुक्त **फैसल, प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 659/2022 धारा 380/411 भा.द.स, थाना जाफराबाद, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री अनुष्ठा श्रीवास्तव एलडी**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
कमरा संख्या 07
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/5910/N/2026

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा **82 Cr.PC./84BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **तस्लीम उर्फ भूरा**, पुत्रः शहनवाज, **पताः** म.नं. B-313, पुरानी सीमापुरी, दिल्ली, ने **FIR No.: 234/2020, U/s: 186/353/332 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, नई दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **तस्लीम उर्फ भूरा**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **तस्लीम उर्फ भूरा**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No.:234/2020, U/s: 186/353/332 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, नई दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **तस्लीम उर्फ भूरा**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी—11, केंद्रीय, कोर्ट सं. 138, पहली मंजिल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/6760/N/2026
(Court Matter)

### अदालत ने अलका लांबा को पुलिस हमले के मामले में दोषी ठहराया

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कांग्रेस नेता अलका लांबा को 2024 में जंतर-मंतर पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमले से संबंधित एक मामले में दोषी ठहराया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्वनी पंवार ने लांबा को दोषी ठहराया और लांबा की सजा पर दलीलें सुनने के लिए पांच जून की तारीख तय की। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। अभियोजन पक्ष ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष लांबा पर 29 जुलाई 2024 को जंतर-मंतर पर महिला आरक्षण के समर्थन में किए जा रहे विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस के काम में बाधा डालने और सार्वजनिक सड़क को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया है। मजिस्ट्रेट अदालत ने पिछले साल दिसंबर में एक आदेश दिया था कि मामले में लोक सेवक को कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए हमला या आपराधिक बल प्रयोग करने, लोक अधिकारी के कार्य में बाधा डालने, लोक सेवक की ओर से विधिवत जारी किए गए आदेश की अवज्ञा करने और सार्वजनिक मार्ग में खतरा या बाधा उत्पन्न करने के अपराधों के लिए आरोप तय किए जाएं। लांबा की मजिस्ट्रेट के आदेश के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका को छह फरवरी को खारिज कर दिया गया था।

## महिला मित्र से वीडियो कॉल पर बात करते हुए युवक ने की आत्महत्या

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के लाल बाग क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक ने अपनी महिला मित्र से वीडियो कॉल पर बात करते हुए कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि लोकेश कुमार उत्तरी दिल्ली में अपनी मां, छोटे भाई व बहन के साथ एक किराए के घर में रहता था और एक कारखाने में काम करता था। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया कि लोकेश और एक महिला के बीच कथित तौर पर प्रेम प्रसंग था तथा हाल में दोनों में कुछ विवाद हुआ था। पुलिस ने बताया कि उसका शव अपने कमरे में फंदे से लटका मिला।

सूत्रों ने बताया कि जब लोकेश की महिला मित्र ने उसे वीडियो कॉल के दौरान कथित तौर पर यह कदम उठाते देखा तो उसके परिवार के लोगों को सूचित किया। घटना के समय परिवार के लोग घर की छत पर सो रहे थे। फोन कॉल उठाने के बाद, परिवार के लोग नीचे आए और कमरे का दरवाज़ा खोलने की कोशिश की जो अंदर से बंद था। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस घटना के संबंध में शनिवार रात आदर्श नगर थाने को सूचना मिली जिसके बाद एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस दरवाज़ा तोड़कर अंदर दाखिल हुई।पुलिस दल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बताया कि लोकेशन को बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध डेयरियों को किया गया ध्वस्त

# मुनक नहर पर नगर निगम ने की कार्रवाई



- विभिन्न जोनों में की गई कार्रवाई में 30 आवारा पशु पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के पशु चिकित्सा सेवा विभाग, केशवपुरम ज़ोन ने अवैध डेयरियों एवं आवारा पशुओं के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त अभियान चलाया। निगम प्रशासन ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि मुनक नहर क्षेत्र में मेंटेनेंस विभाग एवं जेसीबी मशीनों के सहयोग से रविवार को की गई इस कार्रवाई के दौरान कई अवैध डेयरी ढांचों को ध्वस्त किया गया तथा बड़ी संख्या में आवारा पशुओं को पकड़ा गया। इस विशेष अभियान में रोहिणी ज़ोन, केशवपुरम ज़ोन, नरेला ज़ोन, सिविल लाइंस ज़ोन, ग्रीन पार्क ज़ोन एवं शाहदरा नॉर्थ ज़ोन के पशु चिकित्सा सेवा विभागों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। कार्रवाई मुनक नहर, रामपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, निमड़ी कॉलोनी, अशोक विहार, त्रि नगर एवं शांति नगर क्षेत्रों में की गई।

निगम प्रशासन ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 30 आवारा पशुओं को पकड़ा गया। निगम अधिकारियों के अनुसार अवैध डेयरियों एवं आवारा पशुओं के खिलाफ यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता, यातायात व्यवस्था एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा में राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय में ब्वॉयज हॉस्टल और गर्ल्ज हॉस्टल भवनों में ई.आई. की विशेष मरम्मत का प्रावधान। | 21.05.2026 28.05.2026 | 11.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | बरवाला, जिला हिसार में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स, बरवाला को ज्यूडीशियल कोर्ट्स में परिवर्तित किये जाने की विशेष मरम्मत (एलएएन, ईपीएबीएक्स और पीए सिस्टम का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 23.05.2026 29.05.2026 | 90.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द में सी.एस. क्षेत्र में 2700 वर्ग फुट क्षेत्र दो मंजिला भवन में एए-1 और एए-2 आवास की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.05.2026 | 16.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज करनाल | मंजूरा - गबांव मंजूरा ब्लॉक चिराव में राजकीय विद्यालय के निकट बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 5 कार्य। | 23.05.2026 03.06.2026 | 64.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज करनाल | गांव जयसिंहपुरा, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण का विस्तृत आकलन, स्कीम एचजीवीवाई + 2 कार्य। | 21.05.2026 29.05.2026 | 146.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज करनाल | गांव कुटैल ब्लॉक धरौंडा में पीएनबी तालाब का विकास + 2 कार्य। | 20.05.2026 01.06.2026 | 114.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव मटक माजरी ब्लॉक इन्द्री, जिला करनाल में इंडोर स्वीमिंग पूल में ई.आई. का प्रावधान। | 21.05.2026 28.05.2026 | 9.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव खेड़ी गुजरान ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, एसएफसी। | 19.05.2026 28.05.2026 | 51.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 9 | जिला परिषद फतेहाबाद | नेहला - गांव नेहला ब्लॉक भुना, जिला फतेहाबाद में पीएचसी का निर्माण (1648-82 01.07.2025)। | 20.05.2026 02.06.2026 | 424.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा फतेहाबाद | फतेहाबाद डिस्टी. आरडी 78000-182550 की सफाई + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.05.2026 | 21.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | फतेहाबाद जिले के गांव मोहम्मदपुर रोही (एमपी रोही), बडोपल, भट्टू, गोरखपुर में बाढ़ सुरक्षा और पानी निकालने के कार्यों हेतु 5 सीएस वीटी पम्प्स के लिए उपयुक्त (सोलिड शाफ्ट स्क्वायरल केज) 30 एचपी मोटर्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन। | 22.05.2026 01.06.2026 | 9.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पानीपत | खरीफ 2026 से पूर्व आरडी 49607 से 85908 तक इसराना डिस्टी. की आंतरिक सफाई हेतु आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 28.05.2026 | 37.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 13 | बी.पी.एस. राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत | केन्द्रीय रोगाणुहीन आपूर्ति विभाग (सीएसएसडी) में मशीनरी और उपकरण के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा + 3 कार्य (श्रेणी-सेवाएं)। | 26.05.2026 10.05.2026 | ईएमडी 1.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 14 | कृषि एवं किसान कल्याण फतेहाबाद | गांव जंडवाला बागेर, भट्टू कलां, फतेहाबाद में ड्रेनेज भूमिगत पाइप लाइन। | 21.05.2026 04.06.2026 | 135.68 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7075350133 ascodbfatehabad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/280/45567/I/88/7 दि. 25.05.26

## पॉलिसी ही नहीं, खुद मिसाल बनकर सरकार दे रही बदलाव का संदेश : सीएम

# मेट्रो मंडे : मेट्रो और बस से सचिवालय पहुंची सीएम रेखा, लोगों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लगातार दूसरे सोमवार 'मेट्रो मंडे' पहल के अंतर्गत अपने आवास से दिल्ली सचिवालय तक मेट्रो और डीटीसी बस के माध्यम से यात्रा की। इस दौरान उन्होंने राजधानी के नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईंधन संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और यातायात प्रबंधन में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर दिल्ली सरकार द्वारा शुरू किए गए 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान का उद्देश्य नागरिकों को सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना तथा ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देना है। मेट्रो और बस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने यात्रियों से संवाद भी किया और उनके अनुभवों को जाना। उन्होंने कहा कि यह देखकर संतोष होता है कि बड़ी संख्या में दिल्लीवासी सार्वजनिक परिवहन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं।

### सार्वजनिक परिवहन अपनाने से प्रदूषण घटेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन का उपयोग केवल व्यक्तिगत सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रहित से भी जुड़ा हुआ विषय है। प्रत्येक मेट्रो यात्रा, प्रत्येक बस सफर और प्रत्येक साझा यात्रा ईंधन की बचत, कार्बन उत्सर्जन में कमी और बेहतर शहरी जीवन के निर्माण में योगदान देती है। अगर अधिक से अधिक नागरिक सार्वजनिक परिवहन अपनाते हैं तो इससे सड़कों पर वाहनों का दबाव कम होगा, प्रदूषण घटेगा, यात्रा समय में सुधार होगा और देश की ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी।

इससे न केवल लोगों को सुरक्षित, किफायती और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलता है, बल्कि राजधानी में प्रदूषण और ट्रैफिक दबाव को कम करने में भी मदद मिलती है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार राजधानी के सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क को और अधिक सशक्त, आधुनिक और नागरिक-अनुकूल बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, इलेक्ट्रिक बसों की संख्या में वृद्धि, बस सेवाओं के आधुनिकीकरण, अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने और शेयर्ड मोबिलिटी को प्रोत्साहन देने जैसे अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य दिल्ली को स्वच्छ, हरित और भविष्य के लिए तैयार परिवहन व्यवस्था प्रदान करना है। सरकार केवल नीतियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि

# 'आप' ने स्वास्थ्य विभाग पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ सीबीआई जांच के मुताबिक, नियमों को दरकिनार कर 350 करोड़ रुपए का टेंडर कर उपकरण खरीदे गए : झा

आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने सोमवार को दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग में दवाइयों और उपकरणों की खरीद में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दवाइयों और उपकरण खरीद में गड़बड़ी की जांच कर रही सीबीआई के मुताबिक, नियमों को दरकिनार कर 350 करोड़ रुपए के टेंडर किए गए।

जब अस्पतालों ने जरूरत नहीं बताकर उपकरण लेने से इन्कार कर दिए तो पांच बड़े अस्पतालों में उसे डम्प कर दिया गया। सीबीआई ने यह भी पाया कि रंगीला बंधु और उसके सिंडिकेट को सारे दवा-उपकरण खरीद के टेंडर देने के लिए यह व्यवस्था बनाई गई। इसलिए सीएम रेखा गुप्ता बताएं कि क्या यह भ्रष्टाचार उनकी जानकारी में हो रहा था और क्या अब दोषियों पर कार्रवाई होगी। संजीव झा ने प्रैसवार्ता में कहा कि स्वास्थ्य विभाग में दवाइयों और उपकरणों की खरीद सीपीए करता है। 'आप' सरकार के दौरान 'निरंतर' नामक एक पोर्टल होता था। अगर किसी अस्पताल को उपकरण या दवाइयों की जरूरत हो, तो वह अपनी जरूरत उस पोर्टल पर डालता था। इसके बाद वह जानकारी सीपीए को मिलती थी, सीपीए उसका टेंडर निकालता था, वेंडर अलॉट होता था और वेंडर वह सामान अस्पताल तक पहुंचाता था। यह सारी प्रक्रिया ऑनलाइन विजिबल थी। किस अस्पताल को कब दवा खरीदनी है, अगर 40 फीसद स्टॉक रह गया है तो अप्लाई करेंगे, 25 फीसद स्टॉक रहने पर दवाई आ जानी चाहिए, यह सारी चीजें उस पोर्टल पर सुनिश्चित थीं। उस पारदर्शी व्यवस्था में किसी तरह के भ्रष्टाचार की कोई संभावना नहीं होती थी। संजीव झा ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने सबसे पहला काम इसी 'निरंतर' पोर्टल को बंद करने का किया।

## खबर संक्षेप

### एलएनजेपी और मालवीय अस्पताल को मिला एनक्यूएएस सर्टिफिकेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल और पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल को केंद्र सरकार ने 'नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स' (एनक्यूएएस) ढांचे के अंतर्गत प्रतिष्ठित 'गुणवत्ता प्रमाणित' मान्यता प्रदान की गई है। इस बात की जानकारी सोमवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि लोक नायक जय प्रकाश (एलएनजेपी) अस्पताल ने राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रक्रिया में 95.89 फीसदी का प्रभावशाली स्कोर हासिल किया, जबकि पंडित मदन मोहन मालवीय अस्पताल ने 96.72 प्रतिशत अंक लाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### आर्य वीर दल ने किया चरित्र निर्माण शिविर का आयोजन

नई दिल्ली। आर्य वीर दल के प्रांतीय संचालक जगवीर आर्य के निर्देशन में पंजाबी बाग स्थित हंसराज मॉडल स्कूल में 9 दिवसीय शिविर शुरू हुआ। इसका भव्य उद्घाटन समाज सेवी ठाकुर विक्रम सिंह ने किया। शिविर अध्यक्ष सार्वदेशिक आर्य वीर दल के सेनापति आचार्य नंद किशोर ने आर्य वीरों को आत्म विकास के साथ देश सेवा का संकल्प कराया। आर्य नेता सुरेंद्र रैली, जोगेंद्र खट्टर, सत्यानंद आर्य, विवेक, रविदेव, राकेश आर्य ने शिविरार्थियों को प्रेरक विचारों से संबोधित किया और प्रेरणा दी। वहीं, महामंत्री बृहस्पति आर्य, सुंदर आर्य, उपसंचालक वीरेश आर्य, पवन आर्य, रोहताश आर्य, वाचस्पति शास्त्री, संजय आर्य, यश आर्य, संदीप आर्य ने राष्ट्र सर्वोपरि का भाव रखते हुए प्रत्येक युवा को अपनी भूमिका निभाने का आवाहन किया।

# गर्मी में लोगों का सहारा बने 'मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट'




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दिल्ली सरकार हर जरूरतमंद तक राहत पहुंचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कर रही है कार्य : रेखा गुप्ता

दिल्ली में लगातार पड़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव के बीच दिल्ली सरकार लोगों को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। राजधानी के सभी 13 जिलों में 'मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स' और 'कूलिंग ज़ोन' के माध्यम से आम नागरिकों, श्रमिकों, यात्रियों और जरूरतमंद लोगों को गर्मी से बचाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। इस बात की जानकारी सोमवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य केवल प्रशासन चलाना नहीं, बल्कि हर नागरिक की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करना है।

भीषण गर्मी के इस दौर में सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ जमीन पर काम कर रही है ताकि कोई भी व्यक्ति गर्मी के कारण परेशान न हो। मोबाइल हीट रिलीफ यूनिट्स और कूलिंग जोन जैसी पहलें सरकार की जनसेवा और मानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती हैं। दिल्ली सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और जरूरत के अनुसार राहत व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि राजधानी के विभिन्न जिलों में विशेष 'कूलिंग ज़ोन' भी स्थापित किए हैं, जहां लोगों को कुछ समय आराम करने और गर्मी से राहत पाने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विशेष रूप से आम नागरिकों, रिक्शा चालक, श्रमिकों और खुले में काम करने वाले लोगों को ध्यान में रखते हुए इन कूलिंग ज़ोन को तैयार किया गया है।

प्रत्येक कूलिंग ज़ोन में 100 कुर्सियों की बैठने की व्यवस्था, ठंडा पेयजल, 5 डेजर्ट कूलर और 5 फर्राटा पंखे लगाए गए हैं ताकि लोगों को आरामदायक वातावरण मिल सके। इसके अतिरिक्त वहां ओआरएस पैकेट, कैप, गमछे और प्राथमिक उपचार किट की भी व्यवस्था की गई है। इन कूलिंग ज़ोन के संचालन और सहायता के लिए प्रत्येक स्थान पर 10 सिविल डिफेंस वालंटियर्स तैनात किए गए हैं। वर्तमान में पुरानी दिल्ली जिले में 5, उत्तर-पूर्व जिले में एक, उत्तरी जिले में एक, पूर्वी जिले में 5, सेंट्रल नॉर्थ जिले में 1 और सेंट्रल जिले में एक कूलिंग ज़ोन (कुल 14) स्थापित किए जा चुके हैं। शेष जिलों में भी इस सप्ताह के भीतर इसी प्रकार की सुविधाएं शुरू की जा रही हैं।

### युवाओं के बीच तम्बाकू की चुनौती गंभीर चिंता का विषय

नई दिल्ली। भारत में बच्चों और किशोरों के बीच तम्बाकू और निकोटिन की लत एक गंभीर जन स्वास्थ्य और सामाजिक चुनौती बनी हुई है। जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं और युवा प्रतिनिधियों ने युवाओं को तम्बाकू और निकोटिन उत्पादों से बचाने के लिए तत्काल, समन्वित और सतत कार्रवाई का आह्वान किया। यह आह्वान विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 2026 के अवसर पर सामाजिक कार्य विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय और सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसाइटी (एसईईडी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय परामर्श के दौरान किया गया। यह परामर्श 'आकर्षण को बेनकाब करना - निकोटिन और तम्बाकू की लत का मुकाबला करना' विषय के अंतर्गत आयोजित किया गया। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे- 4 का उल्लेख करते हुए, विशेषज्ञों ने रेखांकित किया कि भारत में 13-15 वर्ष आयु वर्ग के स्कूल जाने वाले 8.5 प्रतिशत बच्चे किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं। लड़कों में तम्बाकू सेवन 9.6 प्रतिशत और लड़कियों में 7.4 प्रतिशत है, जबकि लगभग 29.5 प्रतिशत विद्यार्थी परोक्ष धूम्रपान के संपर्क में आते हैं।

# रूस, ईरान से सस्ता तेल क्यों नहीं खरीद रही केंद्र सरकारः केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पेट्रोल और डीजल की कीमतों में सोमवार को दो सप्ताह से भी कम समय में चौथी बार वृद्धि किए जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि केंद्र रूस और ईरान से ईंधन क्यों नहीं खरीद रहा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक वीडियो संदेश में कहा कि तेल की कीमतें फिर बढ़ गई हैं। रूस और ईरान हमें सस्ता और पर्याप्त तेल तथा गैस देने को तैयार हैं। केंद्र सरकार उनसे सस्ता तेल क्यों नहीं खरीद रही। केजरीवाल ने कहा कि देश के 140 करोड़ लोग बढ़ती महंगाई के कारण परेशानियां झेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की क्या मजबूरियां हैं। 140 करोड़ लोग परेशानियां झेलने को मजबूर हैं, फिर भी हम रूस या ईरान से तेल नहीं खरीद रहे। केजरीवाल ने आम नागरिकों से इस मुद्दे पर अपनी राय उन्हें भेजने की अपील भी की। उल्लेखनीय है कि देश में सोमवार को पेट्रोल के दाम में 2.61 लीटर और डीजल की कीमत में 2.71 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई। पिछले दो सप्ताह से भी कम समय में यह चौथी बार है जब कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। इस ताजा बढ़ोतरी के साथ, 15 मई से लेकर पेट्रोल और डीजल के दामों में कुल मिलाकर करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो चुकी है।

### गरीबों को बेघर कर रही भाजपा सरकारः आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली की भाजपा सरकार गरीबों को बेघर कर रही है। यह बात सोमवार को दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने शालीमार बाग विधानसभा में सड़क किनारे स्थित घरों को तोड़ने की नोटिस मिलने से परेशान परिवारों से मुलाकात करने के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने घरों को टूटने से बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर कोर्ट तक लड़ने का भरोसा देते हुए कहा कि जिन गरीबों ने वोट देकर रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया, आज वह उन्हीं लोगों को बेघर करने पर उतारू हैं। जिस सड़क को चौड़ा करने के नाम पर गरीबों के घर तोड़े जा रहे हैं, उसे केजरीवाल सरकार ने चौड़ा किया था और हर तरह के वाहन गुजरते हैं। ऐसे में सड़क को और चौड़ा क्यों किया जा रहा है।

# हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल और आयुर्वेद चरक संस्थान बीच हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ यह साझेदारी आयुष कार्यबल के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी : डॉ. पंकज

आयुष क्षेत्र में कौशल विकास और रोजगार के अवसरों को और अधिक मजबूत करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल (एचएसएससी) ने चौधरी ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेद चरक संस्थान के साथ एक समझौता ज्ञापन पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का मकसद एचएसएससी-सब-काउंसिल ऑन आयुष की देखरेख में आयुर्वेद और इससे जुड़ी पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियों में व्यावसायिक प्रशिक्षण, प्रमाणन और कार्यबल विकास को बढ़ावा देना है। मंत्री डॉ. पंकज ने बताया कि इस सहयोग का उद्देश्य आयुष के प्रमुख क्षेत्रों, जैसे आयुर्वेद आहार एवं पोषण, क्षारकर्म, आयुर्वेद डाइट, योग वेलनेस ट्रेनर, आयुर्वेद मसाज थेरेपिस्ट, पंचकर्म असिस्टेंट और पंचकर्म तकनीशियन आदि में 'राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क' के अनुरूप विशेष कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करना है। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि हेल्थकेयर सेक्टर स्किल काउंसिल के जरूरत के हिसाब से कौशल विकास प्रणाली को सीबीपीएसीएस की क्लिनिकल विशेषज्ञता और शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ जोड़ते हुए यह पहल पारंपरिक शिक्षा प्रणाली के साथ उद्योग की बदलती जरूरत के बीच सेतु का काम करेगी। यह साझेदारी आयुष क्षेत्र में कौशल-आधारित शिक्षा को स्टैंडर्डाइजड करने के साथ-साथ रोजगार, उद्यमिता और व्यावसायिक प्रमाणन के लिए स्थाई अवसरों के निर्माण पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।

# पालम में पीने के पानी की दिक्कत से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पश्चिमी दिल्ली अंतर्गत पालम क्षेत्र के पूरन नगर की चुनिंदा गलियों में गत लगभग 15 दिनों से पीने के पानी की भारी किल्लत से स्थानीय लोग बुरी तरह त्रस्त है। स्थानीय लोगों को कहना है कि पूरन नगर की 7, 9 और 11 नंबर गली में गत लगभग 15 दिन से पीने का पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में इन गलियों में रहने वाले लोगों को इस भीषण गर्मी में एक एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। सेंगल नामक व्यक्ति का कहना है कि पीने के पानी की किल्लत के चलते लोगों को बोतल बंद महंगा पानी खरीदना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि पीने के लिए महंगा पानी खरीदना मजबूरी है, लेकिन नहाने धोने सहित अन्य कार्यों के लिए पानी कहां से लाएं। पूरन नगर के लोगों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से अपील करते हुए कहा है कि इस भीषण गर्मी में पीने के पानी की समस्या को तुरंत हल किया जाए। लोगों ने कहा कि अगर सीएम भी हमारी गुहार नहीं सुनेगी तो हमें किसी से कोई उम्मीद नहीं है। अगर समस्या हल नहीं हुई तो आगे जो भी जरूरी कदम उठाना पड़े, उठाएगें।

### 'बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, उनकी सोच को अपने जीवन में उतारना'

**नई दिल्ली।** अम्बेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली (एयूडी) की कुलपति प्रो. अनु सिंह लाठर ने कहा कि बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि देने का सबसे बड़ा तरीका यह है कि उनकी जो सोच रही है, उसको आप अपने रोजमर्रा के जीवन में उतारें। प्रो. लाठर दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग, उत्तरी परिसर में 'संवैधानिकता, समानता और आंबेडकर की विरासत' विषय पर आयोजित एक चर्चा की अध्यक्षता करते हुए बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी।

## तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

# सीजन की सबसे गर्म रात के साथ नौतपा का आगाज, दो जून तक शरीर झुलसाएगी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में इस सीजन की सबसे गर्म रात 24 मई के रूप में दर्ज हुई जब न्यूनतम पारा 32.4 डिग्री दर्ज हुआ। वहीं सोमवार से नौतपा शुरू हो रहा है जो 2 जून 2026 तक तपाएगा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार रविवार रात को दिल्ली में इस सीजन की सबसे गर्म रात दर्ज हुई।

न्यूनतम तापमान बढ़कर 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 5.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। आईएमडी के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य तापमान से 3.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। सोमवार से ही नौतपा की शुरुआत हुई जो 2 जून 2026 तक चलेगा। माना जाता है कि इन नौ दिनों में बेहद अधिक गर्मी पड़ती है, शरीर को बुरी तरह झुलसाने वाली लू चलती है। निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में भीषण गर्मी और शुष्क मौसम का दौर लगातार बना हुआ है। हालांकि, दिल्ली के अधिकांश मौसम केंद्रों पर तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार नहीं पहुंचा, इसलिए औपचारिक रूप से अधिकांश स्थानों पर हीटवेव घोषित नहीं की गई। स्काईमेट वेदर का अनुमान है कि अगले तीन दिनों तक यानी 27 मई तक ऐसा ही गर्म और शुष्क मौसम बना रहेगा।

### बिजली खपत पहुंची आठ हजार मेगावाट पार

नई दिल्ली। भीषण गर्मी के चलते सोमवार को इस सीजन की सबसे अधिक साढ़े आठ हजार मेगावाट के करीब बिजली खपत दर्ज हुई। यह आंकड़ा ऑल टाइम रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंच गया है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार 25 मई 2026 सोमवार दोपहर 3.35 बजे अधिकतम बिजली की मांग का आंकड़ा बढ़कर 8439 मेगावाट दर्ज हुआ जो, इस सीजन की सबसे ज्यादा खपत है। वहीं इस सीजन में दूसरी बार ऐसा हुआ है कि न्यूनतम बिजली की मांग का आंकड़ा भी बढ़कर 5343 मेगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर दर्ज हुआ है। बावजूद इसके अभी भी दिल्ली के ऑल टाइम रिकॉर्ड 19 जून 2024 को 8656 मेगावाट खपत से दूर है। बिजली की मांग को लेकर निजी आपूर्ति कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का दावा है कि इस अत्याधिक मांग के बावजूद निर्बाध आपूर्ति की गई।

### भाजपा सरकार रेहड़ी पटरी वालों से इंस्पेक्टर राज द्वारा अवैध वसूली की कर रही है तैयारी : देवेंद्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा की दिल्ली सरकार राजधानी में रेहड़ी पटरी लगाकर अजीविका कमाने वाले लाखों गरीबों से इंस्पेक्टर राज द्वारा अवैध वसूली करने की तैयारी कर रही है। यादव ने कहा कि दिल्ली में बढ़ती महंगाई में लोगों के घरों के बाहर तक सस्ती दरों पर फल, सब्जी, सहित रोजमर्रा की वस्तुओं को मुहैया कराने वाले करीब 5 लाख से अधिक रेहड़ी पटरी वालों को अब भाजपा उजाड़ने जा रही है। लेकिन यह उजाडने का कार्य कांग्रेस के समय बनाए गए रेहड़ी पटरी कानून 2014 के खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की केन्द्र सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स अजीविका संरक्षण एवं स्ट्रीट वेंडिंग विनियमनद्ध अधिनियम 2014 को दिल्ली सहित देश भर में लाखों लोगों रेहड़ी, पटरी और खोमचा लगाकर अपनी अजीविका चलाने वाले का अधिकार दिया था। जिसमें सभी राज्यों को एक्ट को लागू करने के दिशा निर्देश दिए गए थे। लेकिन राजधानी में पिछले 12 वर्षों में अरविंद केजरीवाल की सरकार व वर्तमान सरकार रेहड़ी पटरी वालों को लाइसेंस देने में पूरी तरह नाकाम रही है। यादव का गंभीर आरोप है कि लगातार दिल्ली नगर निगम, दिल्ली पुलिस व सहायक एजेंसियां करीब 5 लाख से अधिक रेहड़ी पटरी वालों से अवैध वसूली करती आ रही है और अब उन पर जुर्माना लगाने की तैयारी कर रही है।



## खबर संक्षेप

### कैंसर रोग जांच शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** पर्वतीय कॉलोनी स्थित आरोग्य हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से एक विशाल निःशुल्क हड्डी एवं कैंसर रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी जांच कराकर लाभ उठाया। कुमार एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. नोवक गुप्ता ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया।

### मंदिर से चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने मंदिर से चोरी करने के मामले में एक आरोपी अजय निवासी गांव पलवली हाल झुग्गी अमोलिक चौक सेक्टर-85 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि भारत राजपाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि 18-19 मई की रात को कोई अज्ञात व्यक्ति मंदिर से दान पात्र तथा एक पीतल का घंटा चोरी करके ले गया।

### अश्लील फोटो अपलोड करने पर आरोपी को दबोचा




**फरीदाबाद।** फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट पर एआई के माध्यम से अश्लील फोटो बनाकर अपलोड करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद निवासी एक युवती ने थाना डबुआ में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी आकाश नामक युवक के साथ जान-पहचान थी, आकाश में एक फर्जी इंस्टाग्राम अकाउंट बनाकर शिकायतकर्ता की अश्लील फोटो फर्जी अकाउंट पर अपलोड करनी शुरू कर दी।

### आदि गौड़ ब्राह्मण सभा ने कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल से मुलाकात की

# महामंत्री शास्त्री ने कहा-गौड़ ब्राह्मण सामान्य जाति की सूची में इंद्राज हो, इंद्राज करवाने मंत्री को दिया प्रार्थना पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



आदि गौड़ ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों ने सोमवार को कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल से मिलकर नूंह, गुरुग्राम, रिवाड़ी, पलवल व फरीदाबाद सहित सभी जिलों में रहने वाले आदि गौड़ ब्राह्मण जाति के लोगों को गौड़ ब्राह्मण सामान्य जाति की सूची में इंद्राज करवाने बारे प्रार्थना पत्र दिया।

उपरोक्त जिलों के आदि गौड़ ब्राह्मण जाति के लोगों की जाति मूल रूप से आदि गौड़ ब्राह्मण है लेकिन हरियाणा प्रदेश के राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में इनकी जाति के कॉलम में इनकी जाति खाती, बढ़ई, लुहार, ब्राह्मण आदि गौड़ ब्राह्मण जाति व्यवसाय के आधार पर गलत रूप में दर्ज है। इनकी जाति का शुद्ध संशोधन करते हुए आदि गौड़ ब्राह्मण जाति के नाम से हरियाणा प्रदेश के राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में आदि होना चाहिए। आदि गौड ब्राह्मण समाज फरीदाबाद के महामंत्री तुलाराम शास्त्री के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने विपुल गोयल कैबिनेट मंत्री हरियाणा से मिला और एक ज्ञापन दिया है।

क्योंकि आदि गौड़ ब्राह्मण जाति से संबंध रखने वाले लोग मुगल कालीन शासन में अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए मजबूरी में मजदूरी करने में, अपनी जाति और धर्म बचाने हेतु लकड़ी का काम, लोहे का काम, कुछ लोग पंडिताई का काम करने लगे। इन व्यावसायिक कार्यों को करने के आधार पर इनकी जाति का नाम आदि गौड़ ब्राह्मण जाति के स्थान पर खाती, बढ़ई, लुहार, ब्राह्मण, गौड़ ब्राह्मण, आदि गौड़ ब्राह्मण जाति के नाम गलती से राजस्व विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज हो गया था। इसके कारण इनकी मूल जाति आदि गौड़ ब्राह्मण प्रायः लुप्त सी होने लगी है। ऐसा होने से हमारी मूल जाति आदि गौड़ ब्राह्मण है जो कुछ समय पश्चात लुप्त ही हो जायेगी जोकि ब्राह्मण जाति मंत एक उप.जाति है एवं सवर्ण जाति, या सामान्य जाति में आती।

### तीन कर्मचारियों को ढ़ाई-ढ़ाई लाख रुपए के चैक वितरित किए गए

# हरियाणा पुलिस की शगुन योजना-बेटी की शादी पर पुलिस विभाग दे रहा है ढाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



हरियाणा पुलिस द्वारा पुलिस कर्मचारियों के कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक हरियाणा अजय सिंघल के मार्गदर्शन में पुलिस कर्मचारियों की बेटियों के विवाह के लिये शगुन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा कर्मचारी की एक बेटी के विवाह पर 2,50,000 की आर्थिक सहायता शगुन स्वरूप प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत दो बेटियों की शादी तक ही आर्थिक सहायता मिलेगी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार 25 मई 2026 को पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती हिमाद्री कौशिक द्वारा फरीदाबाद पुलिस के 3 कर्मचारियों को शगुन योजना के तहत ढ़ाई-ढ़ाई लाख रुपए के चेक वितरित किये गये हैं। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय हिमाद्री कौशिक ने कहा कि हरियाणा पुलिस अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

### आरोपियों की तलाश में जुटी टीमें

# गर्ल फ्रेंड के रूम में की थी पत्नी की हत्या, बाथरूम से सड़ा हुआ शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



मानेसर एरिया में युवक द्वारा लिव इन पार्टनर के रूम में ले जाकर पत्नी की हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपी पति अंकित अपनी पत्नी मधु को स्कूटी पर बैठाकर अपनी गर्लफ्रेंड के घर ले गया था। गर्लफ्रेंड के घर पर पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी ने शव बाथरूम में बंद कर दिया और उस पर ताला लगाकर अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया। कमरे से बदबू आने के बाद जब लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सड़ी हुई अवस्था में शव को बरामद किया।

पुलिस के मुताबिक, मधु के पिता अशोक ने आरोप लगाया कि 21 मई को अंकित और उसके परिजनों ने उनके घर आकर झूठी कहानी बताई कि मधु घर से ज्वेलरी लेकर फरार हो गई। जब वह पुलिस को रिपोर्ट लिखवाने गए, तो अंकित 22 मई को अचानक लापता हो गया। अब मधु की डेडबॉडी मिलने के बाद मधु की बेरहमी से हत्या किए जाने का खुलासा हुआ है। मधु के पिता ने पुलिस को बताया कि मधु की शादी 19 फरवरी को मानेसर गांव के रहने वाले अंकित भगत से हुई थी। अंकित कोई नौकरी नहीं करता था। शादी के बाद सब ठीक था, लेकिन 21 मई को अचानक मधु संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। मधु का कुछ पता नहीं लगा तो मायके वालों ने ससुराल पक्ष से पूछताछ की। काफी दबाव देने के बाद अंकित के परिजनों ने कहा कि मधु घर से गहने लेकर भाग गई। इस पर मधु के मायके वालों को शक हुआ और उन्होंने मानेसर थाना पुलिस को मधु के गुमशुदा होने की जानकारी दी। जांच के दौरान पुलिस को पता लगा कि अंकित मधु को अपने साथ स्कूटी पर लेकर गया था। पुलिस और मायके वालों का शव अंकित पर गहरा हो गया। आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं।

# डा. ब्रह्म दीप ने स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए गुणवत्ता सुधार के दिशा-निर्देश, निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. ब्रह्म दीप ने सिविल अस्पताल और एफआरयू का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के निदेशक (स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ.ब्रह्म दीप ने जिला फरीदाबाद का दौरा कर विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की कार्यप्रणाली, क्रियान्वयन एवं निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल फरीदाबाद, सेक्टर-3 स्थित एफआरयू. टू तथा एसडीसीएच बल्लभगढ़ का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। सिविल अस्पताल फरीदाबाद में डॉ. ब्रह्म दीप ने आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही सुविधाओंए माइनर ऑपरेशन थिएटर, कैजुअल्टी तथा विभिन्न स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने व्यापक अनुभव के आधार पर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा गुणवत्ता मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों की आयुष्मान भारत योजना के तहत स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के पात्र लाभार्थियों को योजना का पूरा लाभ मिल सके। सेक्टर-3 स्थित एफआरयू टू के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सुविधा केंद्र का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा अधिक से अधिक मरीजों का उपचार वहीं किया जाए, जिससे जिले की अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं पर पडऩे वाले भार को कम किया जा सके। उन्होंने वहां कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात करने के भी निर्देश दिए।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **राजू उर्फ प्रवेश पुत्रः** ठाकुर प्रसाद, **पताः** मकान नंबर बी–236, राजीव नगर, बेगमपुर, दिल्ली ने **FIR No. 872//2016 U/s 408 IPC, थानाः बेगमपुर, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ प्रवेश**, मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ प्रवेश,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 872//2016 U/s 408 IPC, थानाः बेगमपुर, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राजू उर्फ प्रवेश,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विवेक बेनिवाल
एसीजेएम कमरा नंबर 101
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6653/RD/2026
(Court Matter)


### हरियाणा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# पश्चिम बंगाल की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं का बिप्लब देव के आवास पर सहभोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में हरियाणा प्रदेश के प्रवासी कार्यकर्ताओं के लिए सहभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के सह-प्रभारी बिप्लब कुमार देब के आवास पर हुआ। इस अवसर पर हरियाणा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मानेसर नगर निगम से भाजपा के मेयर प्रत्याशी रहे सरपंच सुंदर लाल यादव, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, जुलाना विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी योगेश बरागी, हथीन विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज रावत, महेंद्रगढ़ जिले के पूर्व जिला महामंत्री अमित मिश्रा, भाजयुमो पलवल जिले के प्रभारी कुशल ठाकुर, कुरुक्षेत्र जिले के पूर्व अध्यक्ष रवि बतान, पलवल जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवत्तिया, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव गंगवा और प्रिय यादव, सुरेश भारद्वाज, जितेंद्र सिंह, पारस जैन सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। बिप्लब कुमार देब ने पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनने पर सभी कार्यकर्ताओं का स्मृति चिन्ह और पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर मेहनत करने वाले कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। कार्यक्रम में शामिल एक कार्यकर्ता ने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता को इतना मान-सम्मान, स्नेह मिलने से सभी में संगठन के प्रति समर्पण और ऊर्जा का नया संचार हुआ है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिप्लब देव का आत्मीय व्यवहार उन्हें आने वाले चुनावों में और अधिक जोश के साथ काम करने की प्रेरणा देता है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे बड़े ओहदे पर रहने के बाद भी बिप्लब कुमार देब सादगी से रहते हैं।

### बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया लाभ

## लेकवुड सिटी में चुनाव आयोग संपर्क विभाग भाजपा द्वारा विशेष कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

चुनाव आयोग संपर्क विभाग भाजपा द्वारा आज लेकवुड सिटी में एक विशेष जनहितकारी कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें नए वोट बनवाने, त्रुटिपूर्ण वोटर आईडी एवं आधार कार्डों में सुधार करवाने तथा वोटों को वर्तमान स्थायी पते पर स्थानांतरित करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए। इस कैंप में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और चुनाव संबंधी समस्याओं का समाधान करवाकर विभाग की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। कैंप के दौरान चुनाव आयोग संपर्क विभाग के जिला प्रमुख अश्विनी गुलाटी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदाता सूची में सही जानकारी के साथ जुड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक अपने वोटर कार्ड एवं आधार संबंधी त्रुटियों को समय रहते ठीक करवाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर बडख़ल विधानसभा संयोजक ए.एस. नागपाल, ज्योति, मनीष गुलाटी एवं कुनाल नागपाल ने भी पूरी निष्ठा, समर्पण एवं कुशलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। सभी कार्यकर्ताओं ने कैंप में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका समाधान किया तथा उन्हें आवश्यक जानकारी एवं सहयोग प्रदान किया।

## मोहन नगर तिराहे से लेकर ज्ञानी बॉर्डर तक चलेगा विशेष धूल मुक्त अभियान

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मोहन नगर तिराहे से लेकर ज्ञानी बॉर्डर तक निरीक्षण किया। जिसमें सड़क के किनारे जमी हुई धूल, सेंट्रल वर्ज ग्रीन बेल्ट की हालत, नगर निगम,जल निगम और पीडब्ल्यूडी की लापरवाही को देख कर अधिकारियों को फटकार लगाई 10 दिन के भीतर महा अभियान चलाते हुए दिल्ली से गाजियाबाद आने वाले प्रमुख मार्ग को पूर्ण रूप से धूल मुक्त करने की सख्त निर्देश दिए। विभागों के चल रहे कार्यों में जन सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए कड़े निर्देश निर्माण विभाग तथा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दिए गए, मौके पर उपस्थित अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से उपकरणों के माध्यम से सड़क पर टीम लगाते हुए धूल मुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। लगभग 5 किलोमीटर से अधिक सड़क मोहन नगर से लेकर ज्ञानी बॉर्डर तक सेंट्रल वर्ज, ग्रीन बेल्ट को व्यवस्थित करने मरम्मत कार्य करने, गमले इत्यादि लगाने के लिए प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज को कड़े निर्देश दिए गए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C./84 BNSS देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल पुत्र शिव चौहान निवासी 778, स्कूटर मार्केट, झील, गीता कॉलोनी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 166/2023, अन्तर्गत धारा 380/457/411/34 आईपीसी, दिनांक 13.03.2023, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 166/2023, अन्तर्गत धारा 380/457/411/34 आईपीसी, दिनांक 13.03.2023, थाना जगतपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
सुश्री अनुष्ठा श्रीवास्तव
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 7, दूसरी मंजिल, जिला शाहदरा
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/6662/SHD/2026
(Court Matter)


### चारों तरफ धुआं ही धुआं

# एलएन इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में भीषण आग, करोडों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



एनएच 24 से सटी एलएन इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी में सोमवार को भीषण आग लग गई है।आग तेजी से बढ़कर पूरी कंपनी में फैल गई है। यह कंपनी पंखे और लाइट के निर्माण का कार्य करती है। कंपनी को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है। इससे किसी भी प्रकार की जनहानि से बचा जा सका है। इसके अलावा यूपी के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित वसुंधरा सेक्टर-1 के खाली मैदान में बनी 20-25 झुग्गी झोपड़ियां में सोमवार शाम करीब 3 बजे आग लग गई। दमकल टीम के पहुंचने से पहले ही आग की लपटों ने पूरे मैदान में बनी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया।

झोपड़ियों के अंदर रखे बड़े व छोटे घरेलू सिलेंडर एक-एक कर तेज धमाके के साथ फटने लगे। इससे पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीमों व थाना पुलिस ने आसपास के घरों को खाली कराया और लोगों को सुरक्षित स्थान पर घटनास्थल से दूर भेजा। दमकल की तीन टीमें मौके पर मौजूद हैं और आग बुझाने का काम जारी है।

मुख्य शमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि मौके पर कई दमकल विभाग की गाड़ियां मौजूद होने के बावजूद आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। आग बुझाने के प्रयास लगातार जारी हैं और अतिरिक्त सहायता बुलाई गई है। आग लगने का प्रारंभिक कारण सीएनसी मशीन का अत्यधिक गर्म होना बताया जा रहा है। इस घटना से कंपनी को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। आग के कारण आसपास के क्षेत्र में भी धुएं का गुबार फैल गया । धुएं का गुबार पूरे इलाके में फैल गया है, जिससे सांस लेने में परेशानी हो रही है। दमकलकर्मी लगातार आग बुझाने का प्रयास कर रहे हैं और पानी की बौछारें डाल रहे हैं।

### इंदिरापुरम सहित शहर के सभी जोन में निर्माण के कार्यों में तेजी लाए विभाग

# निर्माण कार्यों में लापरवाही से जन असुविधा बर्दाश्त नहीं: नगर आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने निर्माण विभाग अधिकारियों और ठेकेदारों से विशेष बैठक की। जिसमें वायु गुणवत्ता सुधार, 15 वित्त, अवस्थापना निधि के 160 करोड़ के 85 कार्यों को तत्काल प्रभाव से प्रारंभ करने के लिए निर्देशित किया गया, ईरान युद्ध से प्रभावित बिटूमिन्स के दाम पर भी चर्चा हुई बढ़े हुए दाम किसी भी रूप में शहर के विकास में बाधा ना बने निर्देश दिए। शहर हित और जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित फर्म के ठेकेदार जिनको वर्क आर्डर जारी हो चुका है कार्य में ध्यान दें तेजी से कार्य प्रारंभ किया जाए निर्देशित किया गया1 गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वर्तमान में समय-समय पर भुगतान प्रक्रिया को भी बेहतर किया गया है किसी भी समस्या के समाधान के लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ठेकेदारों का सहयोग भी किया जा रहा है शहर हित और जनहित को ध्यान में रखते हुए निर्माण विभाग के ठेकेदार विकास कार्यों को तत्काल प्रभाव से में प्रारंभ करें, कार्य में देरी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के लिए कहा गया । उपस्थित ठेकेदारों द्वारा नगर आयुक्त के समक्ष शीघ्र ही कार्य प्रारंभ करने पर सहमति दी गई, वर्तमान में चल रही अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को देखते हुए शहर हित में कार्य प्रारंभ किया जाएगा सहमति दी गई ।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **मुन्ना पुत्रः** राम प्रसाद, **पताः** झुग्गी नंबर 1062ए, एफ–6, एचजीआई लेबर कॉलोनी, सुल्तानपुरी, राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली, ने **FIR No. 644/22 U/s 33/38 Delhi Excise Act थानाः राज पार्क, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुन्ना,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुन्ना,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 644/22 U/s 33/38 Delhi Excise Act थानाः राज पार्क, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मुन्ना,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आकांक्षा
जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 107
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6541/OD/2026
(Court Matter)

रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करें, भाषा कौशल भी सीखें

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों को लिखा पत्र शेयर किया गर्मी की छुट्टी मनाने का आइडिया, माता-पिता को भी संदेश

प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों और उनके अभिभावकों के नाम पाती (पत्र) लिखा है। पाती के माध्यम से सीएम योगी ने अभिभावकों से अपील की है कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को ननिहाल-ददिहाल अवश्य ले जाएं और प्रकृति से जोड़ने का भी प्रयास करें।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां हो गई हैं। बच्चों से बेहद लगाव रखने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्कूलों में गर्मी की छुट्टी के मौके पर राज्य के बच्चों के नाम चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में मां-बाप से भी ऐसी अपील की गई है जिससे बच्चे खुश हो जाएंगे। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों और उनके अभिभावकों के नाम पाती (पत्र) लिखा है। पाती के माध्यम से सीएम योगी ने अभिभावकों से अपील की है कि गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को ननिहाल-



ददिहाल अवश्य ले जाएं और प्रकृति से जोड़ने का भी प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए लिखा कि गर्मी की छुट्टियां आप सभी के लिए आनंद, उत्साह और नए शोध का समय लेकर आती हैं। स्कूल की व्यस्त दिनचर्या से थोड़ी राहत मिलते ही मन कुछ नया सीखने, नए स्थान देखने और अपनों के साथ समय बिताने को उत्सुक हो उठता है।यही अवसर है, जब आप अपनी रुचियों को पहचानें, नई आदतें विकसित करें एवं जीवन के ऐसे अनुभव प्राप्त करें, जो आगे चलकर आपके सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में सहायक हों। किशोर एवं युवा इन छुट्टियों में नई भाषा या नया कौशल सीख सकते हैं। यह समय अच्छी पुस्तकों से मित्रता, फोटोग्राफी, चित्रकारी, पाक कला, संगीत और बागवानी जैसी रुचियों को पूरा करने का हो सकता है।

## ननिहाल-ददिहाल ले जाएं, ताकि वे संस्कारों को जान सकें

मुख्यमंत्री ने पाती में आगे लिखा कि प्रिय अभिभावकों, कुछ बातें मैं आपसे भी साझा करना चाहता हूं। हममें से अधिकतर लोगों ने बचपन में दादा-दादी, नाना-नानी से कहानियां सुनी होंगी। आज बच्चे इन अनुभवों से दूर होते जा रहे हैं। मेरा आपसे आग्रह है कि इन छुट्टियों में बच्चों को ननिहाल-ददिहाल अवश्य ले जाएं। उन्हें परिवार के साथ समय बिताने दें, ताकि वे अपने संस्कारों और परंपराओं को निकट से जान सकें।

### बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का भी करें प्रयास

मुख्यमंत्री ने अभिभावकों से अपील की कि ग्रीष्मावकाश में बच्चों को प्रकृति से जोड़ने का प्रयास करें। उनके साथ पौधे लगाएं, उनकी देखभाल का दायित्व उन्हें दें तथा आसपास स्वच्छता बनाए रखने की आदत विकसित करें। जब बच्चे मिट्टी, वृक्ष और जल के महत्व को समझते हैं, तभी उनके अंदर पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है। याद रखिए, जिस वृक्ष की जड़ें मजबूत होती हैं, वही सबसे अधिक फलदायी एवं दीर्घजीवी होता है। हमारी संस्कृति और संस्कार भी वैसी ही जड़ें हैं।मुख्यमंत्री ने बच्चों को घुमाने पर जोर दिया। उन्होंने लिखा कि घूमना-फिरना जीवन को समझने का माध्यम है। बच्चों को ऐसे स्थानों पर ले जाएं, जहां वे प्रकृति एवं जैव विविधता का अनुभव करें।

## खबर संक्षेप

### देश का पहला एआई कॉल सेंटर बिहार में



**पटना।** बिहार का साइबर हेल्पलाइन कॉल सेंटर (1930) जल्द ही एआई आधारित होगा। इससे कॉल सेंटर पर साइबर अपराध और ठगी से जुड़ीं शिकायतें वर्तमान के मुकाबले काफी कम समय में दर्ज हो सकेंगी। वहीं, नई व्यवस्था में कार्रवाई में समय कम लगेगा और पीड़ितों को 'गोल्डन आवर' का फायदा मिलेगा।

### बेटे ने पिता और पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा



**लोहरदगा।** जिले में सोमवार सुबह मामूली झगड़े के बाद 35 वर्षीय बेटे ने कथित तौर पर अपने बुजुर्ग पिता की हत्या कर दी। इसके बाद उसी कुल्हाड़ी से पत्नी को भी काट डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दोहरे हत्याकांड की वजह पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। पड़ोसियों के अनुसार अक्सर घर में झगड़े होते रहते थे। लेकिन इतनी बड़ी वारदात का अंदाजा नहीं था।

26 मई को खत्म हो रहा कार्यकाल

सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी हरी झंडी

# यूपी पंचायत चुनाव होने तक ग्राम प्रधान ही रहेंगे प्रशासक

*यूपी में प्रधान को ही प्रशासक की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। प्रदेश में पहली बार इस प्रकार का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में प्रधान ही प्रशासक बनेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है। इसके साथ ही तय हो गया है कि मंगलवार से प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों के प्रधान अब प्रशासक की भूमिका में आ जाएंगे। दरअसल, प्रदेश में पंचायत चुनाव समय में पर कराने में सरकार सफल नहीं हो पाई। इसके बाद से पंचायतों में प्रशासक की नियुक्ति की चर्चा चल रही थी। सरकार की ओर से पहले एडीओ पंचायत को प्रशासक के तौर पर नियुक्त करने की परंपरा रही थी। हालांकि, सरकार ने इसके विपरीत गांवों में चलने वाली योजनाओं की गति को बनाए रखने के लिए प्रधानों को ही प्रशासक के तौर पर नियुक्त करने की योजना बनाई। सीएम योगी आदित्यनाथ की मंजूरी के बाद 26 मई से सभी पंचायतों के प्रधान प्रशासक बन जाएंगे। दरअसल, प्रदेश में प्रधानों का कार्यकाल मंगलवार 26 मई को खत्म होने जा रहा है।

## संघ की मांग को सरकार ने माना



राष्ट्रीय पंचायत राज्य ग्राम प्रधान संघ की ओर से प्रधानों को हीं प्रशासक बनाए जाने की मांग की गई थी। संघ का कहना था कि एडीओ पंचायत के प्रशासक बनने से योजनाओं में देरी होती है। एक अधिकारी पूरे क्षेत्र पर नजर नहीं रख पाता है। ऐसे में अगर ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बना दिया जाए तो फिर विकास कार्यक्रमों को तेज रखने में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने संघ की मांग को मान लिया। माना जा रहा है कि अब यूपी में पंचायत चुनाव का आयोजन विधानसभा चुनाव के बाद ही हो सकता है।

### 57,694 पंचायतों में प्रशासक

यूपी पंचायत चुनाव समय पर पूरा नहीं होने के कारण प्रदेश के 57,694 पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति होने जा रही है। दरअसल, 26 मई को प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं के प्रभावित होने का खतरा मंडरा रहा था। ऐसे में प्रशासकों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही थी। एडीओ पंचायत की जगह योगी सरकार ने प्रधानों को ही प्रशासक बनाने का फैसला ले लिया। उत्तर प्रदेश में पहली बार सभी 57,694 प्रधानों को प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया जा रहा है।

### सीटों की आरक्षण सूची अक्टूबर-नवंबर तक आएगी

दरअसल, सरकार की ओर से पंचायतों में सीटों के आरक्षण के लिए डेडिकेटेड ओबीसी आयोग का गठन पिछले दिनों हुआ है। आयोग को रिपोर्ट तैयार करने में छह माह का समय लग सकता है। ऐसे में सरकार के पास सीटों की आरक्षण सूची अक्टूबर-नवंबर तक आएगी। उस समय तक प्रदेश में विधानसभा चुनाव का माहौल गरमाने लगेगा। इस दौरान अन्य चुनावों की तैयारी कर पाना किसी भी दल या प्रशासन के लिए संभव नहीं हो पाएगा।

सरकार से लेकर प्रशासन तक विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे रहेंगे। ऐसे में पंचायत चुनाव आगे बढ़ना तय है। ऐसे में प्रधानों के प्रशासक बनाए जाने से योगी सरकार गांवों तक विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी पहुंचाने में कामयाब होगी। प्रधान बने प्रशासक भी सरकार के प्रचार का एक माध्यम बन सकेंगे।

मोदी सरकार की पहल से सीएम गदगद

# अब सीबीएसई पाठ्यक्रम में मैथिली भाषा की होगी पढ़ाई

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मिथिला वासियों की बोलचाल की भाषा मैथिली को सीबीएसई कोर्स में जगह मिल गई है। मैथिली देश की 22 मातृभाषाओं की श्रेणी में शामिल हो गई जिनकी पढ़ाई राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय शिक्षा माध्यमिक बोर्ड के स्कूलों में होती है।



केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने दरभंगा सांसद गोपालजी ठाकुर को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया है। भाजपा सांसद गोपालजी ठाकुर इसके लिए सतत अभियान चला रहे थे।

### एनसीईआरटी की ओर से किताबों का हो रहा अनुवाद

सांसद के नाम लिखे पत्र में केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि आपके द्वारा मैथिली भाषा को कोर्स में शामिल करने को लेकर पत्र लिखा गया था। एनसीईआरटी से इस संबंध में आवश्यक जांच कराई गई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसा के आलोक में वर्ग 5 तक तथा यथासंभव वर्ग 8 तक मातृभाषा की पढ़ाई कराई जा सकती है। एनसीईआरटी की ओर से मैथिली समेत 22 अनुसूचित भाषाओं में किताबों का अनुवाद कराया जा रहा है। गोपालजी ठाकुर ने केंद्रीय मंत्री का आभार जताया है।

### सीएम ने खुशी जताई

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी ट्वीट कर मैथिली भाषा को कोर्स में शामिल करने पर खुशी जताई है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को खास तौर पर धन्यवाद दिया है। सीएम ने लिखा है कि मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व मातृभाषा मैथिली को शिक्षा व्यवस्था में सशक्त स्थान दिलाने की दिशा में लिया गया यह निर्णय ऐतिहासिक एवं स्वागतयोग्य है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम में कक्षा 1 से माध्यमिक स्तर तक मैथिली भाषा को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता मिलना मिथिला की सांस्कृतिक अस्मिता और भाषाई गौरव के लिए गर्व का विषय है।

## पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ...

साहित्य, चिकित्सा, खेल, सामाजिक कार्य, लोक सेवा और उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए दिए जाते हैं। पद्म विभूषण असाधारण सेवा, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए है। पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

### 6 दशक से निःशुल्क...

छह दशकों से अधिक के कलात्मक सफर के लिए प्रसिद्ध, उन्होंने अपना जीवन क्षेत्रीय संगीत को विश्व भर के अंतरराष्ट्रीय श्रोताओं तक पहुंचाने और अगली पीढ़ी के कलाकारों को निःशुल्क मार्गदर्शन देने के लिए समर्पित किया।

### नीट-यूजी की पनु...

जोरदार गर्मी को देखते हुए हर परीक्षा केंद्र पर छात्रों के लिए परिवहन से लेकर पीने के पानी, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, चालू पंखे, कूलर, साफ शौचालय, छायादार प्रतीक्षा क्षेत्र, बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ जरूरत पड़ने पर पोर्टेबल शौचालय की व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कहा गया है। यहां बता दें कि बीते कुछ दिनों से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान या उनका मंत्रालय इस मामले में लगातार उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठकें कर रहा है। जिनका उद्देश्य परीक्षा के आयोजन से जुड़ी हुई जरूरी व्यवस्थाओं को हर प्रकार से चाक-चौबंद बनाना है। साथ ही किसी भी तरह की गड़बड़ी को समय से पहले रोकना है। ताकि छात्रों को परीक्षा के दिन कोई दिक्कत न हो।

### केंद्रीय मंत्री के ...

विश्वविद्यालयों तथा अन्य संस्थानों को उम्मीदवारों की सुविधा के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएं बनाए रखने के लिए कहा है। उन्होंने छात्रों के हितों और कल्याण को एक बार फिर से सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि 21 जून को रविवार के दिन परीक्षा होने की वजह से अभ्यर्थियों के लिए पर्याप्त परिवहन सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही विश्वास जताते हुए कहा कि सभी प्रदेश नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा के सुचारू, पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

### आधुनिक रेडियोथेरेपी...

मजबूत करेगी और इससे जरूरतमंदों तक उन्नत रेडियोथेरेपी तक पहुंच में सुधार होगा। साथ ही अस्पताल में बड़ी तादाद में आंतरिक उपचार क्षमता में भी वृद्धि होने की संभावना है।

**यूं कम होगा विकिरण का प्रभाव :** यह तकनीक कैंसर से पीड़ित रोगी के घाव के आसपास के सामान्य ऊतकों पर विकिरण के प्रभाव को कम करते हुए ट्यूमर कोशिकाओं तक सटीक विकिरण पहुंचाने में मदद करता है। जिससे उपचार के अच्छे परिणाम और रोगी की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होती है। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) के तहत लीनियर एक्सेलेरेटर की खरीद पहले के मुकाबले एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। क्योंकि इस संबंध में अब पुरानी तकनीक पर आधारित उपकरणों का प्रयोग नहीं किया जाता है। सेवा के तहत यह कैंसर से जुड़ी सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के समान है। एएफएमएस के अधिकार क्षेत्र में आने वाले अन्य केंद्रों का भी चरणबद्ध रूप से उन्नयन किया जा रहा है।

**तकनीक से होगा यह लाभ :** इस लीनियर एक्सेलेरेटर वॉल्यूमेट्रिक मॉड्यूलेटेड आर्क थेरेपी की मदद से कैंसर के रोगियों की इंटेंसिटी मॉड्यूलेटेड रेडिएशन थेरेपी, इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी और स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी के अलावा आधुनिक रेडियोथेरेपी तकनीकों को प्रदान करने में सक्षम है। उद्घाटन कार्यक्रम में रक्षा सचिव के अलावा एएफएमएस की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, अस्पताल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**रोजाना 4 हजार से ज्यादा आते चपेट में :** मीडिया रिपोर्ट की मानें तो देश में हर साल कैंसर के 15 लाख मामले सामने आते हैं। जिसका सीधा सा अर्थ यह है कि हर दिन औसतन 4 हजार से अधिक लोग इस भयावह और जानलेवा बीमारी का शिकार हो रहे हैं। जबकि इसके आधे यानी 2 हजार से ज्यादा लोगों की प्रतिदिन कैंसर से मौत हो रही है।

### गुलमर्ग में गोंडोला...

घबराने की अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिकों को सुरक्षित बचाया जाएगा। मालूम हो कि यह जम्मू-कश्मीर जाने वाले सैलानियों का सबसे पसंदीदा सीजन है। जिसमें लोग राजधानी दिल्ली समेत देश के अन्य भागों में पड़ रही चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए बड़ी संख्या में जम्मू-कश्मीर घूमने के लिए जाते हैं। ऐसे में इस हादसे का होना कहीं न कहीं आम-जनता के मन में एक डर और आशंका खड़ी करता है। बताते चलें कि हरिभूमि द्वारा इस खबर में दिया गया लोगों को सुरक्षित बचाने का यह आंकड़ा 25 मई की रात 8 बजे तक का है। जिसमें हर गुजरते पल के साथ बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**मध्यरात्रि तक पूरा होगा अभियान :** सेना की इलाके में तैनात 19वीं डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल मनोज जोशी ने बताया कि हमें इस घटना के बारे में केबल कार कॉरपोरेशन और जिला प्रशासन (बारामुला) की तरफ से सोमवार दोपहर करीब 1 बजे मदद के लिए अनुरोध किया गया था। जिसमें कहा गया कि गोंडाला रोपवे का एक मुख्य कलपुर्जा टूटने की वजह से कुल 65 केबल कार हवा में लटक गई हैं। बड़ी तादाद में फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकालना है। हमने अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर इस राहत और बचाव अभियान की शुरुआत की है। जिसमें 286 लोगों को सुरक्षित ढंग से बाहर निकाला जा चुका है। लेकिन खराब मौसम जैसे बारिश और ओले की समस्या की वजह से यह अभियान 25 मई की मध्यरात्रि यानी 12 बजे तक पूरा हो सकता है। अभी हालात काबू में हैं।

**65 में से खाली थी 10 केबल कार :** 65 में से 55 केबल कार में लोग बैठे हुए थे यानी वो लोगों से भरी हुई थी। जबकि 10 केबल कार खाली थी। राहत अभियान की मदद से अभी तक 32 से ज्यादा केबल कार में से लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जबकि 23 अभी भी हवा में लटकी हुई हैं और उनमें फंसे हुए पर्यटकों को बाहर निकालना बाकी है। अभी तक बचाए गए 286 लोगों में फेज-1 साइड से 17 केबल कार में मौजूद लगभग 94 लोगों को बचाया गया। इसके अलावा बेस की तरफ से 15 केबल कार में मौजूद 90 से अधिक लोगों को बचाकर सुरक्षित नीचे उतारा गया है।

**एशिया का प्रसिद्ध रोपवे है गोंडाला :** दरअसल गोंडाला को भारत का ही नहीं बल्कि एशिया का सबसे चर्चित रोपवे माना जाता है। सेना की इलाके में सरहदी सुरक्षा के लिए तैनात 19 डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल मनोज जोशी ने कहा कि हमें इस घटना के बारे में आज 12.45 से 1 बजे के आसपास केबल कार कारपोरेशन और जिला प्रशासन (बारामुला) की तरफ से मदद के लिए अनुरोध मिला था। जिसमें सेना ने बाकी एजेंसियों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर राहत-बचाव अभियान का आगाज किया। शाम करीब 7 बजे तक 286 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। अभी यहां पर मौसम ठीक नहीं है। बारिश के साथ ओले पड़ रहे हैं। इसलिए हमें अभियान को पूरा करने में 5 से 6 घंटे का वक्त और चाहिए। घटनास्थल पर रोशनी की भी आवश्यकता है। मुझे उम्मीद है कि यह अभियान 25 मई की रात 12 बजे तक पूरा हो जाएगा।

**यूं बढ़ाया लोगों का हौसला :** मेजर जनरल जोशी ने यह भी कहा कि घटना के बाद जब हमने अभियान शुरू किया था। तब लोगों में कुछ डर जरूर था। लेकिन उसके बाद हमने उनसे केबल कार में मौजूद मेगा फोन की मदद से लगातार बातचीत जारी रखी। लोगों का हौसला बढ़ा, फिर उन्हें लगा कि अब उन्हें कुछ नहीं होगा और उनकी जान बच जाएगी। सेना ने अपने एडम बेस पर केबल कार से सुरक्षित बाहर निकाले गए लोगों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की है। यहां से ही सभी वापस गुलमर्ग लौटेंगे। हम इस अभियान को अगले चार से पांच घंटों तक जारी रखेंगे। अभी तक हालात पूरी तरह से काबू में हैं। ज्यादा संख्या में टीमें आकर राहत अभियान से जुड़ रही हैं।

### दर्ज की एफआईआर...

9 दिसंबर 2025 को हुई शादी के बाद से ही ट्विशा को दहेज के लिए लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई की टीम घटना स्थल का मुआयना करने के साथ ही दिल्ली एम्स की विशेष टीम द्वारा किए गए दूसरे पोस्टमार्टम की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट मिलते ही सीबीआई भोपाल पुलिस की रिमांड पर चल रहे आरोपी पति समर्थ सिंह को अपनी कस्टडी में लेकर पूछताछ शुरू करेगी।

बाहुबलियों की कुंडली खंगाल रही पुलिस

# गोरखपुर में 185 दागियों के पास लाइसेंसी असलहे

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

लाइसेंसी असलहों को लेकर पुलिस जहां बाहुबलियों और दागियों की कुंडली खंगाल रही है, वहीं, जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, गोरखपुर जिले में 21 हजार से अधिक शस्त्र लाइसेंस जारी किए गए हैं। इनमें 185 ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। हालांकि इनमें अधिकांश लाइसेंस मिलने के बाद दागी बने हैं। कुछ मामलों में पुलिस ने उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त भी कराए हैं। बड़हलगंज क्षेत्र के दौनाडीह गांव निवासी और वर्तमान में सुल्तानपुर से समाजवादी पार्टी के सांसद रामभुआल निषाद का नाम भी फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में सामने आ चुका है। वह थाने के हिस्ट्रीशीटर भी हैं और उन पर कूटरचित तरीके से लाइसेंस बनवाने का आरोप है।



### 6 साल पहले खुला था फर्जी शस्त्र लाइसेंस रैकेट

गोरखनाथ क्षेत्र में 14 अगस्त 2019 को तनवीर खान नामक व्यक्ति के पास फर्जी शस्त्र लाइसेंस मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। जांच में जिले में बड़े पैमाने पर फर्जी शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाने का खुलासा हुआ। मामले की जांच के दौरान दो पूर्व असलहा बाबू राम सिंह और अशोक गुप्ता समेत 24 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया था। बाद में एसआईटी गठित की गई, जिसकी जांच में सामने आया कि कलक्ट्रेट के कई कर्मचारियों की मिलीभगत से फर्जी लाइसेंस जारी किए गए थे।

केंद्र और राज्य में बड़ा समझौता

# झारखंड की प्रत्येक पंचायत 2028 'हर घर जल' प्रमाणित

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड राज्य के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम 2.0) को लेकर महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और झारखंड सरकार के बीच हुए इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य दिसंबर 2028 तक झारखंड की प्रत्येक ग्राम पंचायत को 'हर घर जल' प्रमाणित बनाना है। इस एमओयू के तहत ग्रामीण जल आपूर्ति प्रणालियों को पूरी तरह बदलने और उन्हें दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए कई ढांचागत, नीतिगत और डिजिटल सुधारों का खाका तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री की स्वीकृति के बाद किए गए इस एमओयू की कॉपी मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के अपर



मुख्य सचिव और वित्त विभाग के सचिव सहित केंद्रीय मंत्रालय को भेज दिया गया है।

एमओयू में यह स्पष्ट किया गया है कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लागत या समय की देरी पर केंद्र सरकार द्वारा वित्तीय सहायता नहीं दी जाएगी। भविष्य का फंड आवंटन पूरी तरह से राज्य द्वारा किए गए सुधारों की गति पर निर्भर करेगा। वर्ष 2027 के मध्य में इस पूरे समझौते के तहत किए गए वादों, भौतिक और वित्तीय प्रगति की एक मध्यावधि समीक्षा की जाएगी, जिसके आधार पर आगे के निर्देश जारी होंगे।

अलग-अलग घाटों पर हुए हादसे, 20 लोग बचाए

# बदायूं के कछला व अटैना में गंगा दशहरा स्नान के दौरान हादसा, 12 डूबे, 5 श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी ▶▶ बदायूं

जिले के उझानी इलाके में कछला घाट पर गंगा दशहरा के स्नान के दौरान सोमवार को आस्था की डुबकी लगाते समय किशोरी और युवकों समेत 25 श्रद्धालु बह गए।

अलग- अलग स्थानों पर हादसे होने के बाद चीख-पुकार मची तो गोताखोरों ने 23 श्रद्धालुओं को खोज निकाला, लेकिन इनमें किशोर समेत तीन की मौत हो गई। एक किशोरी



लापता है। पीएसी व निजी गोताखोर उसकी तलाश में जुटे हुए हैं। उधर, उसहैत थाना क्षेत्र के अटैना घाट पर गंगा में डूबने से मैनपुरी व फर्रुखाबाद के दो युवकों की मौत हो गई।

### गोताखोरों की कोशिश से बची इन श्रद्धालुओं की जान

कछला हादसों के दौरान जिन श्रद्धालुओं की जान बची, उनमें हाथरस के रामकेश, आनंद कुमार, प्रेमशंकर, रितिक, रोशनलाल, मुरादाबाद की रानी और पिंकी, राजस्थान के नंदकिशोर, प्यारी देवी, गौरव पटेल, शोभित श्रीवास्तव, रतन लाल, नाहर सिंह और राजीव रंजन, एटा जिले में सिकंदरपुर निवासी आकाश तिवारी, प्रकाश और मुन्नीदेवी, मूसाझाग की अनीता देवी, प्रिंस राजपूत शामिल हैं।

### किशोरी की तलाश जारी


परिवार के लोगों में विकास, छाया और कौशल उन्हें पकड़ने के आगे बढ़े तो वह भी छटपटाने लगे। विकास, कौशल और छाया तो बच गए, लेकिन नीलेश और शिखा बह गई। गोताखोरों ने करीब एक घंटे के मशक्कत के बाद नीलेश का शव खोज निकाला। शिखा की तलाश की जा रही है।

### राजकुमार का शव बरामद

कछला पुल के पास ही गंगा स्नान करते समय सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव सिरसा दबरई निवासी राजकुमार (18 वर्ष) पुत्र नेकराम और उसका दोस्त सूरज (25 वर्ष) पुत्र दानवीर बह गए। सूरज को पुलिसकर्मियों ने बाहर निकाल लिया, लेकिन राजकुमार की मौत हो गई। देर शाम उसका शव बरामद हो सका।

हरिभूमि
# सहेली
नई दिल्ली, मंगलवार
26 मई 2026





विशेषः अंतरराष्ट्रीय अभिभावक दिवस, 1 जून

# अपने बच्चों के प्रति माता-पिता का निस्वार्थ-अनमोल प्रेम

माता-पिता अपने बच्चों की खुशी और सफलता के लिए अपनी सारी इच्छाएं त्याग देते हैं। बच्चों की खुशी में ही उन्हें खुशी मिलती है। उनका यह निस्वार्थ प्रेम बहुत अनमोल होता है। इसे अभिभावक दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मानते हैं।

कवर स्टोरी



डॉ. ऋतु सारस्वत, समाजशास्त्री

रात के करीब ग्यारह बजे हैं। घर के लगभग सभी सदस्य सो चुके हैं, सिवाय दो लोगों के। मां टेंथ में पढ़ने वाली बेटी की यूनिफॉर्म प्रेस कर रही थी, लेकिन उसका ध्यान बार-बार दरवाजे की ओर चला जा रहा था। भीतर ही भीतर उसका मन भी घबरा रहा था, क्योंकि बेटा, जो इस वर्ष ही कॉलेज पहुंचा है, अभी तक घर नहीं लौटा है। ड्राइंगरूम में बैठे पिता शायद चौथी बार मुख्य दरवाजे तक जाकर लौटे हैं। रात बढ़ती जा रही है। फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। वह कभी घड़ी देखते, कभी मोबाइल स्क्रीन और फिर चुपचाप दरवाजे की ओर नजर उठा देते।

## बच्चों को अपनी जिम्मेदारी का बोध नहीं



यह दृश्य किसी एक घर का नहीं है। यह उन असंख्य भारतीय परिवारों का परिचित दृश्य है, जहां माता-पिता की रातें बच्चों की चिंता में ही बीतती हैं। लेकिन बच्चों की दुनिया में इन बातों का अर्थ अकसर बिल्कुल अलग होता है। उनके लिए रात तक जागकर उनका प्रोजेक्ट तैयार करना, यूनिफॉर्म प्रेस करना या सुबह जल्दी उठकर पसंद का टिफिन बनाना, घर की सामान्य दिनचर्या का हिस्सा है। कहीं-न-कहीं उन्हें यह सब अपना अधिकार या उससे भी अधिक, माता-पिता की जिम्मेदारी लगता है। लेकिन ठीक इसके विपरीत उन्हें किसी भी तरह की रोक-टोक, पूछताछ या अनुशासन सहज स्वीकार नहीं होता। वे कितनी देर में घर लौटेंगे, किस दोस्त के पास जा रहे हैं, इतनी देर तक फोन पर क्यों बात कर रहे हैं या पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे जैसे सवाल उन्हें अनावश्यक हस्तक्षेप और बंदिश जैसा लगने लगता है। बच्चे यह तो चाहते हैं कि उनकी हर जरूरत बिना कहे पूरी हो जाए, लेकिन उनसे समय, अनुशासन या जवाबदेही की अपेक्षा की जाए तो उन्हें दिक्कत लगने लगती है। शायद यही कारण है कि हर पीढ़ी अपने माता-पिता के प्रेम को सबसे पहले सुविधा की तरह देखती है, त्याग की तरह नहीं। क्योंकि जो चीज हमें हर दिन बिना मांगे मिलती रहती है, उसका मूल्य अकसर बहुत देर से समझ में आता है।

## सबसे पहले छूटती है माता-पिता की नींद

सभी स्वास्थ्य विशेषज्ञ यह मानते हैं, एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए प्रतिदिन सात से आठ घंटे की नींद आवश्यक है। लेकिन माता-पिता बनने के बाद शायद यह सिद्धांत सबसे पहले टूटता है। बच्चे छोटे होते हैं तो मां उनकी हल्की-सी करवट से भी जाग जाती है। बच्चे बड़े हो जाते हैं तो चिंता का स्वरूप बदल जाता है, लेकिन चिंता समाप्त नहीं होती। तब माता-पिता की नींद कभी उनके एग्जाम की चिंता में टूटती है, कभी देर रात तक घर न लौटने की बेचैनी में और कभी उनके भविष्य को लेकर उठते अनगिनत सवालों में। शायद इस संसार में माता-पिता और संतान का रिश्ता ही एक ऐसा अनूठा रिश्ता है, जहां स्वयं की कोई अलग खुशी नहीं रह जाती। बच्चा मुस्कुराता है तो माता-पिता मुस्कुराते हैं, बच्चा परेशान होता है तो भीतर ही भीतर वे भी परेशान हो उठते हैं। बच्चे की छोटी-सी उपलब्धि उन्हें गर्व से भर देती है और उसका छोटा-सा तनाव भी उनकी रातों की नींद छीन लेता है।



## माता-पिता छोड़ देते हैं अपनी इच्छाएं

'मैं आज जो कुछ भी हूं, अपने माता-पिता की वजह से हूं। मेरी मां सुबह बहुत जल्दी उठ जाती थीं, क्योंकि मुझे प्रैक्टिस के लिए जाना होता था। वह मेरे लिए खाना बनाती थीं। वह मुश्किल से केवल तीन घंटे सोती थीं। मेरे पिता ने मेरे लिए अपना काम छोड़ दिया। हमारा घर बहुत मुश्किल से चलता था, लेकिन मेरे पिता हमेशा कहते थे, 'तू लगा रह।' आज जो भी परिणाम दिखाई दे रहा है, जो भी सफलता मुझे मिली है, वह मेरे माता-पिता की वजह से है।' ये शब्द हैं उस वैभव सूर्यवंशी के, जिसने बेहद कम उम्र में क्रिकेट की दुनिया में अपना नाम दर्ज करा लिया। लेकिन किसी भी सफल बच्चे की कहानी केवल उसकी प्रतिभा की कहानी नहीं होती। उसके पीछे अकसर माता-पिता के अनगिनत त्याग छिपे होते हैं। जब लोग किसी बच्चे की सफलता पर तालियां बजाते हैं, तब बहुत कम लोग उन रातों के बारे में सोचते हैं, जब माता-पिता अपनी इच्छाओं, अपने आराम और कई बार अपने पूरे जीवन की दिशा तक बदल देते हैं ताकि बच्चे का सपना अधूरा न रह जाए। माता-पिता बनने के बाद धीरे-धीरे उनकी अपनी जरूरतें पीछे छूटने लगती हैं। खुद के अच्छे कपड़े, खुद की इच्छाएं, खुद का आराम सब कुछ बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों और खुशियों के आगे गौण हो जाता है। बच्चों की हर छोटी इच्छा उन्हें याद रहती है, लेकिन अपनी अनेक इच्छाएं वे चुपचाप टालते रहते हैं। शायद यही कारण है कि बच्चों की छोटी-सी मुस्कुराहट भी उन्हें अपनी बड़ी-से-बड़ी खुशी से अधिक महत्त्वपूर्ण लगने लगती है।

## सबसे निःस्वार्थ होता है माता-पिता का प्रेम

माता-पिता बनने के बाद व्यक्ति का जीवन केवल व्यस्त नहीं होता, वह पूरी तरह बदलने लगता है। धीरे-धीरे उनका समय केवल उनका नहीं रह जाता। उनकी योजनाएं, उनकी छुट्टियां, उनका खाली समय सब कुछ बच्चों की जरूरतों और समय के अनुसार ढलने लगता है। वे दोस्तों के साथ बनी योजनाएं रद्द कर देते हैं, क्योंकि बच्चे की परीक्षा है। वे अपनी पसंद की फिल्म छोड़ देते हैं, क्योंकि बच्चे को कहीं और जाना है। धीरे-धीरे उनका पूरा जीवन इस तरह बदल जाता है कि बच्चों को कमी कम-से-कम महसूस हो। और शायद यही कारण है कि बहुत से बच्चों को वर्षों बाद समझ में आता है कि उनका सहज और सुरक्षित बचपन, वास्तव में माता-पिता के अनगिनत मौन त्याग पर खड़ा था। माता-पिता का प्रेम संसार का सबसे निःस्वार्थ प्रेम माना जाता है। उसमें त्याग दिखाई कम देता है, लेकिन छिपा बहुत कुछ होता है अधूरी नींद, टली हुई इच्छाएं, लगातार चलती चिंताएं और फिर भी चेहरे पर वही सामान्य मुस्कान। ❀


---

# छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ाहट-मानसिक थकान
# कहीं आपको डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम तो नहीं


दिन भर में हमें छोटे-छोटे बहुत से डिसीजन लेने होते हैं, कुछ लोग इस तरह के डिसीजन लेने में एक थकान महसूस करते हैं, उन्हें चिड़चिड़ाहट होती है। इसे मेडिकल टर्म में डिसीजन फटीग कहते हैं। इसके क्या लक्षण होते हैं, इससे कैसे बचा जाए, जानिए।

मेंटल हेल्थ

विधि



आज की बिजी लाइफस्टाइल में हम सभी को अपने करियर, घर-परिवार से जुड़ी अनेक बातों के बारे में दिन भर में अनेक डिसीजन लेने पड़ते हैं, जैसे-कब क्या पहनना है, कहां जाना है, कैसे जाना है, किसके साथ मीटिंग है, किस काम को पहले करना है, किसको बाद में, लंच में क्या खाना? इन ढेर सारे छोटे-छोटे डिसीजन लेने के कारण दिमाग काफी ज्यादा थक जाता है, मानसिक ऊर्जा खत्म सी हो जाती है। इसके बाद एक छोटा-सा फैसला लेना भी पहाड़ जैसा लगने लगता है। परिणाम स्वरूप व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है, अपने डिसीजन टालने लगता है या जल्दबाजी में गलत फैसले ले लेता है। इसी मानसिक थकान को मेडिकल की भाषा में डिसीजन फटीग कहा जाता है। यह कोई बड़ी मानसिक बीमारी नहीं है, बल्कि इस समस्या में व्यक्ति रोजमर्रा के नॉर्मल डिसीजन लेने में काफी मुश्किल महसूस करता है। सरल शब्दों में कहें तो डिसीजन फटीग का सीधा मतलब है, फैसले लेने की वजह से होने वाली मानसिक थकान।



**डिसीजन फटीग के लक्षणः** डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम होने पर व्यक्ति में निम्नलिखित लक्षण देखे जा सकते हैं, जिन पर ध्यान देना बहुत जरूरी है।

- दिन भर में लगातार फैसले लेने के बाद दिमाग में भारीपन या थकान महसूस होती है। इस स्थिति में व्यक्ति को सोचने में ज्यादा समय लगता है, उसके लिए नॉर्मल काम करने में भी मुश्किल होती है।
- कोई भी निर्णय लेने में ज्यादा वक्त लगता है।
- रोजमर्रा के किसी भी तरह के सामान्य काम करने में भी कठिनाई होने लगती है।
- जब फैसला लेने की ताकत कम हो जाती है तो व्यक्ति फैसले टालने लगता है, जिसके कारण हर काम को वह बाद में देखेंगे, अभी मन नहीं कर रहा जैसे बहाने करके टालने लगता है।
- दिमाग में स्ट्रेस होने के कारण कई बार जल्दबाजी में फैसले लेते हैं, जैसे डाइट पर होते हुए भी जंक फूड खाना, बिना सोचे-समझे शॉपिंग करना या किसी काम के लिए हां या न करना।
- किसी भी तरह के फैसले लेते समय खुद का बचाव करना या पीछे हटना।
- अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा दूसरों पर डाल देना।
- काबिल होते हुए भी हर समय खुद पर कम विश्वास करना, अपने फैसलों पर शक होना, खुद को दोष देना या हर फैसले के बाद सही डिसीजन लिया या नहीं, इस बारे में सोचना भी डिसीजन फटीग का संकेत हो सकता है।
- डिसीजन फटीग की प्रॉब्लम के कारण व्यक्ति को सिर में दर्द, फोकस करने में मुश्किल होना, नींद में कमी और रोजमर्रा के कामकाज में समस्या होने जैसे कई तरह के लक्षण नजर आ सकते हैं।

**डिसीजन फटीग से बचने के उपायः** फिजिशियन **डॉ. सतीश विरमानी** के अनुसार, डिसीजन फटीग से बचने के लिए आप इन बातों का ध्यान रखें-

- सुबह के समय दिमाग फ्रेश होता है, दिमागी ऊर्जा सबसे ज्यादा होती है, इसलिए जरूरी फैसले सुबह ही लेने की कोशिश करें।
- रोजमर्रा के कामों (जैसे कपड़े या खाना) में ज्यादा ऑप्शंस न रखें। ऑप्शंस कम होंगे, तो कंफ्यूजन भी कम होगा।
- हर काम का एक तय समय और रुटीन बनाएं। इससे बार-बार छोटे-छोटे फैसले नहीं लेने पड़ेंगे और दिमाग को रेस्ट मिलेगा, वो रिलैक्स्ड रहेगा।
- लगातार काम करने से बचें, इससे मानसिक थकान होती है। इसलिए हर 60 से 90 मिनट बाद ब्रेक लें।
- अच्छी नींद और हेल्दी डाइट भी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर रखने और फैसलों को आसान बनाने में मदद कर सकते हैं। ❀

---

बच्चे और आप

ललिता गोयल

समर वैकेशन में बच्चों को स्कूल से हॉलिडे होमवर्क मिलता ही है। इसे पूरा कराने की जिम्मेदारी पैरेंट्स की होती है। बच्चे कैसे समर वैकेशन को एंज्वॉय करते हुए अपना हॉलिडे होमवर्क समय से पूरा कर लें, इसके लिए आप हॉलिडे होमवर्क का स्मार्ट शेड्यूल बना लें। यह कैसे बनाएं, जानिए।

# बच्चों के लिए करें स्मार्ट हॉलिडे होमवर्क प्लानिंग



इन दिनों ज्यादातर स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां हो गई हैं। बच्चे खुश हैं लेकिन पैरेंट्स को बच्चों के हॉलिडे होमवर्क की चिंता है, क्योंकि जितना मर्जी कोशिश कर लें, छुट्टियों के आखिरी दिन तक बच्चों का हॉलिडे होमवर्क खत्म नहीं होता। शुरू में तो लगता है बहुत टाइम है, हो जाएगा। लेकिन बाद में रिजल्ट होता है, बच्चों का अधूरा हॉलिडे होमवर्क। यह कहानी हर साल की होती है। चलिए, इस बार इस कहानी को बदलते हैं। हम आपको कुछ ऐसे आसान टिप्स बता रहे हैं, जिनसे बच्चों का होमवर्क आसानी से हो जाएगा और बच्चों ही नहीं आपकी भी समर वैकेशन मजे से बीतेगी।

**हॉलिडे होमवर्क का स्मार्ट शेड्यूल बनाएंः** जब आप एक प्लानिंग से बच्चों का होमवर्क कराएंगी तो वह समय से जरूर पूरा हो जाएगा। एक स्मार्ट शेड्यूल बच्चों को रोजाना थोड़ा-थोड़ा होमवर्क करने के लिए इंस्पायर करता है। हॉलिडे होमवर्क समय पर हो, इसके लिए शेड्यूल बनाएं। सारा होमवर्क देखने के बाद कब, क्या कितनी समय सीमा में करना है, उसका शेड्यूल बनाएं। बच्चों को शेड्यूल बनाने की प्रक्रिया में शामिल करें, उनसे पूछें कि वे किस समय पढ़ना पसंद करेंगे और किस समय खेलना चाहेंगे? उनकी राय से शेड्यूल बनाने से वे शेड्यूल मानेंगे। साथ ही शेड्यूल ऐसा बनाएं कि होमवर्क तो होता रहे और बच्चों की मस्ती और खेल-कूद भी चलता रहे। पहले एक सब्जेक्ट का होमवर्क खत्म कराएं और फिर दूसरा शुरू करें। इससे आपको ध्यान भी रहेगा कि कितना होमवर्क हो गया, कितना बचा है?

### आप भी दें उसका साथ



**होमवर्क के** बीच में बच्चे की पसंद के अनुसार उसे घुमाने ले जाएं या खेलने भी दें। जिससे उन्हें यह फील न हो कि हॉलिडे होमवर्क का मतलब सिर्फ पढ़ाई करना है। इससे होमवर्क उसे बोझ नहीं लगेगा और वह होमवर्क एंज्वॉय करेगा। अगर बच्चा खुद होमवर्क कर रहा है, तब भी उसके साथ बैठें, ताकि उसे अकेलापन महसूस न हो और वह बोर न हो। पढ़ाई के साथ खेलने के लिए बच्चों को पूरा समय दें। कुछ पैरेंट्स बच्चों को होमवर्क खत्म करने का प्रेशर बनाकर उन्हें घंटों बैठाए रखते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें, बल्कि जब बच्चा होमवर्क करे, तो खुद भी उसके साथ बैठें और उसकी मदद करें।

**प्रेशर न बनाएंः** होमवर्क करने के लिए बच्चे पर कभी प्रेशर न बनाएं। बीच में गैप ले-लेकर होमवर्क कराएं। बीच-बीच में बच्चे के साथ खेलें, कुछ रोचक एक्टिविटीज करें ताकि होमवर्क से बच्चा बोर न हो, एक्टिव बना रहे।

**टाइमिंग का रखें ध्यानः** बच्चों को होमवर्क कराते समय इस बात का ध्यान रखें कि वह बच्चा है, जल्दी और ज्यादा होमवर्क कराने के चक्कर में उसे बोर न करें, क्योंकि अगर वह शुरू में बोर हो जाएगा, तो होमवर्क उसे बोझ लगने लगेगा। अपने बच्चे की क्षमता के हिसाब से प्लानिंग करें।

**बच्चों का होमवर्क खुद न करेंः** कुछ पैरेंट्स होमवर्क खत्म करने के चक्कर में बच्चों का होमवर्क खुद कर देते हैं। ऐसा बिल्कुल न करें, क्योंकि अगर एक बार आप उनका होमवर्क कर देंगे या तो वह खुद से होमवर्क कभी-भी नहीं करना चाहेगा। इसलिए जरूरी है कि उन्हें होमवर्क कराने के दौरान चीजों को और रोचक बनाते हुए उन्हें सीखने और खुद से होमवर्क करने के लिए प्रेरित करें। ❀

**(शिक्षिका योगिता जिंदल से बातचीत पर आधारित)**

---



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# तेज धूप से स्किन टैनिंग आजमाएं ये घरेलू उपाय

गर्मी के मौसम में स्किन पर तेज धूप का असर दिखने लगता है। दरअसल, कैप, दुपट्टा या छाता से कवर करने के बाद भी दिन में घर से बाहर निकलने पर थोड़ी-बहुत टैनिंग हो ही जाती है। दरअसल, सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों के संपर्क में आने से हमारी स्किन डल पड़ने लगती है। स्किन के कॉम्प्लेक्शन में अंतर आने लगता है। ऐसे में धूप के असर से बचने के लिए आप कुछ होममेड फेस पैक का इस्तेमाल कर सकती हैं, जो आपकी स्किन को टैनिंग से बचाए रखेंगे।



**पपीता फेस पैकः** यदि आपका चेहरा धूप में अधिक समय तक रहने से डल पड़ गया है तो पपीते का फेस पैक काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए आप पका हुआ पपीता और नीबू लें। पपीते का छिलका उतारकर उसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर मैश कर लें और इसमें नीबू के रस की कुछ बूंदें मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर प्राकृतिक तरीके से सूखने के बाद ताजे पानी से चेहरा धो डालें। इसे आप रोजाना नियमित रूप से लगा सकती हैं।



**शहद-पपीते का फेस पैकः** सन टैन हटाने के लिए शहद और पपीते का फेस पैक भी काफी सहायक होता है। आप थोड़ा-सा पपीता मैश करके इसमें कुछ बूंदें शहद की मिलाकर फेस पैक तैयार कर लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाकर सूखने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह पैक सन टैन को हटाने के साथ ही त्वचा को पोषण भी देता है, जिससे आपकी स्किन सॉफ्ट बन जाती है।

**नीबू का फेस पैकः** नीबू का फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच नीबू का रस, एक चम्मच शहद और एक चम्मच दूध को कटोरी में मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर आधे घंटे लगा रहने दें और बाद में साफ ताजे पानी से धो डालें। यह त्वचा की रंगत निखारने का प्राकृतिक तरीका है। दूध में मौजूद नेचुरल फैट और मिनरल्स, स्किन को टोन करते हैं और मैग्नीशियम, कैल्शियम आदि स्किन को पोषण प्रदान करते हैं।



**एलोवेरा जैल-हल्दीः** तीन चम्मच एलोवेरा जैल, एक चम्मच हल्दी और दो चम्मच शहद को एक कटोरी में मिलाकर पेस्ट बना लें। इस फेस पैक को चेहरे पर लगाने के 20 मिनट बाद पानी से धो डालें। इसे आप हफ्ते में एक दिन लगा सकती हैं। एलोवेरा जैल की कुछ बूंदें रोजाना चेहरे पर लगाने से त्वचा की रंगत निखरती है और स्किन टैन की समस्या से निजात मिलती है। ❀

---

आप वर्किंग वूमेन हों या होम मेकर, जरूरत पड़ने पर दिन के समय भी घर से बाहर निकलना ही पड़ता है। ऐसे में हीट स्ट्रोक से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी डाइट को लेकर कॉन्शस रहें।

# डाइट रखें सही नहीं होगा हीट स्ट्रोक


डाइट सजेशन

डॉ. अंशु चौहान, डाइटीशियन

इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है। दिन के समय तो तापमान बहुत बढ़ जाता है। ऐसे में अगर घर से बाहर निकलना पड़े तो लू लगने यानी हीट स्ट्रोक का रिस्क होता है। इससे आपको गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। लू से बचने के लिए अन्य सावधानियों के साथ अपनी डाइट का ध्यान रखना भी बहुत जरूरी है।



**इनका करें सेवनः** इन तपिश भरे दिनों में सबसे अधिक ध्यान हाइड्रेशन पर होना चाहिए। हमारे शरीर का लगभग 60-70 प्रतिशत हिस्सा पानी का होता है, लेकिन तेज गर्मी की वजह से पसीने के जरिए हम न केवल शरीर में मौजूद पानी बल्कि जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम और पोटेशियम भी खोते रहते हैं। इसकी भरपाई के लिए खीरा, तरबूज और लौकी जैसी सब्जियों और फलों का सेवन फायदेमंद है। इनमें 90 प्रतिशत से अधिक पानी होता है। तरबूज में मौजूद लाइकोपिन, त्वचा को सूरज की किरणों से होने वाले नुकसान से भी बचाता है। वहीं खीरा शरीर को ठंडक देता है और इसमें मौजूद फाइबर कब्ज जैसी समस्याओं को भी दूर रखता है। जो अकसर गर्मी में पानी की कमी से हो जाती है। इन दिनों प्याज का सेवन भी लू से बचाने में कारगर माना जाता है, क्योंकि इसमें क्वेरसेटिन नामक तत्व होता है, जो गर्मी के प्रभाव को कम करने में मददगार साबित होता है। नियमित छोटे-छोटे मील्स, शरीर को कार्बोहाइड्रेट प्रदान करते हैं, जो गर्मी में ऊर्जा के मुख्य स्रोत होते हैं। घर का बना ताजा खाना और मौसमी फलों का सेवन आपको गर्मी में भी ऊर्जावान और सुरक्षित रखेगा।



**उपयोगी पेय पदार्थः** इन दिनों पेय पदार्थों में छाछ और नीबू पानी पीना सबसे फायदेमंद है। छाछ एक प्राकृतिक प्रोबायोटिक है, जो हमारे पाचनतंत्र को दुरुस्त रखने में सहायक होता है। जबकि नीबू पानी विटामिन-सी और इलेक्ट्रोलाइट्स का भंडार है। इसके अलावा आम का पन्ना, लू से बचने का पुराना, कारगर घरेलू तरीका है। कच्चे आम में मौजूद एसिड और पैक्टिन नामक पदार्थ, शरीर को झुलसाने वाली गर्मी से लड़ने की शक्ति देते हैं। इनके अलावा सत्तू का शरबत, प्रोटीन का एक बेहतरीन और सस्ता माध्यम है, जो शरीर को अंदर से ठंडा रखता है और लंबे समय तक ऊर्जा देता है। नारियल का पानी प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स (पोटेशियम, सोडियम, मैग्नीशियम) से भरपूर और डिहाइड्रेशन रिकवरी में सहायक होता है। इस बात को भी याद रखें कि गर्मी के दिनों में प्यास लगने का इंतजार ना करें, बल्कि हर एक घंटे में थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।

**क्या न खाएंः** इन दिनों तला-भुना और मसालेदार खाना पचाने में शरीर को बहुत अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे आंतरिक गर्मी बढ़ती है। समोसे, पकौड़े या भारी ग्रेवी वाली सब्जियां, एसिडिटी और पेट में जलन पैदा करती हैं। इसी तरह कैफीन (चाय और कॉफी) का सेवन कम करना चाहिए। ये पदार्थ डाइयूरेटिक होते हैं, जिसका मतलब है कि ये शरीर से पानी को बाहर निकालते हैं, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा चीनी वाले ठंडे पेय पदार्थ या सोडा पीना भी सही नहीं होता है। साथ ही इस मौसम में रेड मीट, शराब और भारी प्रोटीन वाले फूड्स से परहेज करना चाहिए। बासी खाना भी नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा रहता है। ❀

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम, दिल्ली सीएम से मिले साय

# लाल किला मैदान में राष्ट्रीय जनजाति सांस्कृतिक समागम कार्यक्रम में शामिल हुए छग के मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

देश की राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में राष्ट्रीय जनजाति सांस्कृतिक समागम आयोजित हुआ। यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर किया गया। देशभर से हजारों जनजातीय प्रतिनिधि और समुदाय इसमें शामिल हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष महत्व दिया। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच जनहित, सुशासन, शहरी विकास, सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

## छग की कल्याणकारी योजनाओं पर साझा की जानकारी



मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ में चल रहे विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। दोनों मुख्यमंत्रियों ने देश के विकास में राज्यों की सक्रिय भूमिका और आपसी सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बता दें कि लाल किले पर यह भव्य आयोजन जनजाति सुरक्षा मंच एवं जनजाति जागृति समिति द्वारा किया गया। लाल किले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में यह आयोजन सांस्कृतिक चेतना का राष्ट्रीय संदेश बना। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संबोधन में कहा कि जनजातीय समाज भारत की सांस्कृतिक आत्मा है। यह समाज सदियों से प्रकृति और मानव जीवन में संतुलन बनाए हुए है। उन्होंने बताया कि जनजातीय जीवन दर्शन मानवता को टिकाऊ विकास का मार्ग दिखा सकता है। छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी समृद्ध जनजातीय संस्कृति से जुड़ी है। राज्य में 42 प्रकार की जनजातियां निवास करती हैं। लगभग 44 फीसदी क्षेत्र वनाच्छादित है। स्वतंत्रता आंदोलन से राष्ट्र निर्माण तक जनजातीय समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। बिरसा मुंडा और वीर नारायण सिंह जैसे महानायकों ने बलिदान का इतिहास रचा।

## जनजातीय प्रतिभा को देते हैं पहचान और मंच

साय ने कहा कि उनकी सरकार जनजातीय संस्कृति के संरक्षण को प्राथमिकता दे रही है। नया रायपुर में आदि परब, बस्तर पंडुम और बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजन होते हैं। ये कार्यक्रम जनजातीय प्रतिभा और पहचान को राष्ट्रीय मंच देते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार गोंडी, हल्बी और सादरी जैसी भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा दे रही है। इससे नई पीढ़ी अपनी मातृभाषा और सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ी रहेगी। बस्तर से सरगुजा तक देवगुड़ी और मातागुड़ी का संरक्षण भी तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज के संवैधानिक अधिकारों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि यह भावना प्रबल हो रही है कि मूल परंपराएं छोड़ने वालों को अनुसूचित जनजाति सूची से बाहर किया जाए। इससे आरक्षण और सरकारी सुविधाओं का वास्तविक लाभ मूल समुदायों को मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मांग किसी समुदाय के विरोध में नहीं है। यह जनजातीय समाज की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा से जुड़ी है। इसे लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में उठाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। उन्होंने पारंपरिक नृत्य और लोक संगीत से भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत दिखाई। लाल किला मैदान में दिनभर मांदर, ढोल और पारंपरिक लोकधुनों की गूंज रही। यह समागम जनजातीय समाज की एकता और स्वाभिमान का प्रतीक बना। यह आयोजन सांस्कृतिक पुनर्जागरण का सशक्त राष्ट्रीय घोष बनकर उभरा।

करीब 10 करोड़ रुपए के तेंदूपत्ता जलने का अनुमान

# तेंदूपत्ता गोदाम में लगी भीषण आग देखते ही देखते हजारों बोरे खाक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर



> तेज गर्मी और सूखे वातावरण के चलते आग तेजी से फैलती चली गई

जिले के ईटपाल स्थित एक निजी तेंदूपत्ता गोदाम में सोमवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते गोदाम में रखे हजारों बोरे जलकर खाक हो गए। अनुमान के मुताबिक, इस हादसे में करीब 10 करोड़ रुपये का तेंदूपत्ता जलकर खाक हो गया। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, आग दोपहर लगभग 2:30 बजे लगी। उस समय गोदाम में बड़ी मात्रा में तेंदूपत्ता संग्रहित था। साथ मजदूर भी गोदाम में मौजूद थे, लेकिन किसी भी मजदूर को कोई नुकसान नहीं हुआ है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है, लेकिन तेज गर्मी और सूखे वातावरण के चलते आग तेजी से फैलती चली गई। गोदाम से उठते धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देता रहा।

## खबर संक्षेप



### गोवर्धन पूजा और भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**औबेदुल्लागंज।** नगर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन, गोवर्धन पूजा एवं भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया। वाचक पंडित संतोष तिवारी शास्त्री ने बताया मां यशोदा अपने लाला की स्वयं सेवा करती थीं, नौकर-नौकरानी के भरोसे बच्चों की सेवा करवाने से बच्चे पर अच्छा असर नहीं पड़ता और वह भविष्य में माता-पिता की सेवा नहीं करते। इसलिए माताएं बच्चों को बोतल का दूध न पिला कर अपना दूध पिलाए, तो बच्चा निरोगी एवं स्वस्थ रहता है। संतोष शास्त्री ने भगवान द्वारा माखन चोरी, गोपियों की चीर हरण, नामकरण एवं भगवान के अन्य कई लीलाओं का वर्णन किया। अंत में गोवर्धन की कथा सुनाते हुए पंडित शास्त्री ने कहा 7 वर्ष की उम्र में कन्हैया ने 7 कोश लंबे-चौड़े गोवर्धन पहाड़ को उठाकर बृजवासियों की इंद्र के प्रकोप से रक्षा की और इंद्र का गुरूर तोड़ा। पंडाल में उपस्थित भारी संख्या में माता-बहनों भाइयों ने गोवर्धन पहाड़ की परिक्रमा लगाई।

फरियादी ने साइबर सेल में दर्ज कराई मामले की शिकायत

# बिटकॉइन में निवेश कर मुनाफा कमाने के नाम पर साढ़े 5 लाख रुपए की ठगी

### टेलीग्राम के माध्यम से फरियादी को ग्रुप से जोड़कर की धोखाधड़ी

- ***वॉलेट में प्रॉफिट तो दिखने लगा, लेकिन रकम विड्राल नहीं हो सका***
- ***रकम निकालने के लिए दो लाख की और डिमांड करने पर ठगी का हुआ एहसास***

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल




बिटकॉइन में निवेश करने का झांसा देकर साइबर जालसाज ने एक व्यक्ति को पांच लाख 46 हजार 869 रुपए की चपत लगा दी। आरोपी ने टेलीग्राम पर मैसेज भेजकर फरियादी को अपने ग्रुप से जोड़ा और बिटकॉइन में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा होने का प्रलोभन दिया। शुरू में छोटा निवेश करने पर फरियादी को एप के वॉलेट में लाभ भी दिखने लगा। लालच में आकर उन्होंने करीब साढ़े पांच लाख रुपए इंवेस्ट कर दिए। वॉलेट में प्रॉफिट तो दिखने लगा, लेकिन रकम विड्राल नहीं हो सका। बल्कि रकम निकालने के लिए दो लाख रुपए की डिमांड और कर दी। ठगी का अहसास होने पर फरियादी ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी। वहां से जीरो पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर प्रकरण रातीबड़ थाने भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार नीलसागर कॉलोनी नीलबड़ निवासी साहिल कोरी (27) प्राइवेट नौकरी करता था, लेकिन वेतन कम मिलने की वजह से उसने नौकरी छोड़ दी और फिलहाल कोई काम नहीं कर रहा था। इस बीच विगत 28 अप्रैल को फरियादी के मोबाइल पर टेलीग्राम से मैसेज आया और बिटकॉइन में निवेश करने पर अच्छा मुनाफा होने का झांसा दिया। एक ट्रेडिंग एप के जरिए आरोपी साहिल कोरी से रकम निवेश कराने लगे। शुरू में फरियादी ने 1200 और फिर पांच हजार रुपए निवेश किए। एप के वॉलेट में उसे मुनाफा दिखने लगा। इसके बाद फरियादी ने 29 और 30 अप्रैल को अलग-अलग बार में कुल पांच लाख 46 हजार 869 रुपए इंवेस्ट कर दिए।

मोबाइल पर लिंक डाउनलोड करवाकर पूछा ओटीपी

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 1 लाख 77 हजार रुपए की ठगी

» ओटीपी बताते ही खाते से अलग-अलग बार में एक लाख 77 हजार निकल गए

जहांगीराबाद में रहने वाले निजी कंपनी के ड्राइवर को जालसाज ने 1 लाख 77 रुपए का चूना लगा दिया। साइबर जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 1 लाख 77 हजार रुपए का खाते में ट्रांसफर कर लिए। आरोपी ने फरियादी के बैंक खाते की अहम जानकारी हासिल कर एक लिंक भेजा। लिंक डाउनलोड करने के बाद ओटीपी बताते ही फरियादी के खाते से रकम निकल गई। जहांगीराबाद पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार ऐशबाग रोड बरखेड़ी जहांगीराबाद निवासी अयाज खान (30) निजी कंपनी में ड्राइवर हैं। विगत 26 फरवरी को उनके पास अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। खुद को बैंककर्मी बताने वाले आरोपी ने कहा कि वह कुछ मामूली औपचारिकता पूरी करने के बाद उनके कार्ड की लिमिट बढ़ जाएगी। फरियादी उनके झांसे में आ गए और उसके भेजे लिंक को अपने मोबाइल पर डाउनलोड कर लिया। लिंक डाउनलोड करते ही उनके पास एक ओटीपी आया।

## नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला आरोपी दोषमुक्त



**भोपाल।** नाबालिग से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास करने वाले करने वाला अभियुक्त खुशीलाल यादव को विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने साक्ष्य अभाव में दोषमुक्त कर दिया। पीड़ित ने 23 दिसंबर 2022 को थाना अवधपुरी में अपने भाई के मकान मालिक खुशीलाल यादव के विरुद्ध छेड़छाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास करने की रिपोर्ट कराई थी। अभियुक्त के अभिभाषक पंकज कुलश्रेष्ठ ने न्यायालय में तर्क दिया था कि किराए की राशि व मकान खाली करने के लिए विवाद होने के कारण पीड़िता के माध्यम से भाई द्वारा झूठी रिपोर्ट कराई गई है। पीड़िता के न्यायालयीन कथन, पूर्व न्यायालयीन कथन व पुलिस कथन में विरोधाभास है। पीड़िता ने इस बात को स्वीकार किया है कि उसके भैया न्यायालय में नौकरी करते हैं और आवेदन उनके द्वारा टाइप कराकर लाया गया था। बाद में उसके द्वारा यह व्यक्त किया गया है कि आवेदन थाने में टाईप हुआ था। अतः अभियुक्त को दोषमुक्त किया जाए।

सरकार की तबादला नीति-2026 लागू

# महिलाओं और रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल



प्रदेश सरकार ने तबादला नीति-2026 जारी कर दी है। नई नीति में महिला कर्मचारियों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों, दिव्यांग कर्मचारियों और सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मचारियों को बड़ी राहत दी गई है। वहीं तय लक्ष्य पूरे नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्ती बरतने का फैसला लिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने कैबिनेट की मंजूरी के बाद आदेश जारी कर दिए हैं। नई व्यवस्था के तहत 1 जून से 15 जून तक तबादले किए जा सकेंगे और सभी आदेश ऑनलाइन जारी होंगे। नई नीति के अनुसार अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिला कर्मचारियों को गृह जिले में पदस्थ करने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही पति-पत्नी को एक ही स्थान पर पदस्थ करने के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।हालांकि अंतिम निर्णय प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार लिया जाएगा। सरकार ने उन कर्मचारियों और अधिकारियों पर विशेष नजर रखने का फैसला किया है जो विभागीय लक्ष्य पूरे नहीं कर पा रहे हैं।

### श्रृंखलाबद्ध तबादलों पर रोक

न्यायालय के आदेश, गंभीर शिकायत, रिक्त पदों की पूर्ति, पदोन्नति और प्रतिनियुक्ति से वापसी जैसे मामलों में भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत तबादले किए जा सकेंगे। हालांकि रिक्त पदों को भरने के लिए श्रृंखलाबद्ध तबादलों पर रोक लगाई गई है। नई नीति में गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों को भी राहत दी गई है। कैंसर, डायलिसिस और ओपन हार्ट सर्जरी जैसी गंभीर बीमारियों के मामलों में जिला मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर स्थानांतरण किया जा सकेगा। वहीं 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांग कर्मचारियों का सामान्यतः तबादला नहीं किया जाएगा। इसके अलावा जिन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति में एक वर्ष या उससे कम समय बचा है, उनका सामान्य परिस्थितियों में तबादला नहीं किया जाएगा।

वारदात के एक सप्ताह बाद पुलिस ने किया मामले का पर्दाफाश

# पूर्व प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने करवाई थी अपने पति की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर

सिरगिट्टी थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्याकांड का पर्दाफाश हुआ है। एक पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके दो साथियों के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। यह पूरा मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ है। घटना के करीब एक सप्ताह बाद पुलिस ने इस मामले से पर्दाफाश किया। पुलिस ने शक के आधार पर पत्नी से कड़ी पूछताछ की। पूछताछ में पत्नी ने सारी सच्चाई बता दी और अपना अपराध कबूल किया। यह पूरा मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ निकला। झारखंड पुलिस एक महिला को साथ लेकर सिरगिट्टी थाने पहुंची थी। महिला के बयान के बाद पुलिस को इस हत्याकांड की जानकारी मिली।

### प्रेमी और दो साथी घटना के बाद फरार



पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमी और उसके दो साथी अभी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है। बीते 18 मई को यह वारदात हुई थी। झारखंड निवासी पूनम लोंमगा (35) अपने पति विनोद लोंमगा (40) को बिलासपुर लाई थी। उसने अपने पति को किसी परिचित से पैसे लेने का बहाना बनाया था। सिरगिट्टी स्थित रेलवे ट्रैक के पास प्रेमी सुगर टोपनो अपने दो साथियों के साथ मौजूद था। सभी ने मिलकर विनोद की हत्या की वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद युवक के शव को रेलवे ट्रैक के उस पार पानी से भरे स्थान पर फेंक दिया गया। गिरफ्तार पत्नी ने पुलिस को शव के पास ले जाकर स्थान दिखाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। इस मामले में प्रेमी सहित अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# वार्ड 78 में 23 करोड़ से बनेगा सीवेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

रविवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 78 विश्वकर्मा नगर में 23 करोड़ से अधिक की लागत से होने वाली सीवेज परियोजना एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन मंत्री विश्वास सारंग ने किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार मध्यप्रदेश में विकास और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रही है। हर वर्ग के कल्याण और हर क्षेत्र का समुचित विकास सरकार की प्राथमिकता है। सारंग ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल विकास कार्य करना नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन को सुगम भी बनाना है।



जनता को संबोधित करते मंत्री सारंग।

### 42 किमी लंबा सीवर नेटवर्क बनाया जाएगा

सारंग ने कहा कि वार्ड 78 स्थित विश्वकर्मा नगर में 23 करोड़ से अधिक की लागत से निर्माण होने वाली इस परियोजना के अंतर्गत 13 करोड़ की लागत से 42 किलोमीटर लंबा सीवर नेटवर्क बनाया जाएगा तथा 9 करोड़ रुपए की लागत से 8079 हाउस सीवर कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे।

सुबह से निकली तेज धूप, गर्मी से लोग हुए हलाकान

# नौतपे के पहले दिन गर्मी ने दिखाया अपना प्रभाव, पेंड्रा में पारा 43 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गौरेला पेंड्रा मरवाही

जिले में नौतपा के पहले दिन भीषण गर्मी का असर देखने को मिला। लगातार बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। पेंड्रा क्षेत्र में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि वास्तविक अनुभव 45 डिग्री तक महसूस किया गया। सुबह से ही तेज धूप और उमस के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

दोपहर होते-होते हालात और अधिक खराब हो गए। तेज गर्म हवाओं और लू के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। बाजारों में भी लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी। सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों, राहगीरों और छोटे व्यापारियों को हो रही है। उन्हें तेज धूप में काम करने को मजबूर होना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई है। यह स्थिति अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है।



### लू से बचने के लिए मौसम विभाग ने दी सलाह

विभाग ने लोगों को दोपहर के समय अनावश्यक रूप से घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। बाहर जाते समय सिर ढँककर जाने को कहा गया है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की भी सलाह दी गई है। यह सावधानी लू से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन ने भी नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को दोपहर में घर के अंदर रहने की सलाह दी है।

आउटसोर्स नीति का विरोध

## आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर, प्रदेश भर के कर्मचारी भोपाल में करेंगे प्रदर्शन

**भोपाल।** समय पर वेतन नहीं मिलने, नियमितीकरण और आउटसोर्स नीति के विरोध में सोमवार को प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचारी सामूहिक हड़ताल रहेंगे। आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी के हड़ताल के कारण शासकीय अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित हो सकती है। सोमवार को प्रदेश भर के कर्मचारी राजधानी भोपाल में एकत्रित होकर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे। मप संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मी 25 मई को वेतन, नियमितीकरण और नौकरी सुरक्षा की मांग को लेकर सामूहिक हड़ताल करेंगे। कोमल सिंह ने बताया कि कई जिलों में महीनों से वेतन नहीं मिला और सरकार ने अब तक आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए कोई ठोस नीति नहीं बनाई। अगर एक दिवसीय हड़ताल के बाद भी मांगें नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदारी, लेकिन सुविधाएं नहीं

आउटसोर्स कर्मचारी जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक समेत कई सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि नियमित कर्मचारियों की संख्या लगातार कम होने के कारण स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बड़ा भार अब आउटसोर्स कर्मियों पर आ चुका है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं।

## मन की शांति ही तन का योग सादृश्य यही कहलाता है आर्ट ऑफ लिविंग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमने कभी दुनिया को हथियारों के बल पर जीतने की चेष्टा नहीं की। हमने विश्वशक्ति नहीं, विश्वगुरु बनने का मार्ग चुना है। हमने हमेशा सबके सुख की कामना की है और वैश्विक कल्याण का नारा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मन की शांति ही तन के योग सादृश्य है। जब मन शांत होता है, तभी शरीर सही संतुलन, स्वास्थ्य और सामंजस्य में रहता है। यही आर्ट ऑफ लिविंग है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को कर्नाटक राज्य में आर्ट ऑफ लिविंग के इंटरनेशनल सेन्टर, उदयपुरा, बैंगलुरू में श्री श्री रविशंकर के 70 वें जन्मोत्सव एवं आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'वसुधैव कुटुम्बकम' हमारी संस्कृति का मूल है और श्री श्री रविशंकर इसी संदेश को पूरे विश्व में प्रसारित कर रहे हैं।

### उत्सव की तरह जीने की कला निष्काम कर्मयोग

बीते 7 दशक की श्रीश्री की ऊर्जा और करुणा इस व्यस्त और उथल पुथल के दौर में भी हर दिन नई और चिरयुवा है। सीएम ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग इस विश्व को श्री श्री की देन है। यह सेवा, साधना और शांति का परम संगम है। आर्ट ऑफ लिविंग पवित्र श्रीमद्भगवद्गीता में बताए गए निष्काम कर्मयोग और जीवन को एक उत्सव की तरह जीने की कला का सहज मार्ग है, एक नव वैश्विक स्वरूप है। आनंद प्राप्त हो रहा है। भारतीय संस्कृति में भाषाओं का गुलदस्ता है। भाषा कोई भी हो, लेकिन चेहरे के भाव से ही बहुत कुछ स्पष्ट हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण जानकारी

### ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

**02563/02564 बरौनी जं.-नई दिल्ली-बरौनी जं. विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 90 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02563 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02563 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02564 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02564 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 07:40 | बरौनी जं. | 15:10 | --- |
| 05:10 | --- | नई दिल्ली | --- | 17:55 |

**चलने के दिन: 02563 बरौनी जं. से** दिनांक 01.06.2026 से 15.07.2026 तक (प्रतिदिन) और **02564 नई दिल्ली** से दिनांक 02.06.2026 से 16.07.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 3 टियर वाता. इकोनॉमी, 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहराव:** मुजफ्फरपुर जं., छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, ऐशबाग एवं कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन।

**02569/02570 दरभंगा जं.-नई दिल्ली-दरभंगा जं. विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन)** — 90 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02569 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02569 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02570 आगमन | रेलगाड़ी सं. 02570 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | दरभंगा जं. | 10:00 | --- |
| 04:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 12:15 |

**चलने के दिन: 02569 दरभंगा जं. से** दिनांक 01.06.2026 से 15.07.2026 तक (प्रतिदिन) और **02570 नई दिल्ली** से दिनांक 02.06.2026 से 16.07.2026 तक (प्रतिदिन)।
**स्थान:** 3 टियर वाता. इकोनॉमी, 3 टियर वाता. एवं शयनयान
**ठहराव:** समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., छपरा, सीवान जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, ऐशबाग एवं कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन।

**03311/03312 धनबाद जं.-चण्डीगढ़-धनबाद जं. विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन)** — 28 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03311 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03311 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03312 आगमन | रेलगाड़ी सं. 03312 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | धनबाद जं. | 11:00 | --- |
| 04:30 | --- | चण्डीगढ़ | --- | 05:40 |

**चलने के दिन: 03311 धनबाद जं. से** दिनांक 12.07.2026 तक (रविवार एवं बृहस्पतिवार को) और **03312 चण्डीगढ़** से दिनांक 14.07.2026 तक (मंगलवार एवं शनिवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा जं., गया जं., सासाराम जं., भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., पानीपत जं. एवं अम्बाला कैंट स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद वेबसाईट दखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
पर हमें फॉलो करें

1764/26

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# अब अर्थव्यवस्था पर दिखने लगा दबाव

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में दो सप्ताह में करीब 7 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह इस बात का संकेत है कि सरकार भी अब दबाव महसूस कर रही है। हालांकि सरकार लगातार यह कोशिश कर रही है कि आम जनता पर बोझ सीमित रहे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों ने आर्थिक मोर्चे पर चुनौतियां बढ़ा दी हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आयात करता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में किसी भी तरह का तनाव सीधे तौर पर भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी टकराव तथा युद्ध की आशंका ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता पैदा कर दी है। सोमवार को युद्ध समाप्ति की उम्मीद में शेयर बाजार में तेजी जरूर देखने को मिली, लेकिन रुपये पर दबाव अभी भी बना हुआ है। डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी केवल वाहन चलाने की लागत तक सीमित नहीं रहती। इसका असर पूरे आर्थिक तंत्र पर पड़ता है। परिवहन महंगा होने से खाद्यान्न, सब्जियां, दूध और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ना स्वाभाविक है। यानी महंगाई का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ता है। मध्यम वर्ग और गरीब तबका सबसे ज्यादा प्रभावित होता है, क्योंकि उनकी आय सीमित होती है, जबकि खर्च लगातार बढ़ते जाते हैं। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह आर्थिक संतुलन बनाए रखे और जनता के असंतोष को भी नियंत्रित करे। यही कारण है कि केंद्र सरकार फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है। यदि तेल कंपनियों को लगातार घाटे में चलने दिया जाए तो आर्थिक बोझ बढ़ेगा, जबकि कीमतें बढ़ाने से जनता में नाराजगी का खतरा रहता है। इससे खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होने और कीमतें बढ़ने की आशंका रहती है। सप्लाई चेन बाधित होने की स्थिति में जरूरी वस्तुओं की कमी भी पैदा हो सकती है। इन परिस्थितियों के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने '3 एफ' यानी ईंधन (फ्यूल), उर्वरक (फर्टिलाइजर) और विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स) के रणनीतिक प्रबंधन पर जोर दिया है। उनका कहना है कि सरकार की प्राथमिकता विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत बनाए रखना और नागरिकों के हितों की रक्षा करना है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब अमेरिकी डॉलर के पार पहुंचना निश्चित रूप से एक सकारात्मक संकेत है। असली चुनौती यह है कि वैश्विक अस्थिरता के बीच आर्थिक विकास की रफ्तार को कैसे बनाए रखा जाए। यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रहती हैं तो सरकार की कई विकास योजनाओं पर असर पड़ सकता है। कुछ परियोजनाएं धीमी पड़ सकती हैं और कुछ में देरी होना स्वाभाविक है। निजी निवेश पर भी असर पड़ सकता है, क्योंकि उद्योग जगत अनिश्चित माहौल में निवेश को लेकर सतर्क हो जाता है। खाड़ी संकट जल्द नहीं सुलझा तो जरूरी वस्तुओं की कमी हो सकती है और सप्लाई चेन बाधित हो सकती है। ऐसे में सरकार पूरी सावधानी के साथ कदम उठा रही है। देखा जाए तो देश में अभी तक कीमतें और उपलब्धता काफी हद तक नियंत्रण में हैं। लेकिन यह आगे नहीं बढ़ेंगी इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि खाड़ी संकट जल्द दूर होगा, अर्थव्यवस्था पर दबाव कम होगा और आमजन को महंगाई से कुछ राहत मिलेगी।



## मुद्दा

डॉ. अश्विनी महाजन

> जब 10 मई, को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीज़ल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीज़ल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है।

# आत्मनिर्भरता से मजबूत होगा रुपया

भारतीय रुपया लंबे समय से कमज़ोर हो रहा है, लेकिन अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के ढाई महीने के बहुत कम समय में रुपये के मूल्य में आई हालिया गिरावट नीति निर्माताओं के लिए चिंता का बड़ा कारण है। हालांकि, भारतीय रुपये के मूल्य में गिरावट का सीधे तौर पर ज़िक्र नहीं किया गया, लेकिन यह कोई भी समझ सकता है कि जब 10 मई, 2026 को प्रधानमंत्री ने राष्ट्र से पेट्रोल और डीज़ल बचाने की अपील की, जिसके लिए उन्होंने अनावश्यक पेट्रोल-डीज़ल से चलने वाले वाहनों का इस्तेमाल कम करने, विदेश यात्रा में कटौती करने, घर से काम करने और ऑनलाइन बैठकें करने का सुझाव दिया तो असल में यह नागरिकों से विदेशी मुद्रा बचाकर भारतीय रुपये की रक्षा करने की अपील ही थी। इसी संदर्भ में, प्रधानमंत्री की नागरिकों से सोने की खरीद से बचने, खाना पकाने के तेल की खपत कम करने, विदेशी ब्रांड के सामान न खरीदने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने की अपील का उद्देश्य विदेशी देशों पर निर्भरता कम करना और कीमती विदेशी मुद्रा बचाना है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि खाड़ी युद्ध की इस अवधि के दौरान, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 38 अरब अमेरिकी डॉलर कम हो गया है, और हमारा भंडार 27 फरवरी को 728.5 अरब अमेरिकी डॉलर से घटकर 12 मई, 2026 तक 690.7 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है।

आम तौर पर, रुपये की स्थिरता के बारे में दो तरह के विचार हैं। एक वर्ग मानता है कि विनिमय दर, बाज़ार द्वारा निर्धारित एक मूल्य से ज़्यादा कुछ नहीं है; और अगर मुद्रा का मूल्य गिरता भी है, तो भी किसी को चिंता नहीं करनी चाहिए, क्योंकि आयात और निर्यात विनिमय दर के अनुसार अपने आप समायोजित हो जाएंगे। उनका मानना है कि घरेलू मुद्रा के मूल्य में गिरावट आयात को हतोत्साहित और निर्यात को प्रोत्साहित कर सकती है। भारतीय रुपये के बारे में, कभी-कभी उनका मानना होता है कि इसका मूल्य ज़रूरत से ज़्यादा है, और इसलिए यदि रिज़र्व बैंक रुपये में किसी भी गिरावट को रोकने के लिए हस्तक्षेप करता है, तो इससे अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा, क्योंकि ऐसा करने से आयात को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात हतोत्साहित होगा। दूसरा वर्ग एक मज़बूत रुपये में विश्वास रखता है। उन्हें लगता है कि केवल एक मज़बूत रुपया ही मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, और ऋण सेवाओं (मूलधन और ब्याज की अदायगी), लाभांश, रॉयल्टी, वेतन और अन्य आय हस्तांतरणों के कारण होने वाले विदेशी मुद्रा के बहिर्प्रवाह को नियंत्रण में रख सकता है। सत्ता की बागडोर संभालने से पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह तर्क देते रहे हैं कि पिछली सरकार की गलत नीतियों के कारण ही रुपये में गिरावट आई है, और इसलिए केवल सही नीतियों द्वारा ही समूह ही रुपये के अवमूल्यन को रोका जा सकता है। हालांकि, रुपये का मूल्य हमेशा से चर्चा का विषय रहा है, लेकिन हमें यह समझना होगा कि सरकार चाहे कितनी भी मज़बूत क्यों न हो, वह कृत्रिम रूप से विनिमय दर तय नहीं कर सकती और न ही इसे बढ़ाने में मदद कर सकती



है। विनिमय दर विदेशी मुद्राओं (जैसे डॉलर) की मांग और आपूर्ति द्वारा तय होती है। जहां विदेशी मुद्रा की मांग वस्तुओं और सेवाओं के आयात, ऋण चुकाने (अतीत में लिए गए ऋणों के मूलधन और ब्याज की वापसी), लाभांश, रॉयल्टी, तकनीकी शुल्क, वेतन और अन्य आय हस्तांतरण के कारण होती है; वहीं विदेशी मुद्रा की आपूर्ति वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के शुद्ध प्रवाह, और विदेशों से प्राप्त विदेशी पोर्टफोलियो निवेश आदि से होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कभी-कभी भारतीय रिज़र्व बैंक बाज़ार में हस्तक्षेप करता है और बाज़ार में विदेशी मुद्रा की आपूर्ति बढ़ाकर रुपए में अल्पकालिक उतार-चढ़ाव को रोकने की कोशिश करता है; लेकिन यदि चालू खाते पर भुगतान संतुलन में लगातार घाटे के कारण रुपए का मूल्य गिरता है, तो लंबे समय में इस प्रकार के हस्तक्षेप का प्रभाव बहुत सीमित होता है। रुपये के मूल्य को कृत्रिम रूप से बनाए रखने के लिए आरबीआई को अपने विदेशी मुद्रा भंडार से लगातार अधिक से अधिक डॉलर बाज़ार में डालने पड़ते हैं। इसलिए, यह खतरा बना रहता है कि यदि रिज़र्व बैंक विदेशी मुद्रा बाज़ार में हस्तक्षेप करना जारी रखता है, तो उसका विदेशी मुद्रा भंडार समाप्त हो सकता है। अतः, रुपए का मूल्य सुधारने के लिए, हमें इस घाटे के लिए ज़िम्मेदार मूल कारणों को ठीक करने की आवश्यकता है। हाल के वर्षों में भारत में रुपये के मूल्य पर विचार करें, तो हम पाते हैं कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के बीच रुपए का मूल्य अपेक्षाकृत स्थिर रहा और इस अवधि के दौरान इसमें मात्र 2.3 प्रतिशत की गिरावट आई। लेकिन 1 अप्रैल 2025 से अब तक, एक साल से कुछ अधिक समय में ही रुपये का मूल्य 11.7 प्रतिशत गिर गया है। इस अवधि के दौरान सबसे बड़ी गिरावट 27 फरवरी 2026 को युद्ध शुरू होने से लेकर 13 मई 2026 तक के समय में हुई। मात्र ढाई महीने की छोटी सी अवधि में ही रुपए का मूल्य काफी गिर गया 4.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ, यह 91.1 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर से गिरकर 95.5 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। इससे नीति निर्माताओं में बड़ी चिंता व्याप्त है।

हम समझते हैं कि रुपये की कीमत में गिरावट का मुख्य कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें हैं, जिससे व्यापार घाटा तेज़ी से बढ़ रहा है, और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बाज़ारों में भारी बिकवाली भी जारी है। भुगतान संतुलन का पहला हिस्सा वस्तुओं के व्यापार संतुलन से आता है। हम देखते हैं कि पिछले कुछ सालों में, वस्तुओं के आयात में बढ़ोतरी और निर्यात में सुस्ती का रुझान काफी बढ़ा है। लेकिन साल 2025-26 के दौरान, आयात में अचानक तेज़ी देखी गई, जबकि निर्यात लगभग स्थिर रहा; इसके परिणामस्वरूप वस्तु व्यापार घाटा 50 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़ गया, और 2024-25 के 283.5 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 333.2 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि, घाटे में हुई इस भारी बढ़ोतरी की कुछ हद तक भरपाई सेवाओं के व्यापार में हुए अतिरिक्त अतिरेक से हो गई; यह अतिरेक 2024-25 के 188.8 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 213.9 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, यानी इसमें 25 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई। अगर हम भारत द्वारा आयात किए जाने वाले मुख्य सामानों पर नज़र डालें, तो उनमें पेट्रोलियम उत्पाद, सोना, खाने का तेल, रासायनिक उर्वरक आदि शामिल हैं। वैश्विक संघर्षों, बाधित मूल्य श्रृंखलाओं और हमारे विदेशी मुद्रा भंडार के खत्म होने के खतरे के कारण लगातार गिरते रुपये की समस्या की गंभीरता को देखते हुए, देश के हितों की रक्षा के लिए राष्ट्र को संकीर्ण राजनीतिक विमर्शों से ऊपर उठकर तेजी से कदम उठाने होंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

विवेक मिश्रा




# साझा परिवहन जैसे प्रयोगों से ही होगी ईंधन की बचत

वैश्विक अर्थव्यवस्था को दलदल में घसीट रहे, पश्चिम एशिया के संघर्ष से, भारत जैसे प्रगतिशील देश अछूते रह सकें, यह संभव नहीं है। ऊर्जा की नश्वर तैलीय तमन्नाओं के उन्माद ने तरक्की पसंद मुल्कों की सरल राहों को रोका है। अतिवाद और तेलीयकरण के परिवेश में शांति प्रयासों की कोई सुबह होती नहीं दिख रही है, बढ़ती हुई पेट्रोल डीजल की कीमतें इस वास्तविकता की पुष्टि कर रहीं हैं। ऐसे संकटकाल में प्रधानमंत्री की देशवासियों से उपयोग व उपभोग में संयम बरतने की अपील, धैर्य की सभी कसौटियों को कसने के बाद ही की गई होगी, हम यह मानकर चलें। राजनीतिक दृष्टि से इस अपील की गहन गवेषणा की जा सकती है। इस एवज में कि हम अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 85% विदेशों से आयात करते है, जिसमें फारस की खाड़ी वाले मार्ग का हिस्सा 35% है। चीन के बाद गोल्ड का सबसे बड़ा उपभोक्ता भारत है और यह भी आयात पर ही निर्भर है। इस तरह ईंधन और स्वर्ण आभूषण से दबी भारतीय अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय मुद्रा डॉलर पर बहुत निर्भर करती है, जंग से निर्मित हालातों में बढ़ती कीमतों और हमारी मांगों से विदेशी मुद्रा भंडार के तेजी से कम होने का खतरा बढ़ रहा है, जनवरी की तुलना में मई 2026 में यह लगभग 723 बिलियन डॉलर से 690 बिलियन डॉलर पर आ चुका है। इन परिस्थितियों में संयम के संयुक्त प्रयत्नों से ही हम भारत के प्रगति पथ को निर्बाध संचालित रख सकते हैं। संयुक्त प्रयास इसलिए महत्वपूर्ण है , क्योंकि यह हम 140 करोड़ भारतीयों के दैनंदिन व्यवहार और बरतने की आदतों से जुड़ा विषय है। प्रयासों के इस क्रम में नेतृत्व कर्ताओं द्वारा अपने काफिलों से कमोबेश पचास प्रतिशत वाहन कम करने की बात कही गई है, जिसकी पालना फिलहाल कई माननीयों के द्वारा सड़कों पर किए गए वाहन शक्ति प्रदर्शन में देखने को नहीं मिल सकी, हालांकि केंद्रीय व शीर्ष नेतृत्व सराहनीय रूप से प्रयास कर रहे हैं । निजी क्षेत्र जरूर अपने सशक्त तकनीकी ढांचे के दम पर वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था को तुरंत मूर्तरूप दे सकते हैं। सरकारी कार्यालयों में भी अधिकारियों-कर्मचारियों के आवागमन को सार्वजनिक व साझा परिवहन से जोड़कर इच्छित परिणाम हासिल किए जा सकते है। अधिकांशतः सभी सरकारी दफ्तर सप्ताह में पांच दिन संचालित किए जाते हैं, लेकिन देशभर में स्कूल प्रायः सप्ताह में छह दिन लगाए जा रहे हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाशों की अवधि भी 1980 से 2010 तक 2 माह तक हुआ करती थी , यह अधिकांश राज्यों में अब 30 से 45 दिन तक सिमट चुकी है। आने वाले 1 वर्ष के लिए यदि 5 दिवसीय व्यवस्था और ग्रीष्मकालीन अवकाश को बढ़ाने का निर्णय लिया जाता है, तो कुछ चमत्कृत परिणाम हासिल हो सकते है। एक प्रयोग मॉडल के तरह हम इस पर विमर्श कर सकते हैं:- इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी के हिसाब से देशभर के 10 लाख सरकारी स्कूलों में 51 लाख सरकारी शिक्षक कार्यरत हैं। यदि यह सभी शिक्षक बाइक साझा कर अपने अपने घरों से स्कूल आने जाने के लिए कम से कम 10 किलोमीटर का सफर भी तय करते हैं, तो एक मोटरसाइकिल से दो शिक्षकों को 200 एम.एल. पेट्रोल की जरूरत होती है। वहीं देशभर के शिक्षकों के साथ ईंधन की यह खपत 510000 लीटर /प्रतिदिन हो जाती है। पेट्रोल की इस खपत को यदि अगले एक वर्ष के लिए फाइव डे वर्किंग मॉडल और 2 महीने के ग्रीष्मकालीन अवकाश से जोड़ दें (मौजूदा 1 माह के अवकाश से 30 दिन अधिक) तो कुल 39,780,000 लीटर पेट्रोल की बचत की जा सकती है। इतने मात्रा के पेट्रोल को परिष्कृत करने में लगने वाले कच्चे तेल की तादाद 86,478,261 लीटर या 77,698 मीट्रिक टन हो जाती है। (1 लीटर कच्चे तेल से लगभग 450 एम.अल. पेट्रोल का उत्पादन होता है।) आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 478 करोड़ रुपये होगी। हालांकि यह तथ्य भी स्पष्ट करना जरूरी है, कि भारत में कच्चे तेल की प्रतिदिन खपत 7,50,000 मीट्रिक टन है,अर्थात वर्षभर किए गए इन तमाम प्रयासों के बाद भी हम एक दिन की खपत का केवल 10% प्रतिशत ही कच्चा तेल बचा सकेंगे, जो देश में मात्र ढाई घंटे की आपूर्ति को पूरा करेगा। प्रथम दृष्टया इस प्रयोग का सीमित प्रभाव क्षेत्र हमें हताशा से भर सकता है, किंतु यह ध्यान रखना होगा कि यह 51 लाख सरकारी शिक्षकों के साथ किया गया प्रयोग है और यह भारत की कुल जनसंख्या का मात्र 0.36% प्रतिशत है। इस मॉडल को स्कूलों में पढ़ने वाले 25 करोड़ विद्यार्थियों की संख्या के अनुपालन से और प्रधानमंत्री के 140 करोड़ भारतीयों से किए गए आग्रह के अनुशासन से जोड़ दिया जाए, तो अगले एक वर्ष में जो परिणाम हम हासिल करेंगे, वह प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रभावना के अप्रतिम रोमांच से भर देगा।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शिवत्व की साधना



संकलित

## दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छे या बुरे सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं। इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण व सद्ज्ञान है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब परमात्मा शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

# सेवा का समर्पण भाव



संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व गंगा दशहरा

भारतीय संस्कृति में नदियों को केवल जलधारा नहीं बल्कि जीवन, चेतना और मोक्ष का स्रोत माना गया है। इनमें भी मां गंगा का स्थान सर्वोच्च है। करोड़ों भारतीयों की आस्था का केंद्र गंगा केवल एक नदी नहीं बल्कि सनातन सभ्यता की आत्मा हैं। हिमालय की गोद से निकलकर मैदानों को जीवन देने वाली गंगा सदियों से भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, कृषि, साहित्य और लोकजीवन की धुरी रही है। ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा दिव्य चेतना और गंगा के पृथ्वी पर अवतरण का महापर्व है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थी। इस बार यह पर्व अत्यंत शुभ और दुर्लभ संयोगों में आया है। यह आस्था, मोक्ष व मानवता का महापर्व है। *- विवेक पटेरिया, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# श्रीलंका में कानून-व्यवस्था बनाने भारत ने दिए 134 पुलिस वाहन

भारत ने सोमवार को कोलंबो में राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित समारोह में श्रीलंका को 134 पुलिस वाहन सौंपे, जिसे दोनों देशों के बीच 'बहुआयामी विकास साझेदारी' में एक और महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। इस सौदे से जुड़े समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दिसंबर 2024 में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके की नयी दिल्ली यात्रा के दौरान हस्ताक्षर हुए थे। भारतीय उच्चायुक्त संतोष झा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके की गरिमामयी उपस्थिति में श्रीलंका पुलिस को 30 करोड़ श्रीलंकाई रुपये से खरीदे गए 134 वाहन सौंपे गए।' उन्होंने बताया कि श्रीलंका पुलिस के अनुरोध पर की गई यह पहल सड़क सुरक्षा, नागरिकों को समय पर मदद पहुंचाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लक्ष्यों को पूरा करने में सहायक होगी। भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा कि इस बेड़े की सुपुर्दगी भारत और श्रीलंका के बीच सभी प्रमुख क्षेत्रों में जारी बहुआयामी विकास साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण अध्याय है। राष्ट्रपति दिसानायके के अलावा श्रीलंका के सुरक्षा मंत्री आनंद विजेपाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रियंत वीरसुरिया भी समारोह में मौजूद थे।




## ऑफ बीट


# विटामिन बी3 सप्लीमेंट से त्वचा कैंसर के खतरे कम

त्वचा कैंसर दुनिया का सबसे आम प्रकार का कैंसर है। इस कैंसर का कारण लगातार धूप में रहने, गोरी त्वचा और उम्र बढ़ने से जुड़ा है। रोकथाम की मौजूदा रणनीतियां पराबैंगनी (यूवी) किरणों से बचाव और 'सनस्क्रीन लोशन' के इस्तेमाल पर केंद्रित हैं। यह भी देखने में आया है कि एक बार त्वचा कैंसर का पता चलने पर कई बार रोगियों को इसकी पुनरावृत्ति का सामना करना पड़ता है। निकोटिनामाइड एक सस्ता और व्यापक रूप से उपलब्ध सप्लीमेंट है, जिसका इस्तेमाल त्वचा कैंसर से बचाव के लिए किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया कि विटामिन बी3 का यह रूप पराबैंगनी किरणों से होने वाली क्षति के बाद त्वचा की प्राकृतिक मरम्मत प्रणालियों को मजबूत करता है, सूजन कम करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली को असामान्य कोशिकाओं का पता लगाने तथा उन्हें हटाने में मदद करता है। नये अध्ययन में 12,000 से अधिक रोगियों, जिन्होंने एक महीने से अधिक समय तक प्रतिदिन दो बार 500 मिलीग्राम निकोटिनामाइड लेना शुरू किया, की तुलना 21,000 से अधिक रोगियों से की गई, जिन्होंने इसे नहीं लिया। निकोटिनामाइड लेने वालों में फिर से त्वचा कैंसर के विकास का जोखिम 14 प्रतिशत कम देखा गया।



## ट्रेंड

### बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं



भीषण गर्मी को देखते हुए, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कृपया अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में नीट परीक्षा आयोजित करने वाले जिले के अधिकारियों व सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों में जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उचित निर्देश जारी करें। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### देश में इबोला का केस नहीं



सभी अधिकारी देश भर में हवाई अड्डों, बंदरगाहों और भूमि सीमा पार करने सहित देश के सभी प्रवेश बिंदुओं पर इबोला स्क्रीनिंग व्यवस्था को पूरी तरह से सतर्क और मजबूत रखें। अभी देश में इबोला का कोई केस नहीं है यह राहत वाली बात है। **-जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### एक और संस्था धांधली का प्रतीक



मोदी-प्रधान की जोड़ी ने एक और संस्था को धांधली का प्रतीक बना दिया। दशकों में पहली बार सीबीएसई बोर्ड परीक्षा पर इतने गंभीर सवाल उठे हैं। 18.5 लाख बच्चों ने परीक्षा दी और एक हफ्ते से ओएसएम ग़लत मार्किंग और जांच की गड़बड़ी की शिकायतें अनसुनी पड़ी हैं और शिक्षा मंत्री अपनी कुर्सी से चिपके हुए हैं। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

### भारत में कम बढ़ोतरी



नेता विपक्ष राहुल गांधी देश को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। दुनिया भर में तेल और डीजल की कीमतों में भारी उछाल आया है, हालांकि, इसकी तुलना में भारत में कीमतों में हुई बढ़ोतरी मामूली रही है, विशेष रूप से तब जब इसे अमेरिका, ब्रिटेन और खाड़ी देशों में हुई वृद्धि के साथ देखा जाए। **-गौरव भाटिया,** राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर...

# हरियाणा भाजपा 5 जून से 21 जून तक चलाएगी सेवा का महाअभियान

■ मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी ने विधायकों, सांसदों, मंत्रियों व पार्टी पदाधिकारियों को दिए विशेष दिशा निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी ने सेवा का महाअभियान चलाने का फैसला लिया है। इसी विषय पर आगे की रुपरेखा तैयार करने के लिए पंचकूला के पंचकमल कार्यालय पर हरियाणा प्रदेश भाजपा की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र नागर, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने सभी उपस्थित विधायकों, सांसदों व मंत्रियों तथा पार्टी पदाधिकारियों को समाज सेवा के लिए चलाए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अगले महीने चुनाव आयोग द्वारा किए जा रहे एसआईआर के संबंध में भी मतदाता सूची ठीक करने में सहयोग करने की अपील की।

कोई ग़लत वोट न कटे और पात्र लोगों के वोट बने इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव आयोग का सहयोग करना चाहिए। सीएम सैनी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता मेहनत करता है और जनता में जाकर सरकार और पार्टी की नीतियों को रखता है। योजनाओं का लाभ सही पात्र तक पहुंचाने में भी मदद करता है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर किए जाने वाले कार्यक्रमों को भी बेहतर तरीके से करने के लिए सभी से कहा। मंच पर इस दौरान प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता के अलावा वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेशभर में व्यापक जनसंपर्क और जनकल्याण अभियान चलाएगी। यह अभियान 5 जून से 21 जून तक आयोजित किया जाएगा।

बड़ौली ने प्रदेश के हर जिले, मंडल और विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना और लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना है।उन्होंने कहा कि 8 से 12 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रम होंगे। 11 और 12 जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री और और वे स्वयं मीडिया से संवाद कर मोदी सरकार की उपलब्धियों को साझा करेंगे। वहीं 8 से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश के मंत्री और संगठन के पदाधिकारी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। इस दौरान वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा और विकसित भारत संकल्प से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिला स्तर पर विकसित भारत संकल्प सम्मेलन भी होंगे। प्रत्येक सांसद अपने लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में एक दिन बिताएंगे, जबकि विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के हर मंडल में एक दिन व्यतीत करेंगे। इसके लिए पांच-पांच सदस्यों की टीम बनाई जाएगी। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा द्वारा 12 से 20 जून तक जनकल्याण शिविर लगाए जाएंगे।

### 3 दिन तक चलेंगे शिविर

ये शिविर तीन दिन तक चलेंगे और प्रदेश सरकार के सहयोग से संचालित होंगे। पार्टी संगठन पात्र लाभार्थियों को शिविरों तक पहुंचाने और योजनाओं का पंजीकरण कराने में सहयोग करेगा। राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने भी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के संबंध में अनेक सुझाव रखे। सभी नेताओं ने मन की बात कार्यक्रम, प्रशिक्षण अभियान की समीक्षा की। बैठक में नशा के खिलाफ प्रदेश भर में अभियान चलाने को लेकर भी व्यापक चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी डाक्टर सतीश पूनिया ने कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक, अनुच्छेद 370 समाप्ति, राम मंदिर निर्माण, सीएए और तीन तलाक समाप्ति जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय राष्ट्रहित में लिए गए।

## खबर संक्षेप

### एथेनॉल आधारित स्वदेशी स्टोव लॉन्च किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एथेनॉल आधारित स्वदेशी कुकिंग स्टोव टेक्नोलॉजी का अनावरण किया। उन्होंने दावा किया कि इस नए स्टोव पर खाना बनाना कमर्शियल एलपीजी से काफी सस्ता पड़ेगा। इस स्टोव में 7 प्रतिशत एथेनॉल को पानी के साथ मिलाकर उपयुक्त लौ उत्पन्न होगी।

### कांग्रेस पर कभी भरोसा न करें: उदयनिधि



**चेन्नई।** तमिलनाडु में द्रमुक युवा शाखा प्रमुख उदयनिधि स्टालिन ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कांग्रेस पर दोबारा कभी भरोसा न करने को कहा है। उन्होंने कहा कि अपनी पूर्व सहयोगी रही द्रमुक का चुनावी फायदा उठाकर कांग्रेस ने पीठ में छुरा घोंपने का काम किया है। 20 से अधिक साल तक कांग्रेस पार्टी हमारी पीठ पर सवार रही।

### कर्नाटक में सीएम बदलने की तैयारी!



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर जारी अटकलों पर अंतिम फैसला जल्द लिया जा सकता है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की बैठक के बाद अगले दो से तीन दिनों में स्थिति साफ होने की उम्मीद है। सीएम सिद्धारमैया मंगलवार सुबह 11 बजे दिल्ली में कांग्रेस नेतृत्व से मिलेंगे।

### राजकोट में पलटी बस 2 की मौत, 20 घायल




**राजकोट।** गुजरात के राजकोट जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहां श्रद्धालुओं को ले जा रही एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 यात्री घायल हो गए हैं। पुलिस के अनुसार, हादसा अचानक हुआ जब बस चालक ने नियंत्रण खो दिया।

80 दिनों में कई देशों में महंगाई तेजी से बढ़ी, जबकि भारत में यह करीब 4% रही: भाटिया

# कांग्रेस राष्ट्रहित के खिलाफ, राहुल गांधी भारतीय राजनीति के 'भस्मासुर': भाजपा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने राहुल गांधी पर देश में अराजकता फैलाने और वैश्विक संकट के समय भारत को कमजोर दिखाने का आरोप लगाया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पेट्रोल, महंगाई और कच्चे तेल आयात के आंकड़ों के जरिए सरकार की नीतियों को स्पष्ट किया और कांग्रेस पर सांप्रदायिक राजनीति करने, झूठ फैलाने और राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध काम करने का भी आरोप लगाया। भाटिया ने कहा कि वर्तमान समय वैश्विक संकट का समय है। पूरे विश्व में कई ऐसे देश हैं जिनकी अर्थव्यवस्था लाचार हो गई है और वे स्वयं कमज़ोर पड़ गए हैं। दूसरी ओर, पिछले 80 दिनों में देश ने देखा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत किस प्रकार मज़बूती से इस वैश्विक चुनौती का सामना कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था मज़बूत है।

उन्होंने कहा कि एक टूलकिट मॉडल, जो विध्वंसक, अराजक, अपरिपक्व और मूर्खतापूर्ण है, वह राहुल गांधी की उपज है। कल इसी प्रकार "ए न्यू टूलकिट बाइ अ फ़ूल किड" सामने आई। राहुल गांधी कह रहे हैं कि यह सरकार, जो मज़बूती से देश की जनता की सेवा कर रही है, वह एक वर्ष में गिर जाएगी।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मुद्दा तेल की कीमतों को लेकर उठाया जा रहा है। पिछले 80 दिनों में विभिन्न देशों में पेट्रोल की कीमतों में कितनी वृद्धि हुई है, इसका भी आंकड़ा देखा जाना चाहिए। मलेशिया में पेट्रोल की कीमतों में 58 प्रतिशत वृद्धि हुई है, अमेरिका में 46 प्रतिशत, कनाडा में 34 प्रतिशत, चीन में 25 प्रतिशत, ब्रिटेन में 20 प्रतिशत, जबकि भारत में यह वृद्धि केवल साढ़े पाँच प्रतिशत रही है।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी यानि नकली गांधी भारतीय राजनीति के भस्मासुर तो हैं ही, यह सब जानते हैं, लेकिन अब वे ज्योतिष भी बन गए हैं। यदि राहुल गांधी का मक़सद अराजकता फैलाना है, तो भारतीय जनता पार्टी का भी संकल्प भारत को और अधिक मज़बूत बनाना है। राहुल गांधी एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा लें, लेकिन भाजपा ने भी ठान लिया है कि भारत को आगे लेकर जाना है। राहुल गांधी द्वारा कही गई बात "टूलकिट बाइ अ फ़ूल किड" इसलिए है क्योंकि उनकी अपरिपक्वता जगज़ाहिर है। 55-56 वर्ष की आयु में भी यदि परिपक्वता, ठहराव और संयम न आए, तो उस पर क्या कहा जा सकता है। यह बयान इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि इसे अराजकता फैलाने के उद्देश्य से इस समय दिया गया है।भाटिया ने कहा कि ये मुद्दे इसलिए उठाए जा रहे हैं, क्योंकि दुख इस बात का होता है कि नेता प्रतिपक्ष केवल भारत को कमज़ोर करने का कार्य करते हैं।



गौरव भाटिया



रागिनी नायक

जनता यह जानती है कि यह सरकार स्थिर भी है, मज़बूत भी है और अंगद के पाँव की तरह अडिग है। भाटिया ने कहा कि हाल ही में राहुल गांधी और श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, दोनों के एक्स पोस्ट सामने आए हैं। जब देश वैश्विक चुनौती का सामना कर रहा हो, तब चाहे सत्ताधारी दल हो या विपक्ष का कोई नेता, क्या सभी को देश के साथ खड़ा नहीं होना चाहिए? मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज तेल की कीमतों को लेकर बयान दिया और कुछ आंकड़े प्रस्तुत किए।

सबसे पहले राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को इस वैश्विक संकट के संदर्भ में देश को जवाब देना चाहिए। पिछले 80 दिनों में मलेशिया में महंगाई 56 प्रतिशत बढ़ी है। पाकिस्तान से भारत की तुलना ही नहीं हो सकती। यूएई में 52 प्रतिशत, अमेरिका में 45 प्रतिशत, फिलीपींस में 41 प्रतिशत, श्रीलंका में 38 प्रतिशत, कनाडा में 32 प्रतिशत और चीन में 22 प्रतिशत महंगाई बढ़ी है, जबकि भारत में यह केवल 4 प्रतिशत है। यह पहला आंकड़ा राहुल गांधी के लिए है, ताकि उन्हें यह समझाया जा सके कि भारत माता को कोसना बंद करें, क्योंकि देश बहुत मज़बूती से खड़ा है। राहुल गांधी के साथ या बिना उनके भी देश आगे बढ़ेगा, क्योंकि भारत के पास 140 करोड़ भारतीयों की शक्ति और समर्थन है।

### जनता का तेल निकाल तेल कंपनियां बटोर रही हैं 19 हजार 470 करोड़ रुपए का मोटा मुनाफा: नायक

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घटने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ रहे हैं और पीएम नरेंद्र मोदी जनता की जेब काटकर अपने मित्रों की तिजोरी भर रहे हैं। कांग्रेस कार्यालय में पार्टी प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि कुछ दिन पहले पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी कह रहे थे कि देश में तेल का कोई संकट नहीं है, महंगाई नहीं बढ़ेगी। उन्होंने सवाल किया कि अगर सब सही है तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत घटकर लगभग 98 डॉलर प्रति बैरल होने के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल क्यों महंगा हो रहा है? सोमवार को फिर से पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी क्यों की गई? पिछले 11 दिनों में पेट्रोल और डीजल के दाम लगभग आठ रुपये क्यों बढ़े? रागिनी नायक ने कहा कि जब देश की आम जनता त्राहिमाम कर रही है, तब 90 प्रतिशत घरेलू रिटेल बाजार को नियंत्रित करने वाली तेल कंपनियों (इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम) के चौथी तिमाही के संयुक्त शुद्ध लाभ में 41 प्रतिशत का उछाल आया है। उन्होंने बताया कि जनवरी से मार्च के बीच वैश्विक संकट के दौरान इन तेल कंपनियों का संयुक्त शुद्ध लाभ 19,470 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। रागिनी नायक ने कहा कि जब दूसरे देशों में पेट्रोल-डीजल पर जनता को राहत दी जा रही है, ऐसे में पिछले 12 वर्षों में एक्साइज ड्यूटी बढ़ा-बढ़ाकर 43 लाख करोड़ रुपये वसूलने के बाद भी सरकार महंगाई बढ़ाकर जनता की कमर तोड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में तेल और गैस की किल्लत के बावजूद अंबानी जैसे उद्योगपति तेल निर्यात कर मुनाफा कमा रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने यूपीए सरकार के कार्यकाल की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम 147 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया था, लेकिन तत्कालीन सरकार ने जनहित को ध्यान में रखते हुए एक्साइज ड्यूटी नहीं बढ़ने दी। इसका नतीजा यह था कि जनता को 71 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल, 55 रुपये प्रति लीटर डीजल और 412 रुपये में घरेलू एलपीजी सिलेंडर मिलता था। आज मोदी सरकार में हर दूसरे दिन चीजों के दाम बढ़ रहे हैं। आज डिग्री है तो नौकरी नहीं है, गाड़ी है तो पेट्रोल-डीजल नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने देशवासियों की परेशानियों के प्रति प्रधानमंत्री की उदासीनता पर तंज कसते हुए कहा कि देश में पेपर लीक हो रहे हैं, अभ्यर्थी आत्महत्या कर रहे हैं और लोग अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री की प्राथमिकता विदेश यात्राएं करना, टॉफी- चॉकलेट खिलाना और रील बनाना है। यदि पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने सरेंडर न किया होता तो देश को तेल आपूर्ति की चिंता नहीं करनी पड़ती।

खरगे ने पीएम मोदी को जिम्मेदार ठहराया

## बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष का पीएम पर 'वार'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और गिरती अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास देश चलाने का कोई विजन नहीं है। देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो रही है और मोदी सरकार इसे संभालने में विफल साबित हो रही है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि देश की जनता आज महंगाई और बेरोजगारी से बुरी तरह तंग आ चुकी है। पेट्रोल, डीजल और गैस के बढ़ते दामों के लिए सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि यह सरकार-निर्मित संकट है।



खरगे ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे गरीब व निम्न मध्यम वर्ग का जीना मुश्किल हो गया है और लोग रोजमर्रा की जरूरत की चीजें भी नहीं खरीद पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति अमीरों को और अमीर तथा गरीबों को और गरीब बनाने की है।

यूपीए सरकार का उदाहरण देते हुए खरगे ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के समय वैश्विक संकट के बावजूद सरकार ने कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का बोझ जनता पर नहीं पड़ने दिया था और सब्सिडी देकर राहत प्रदान की थी, लेकिन मोदी सरकार सिर्फ लोगों को लूटने में लगी है। बेरोजगारी के मुद्दे पर बोलते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश में लाखों सरकारी नौकरियां खाली पड़ी हैं, लेकिन सरकार भर्ती नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि मुनाफे वाले सार्वजनिक उपक्रमों को सरकार अपने चुनिंदा दोस्तों को बेच रही है, जिससे युवाओं के रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के हालिया विदेशी दौरे पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि देश की जनता को सोना नहीं खरीदने और विदेश नहीं जाने की नसीहत देने वाले प्रधानमंत्री खुद पांच देशों की यात्रा पर निकल गए। इटली की प्रधानमंत्री के साथ सोशल मीडिया पर चर्चा में आए एक वीडियो का जिक्र करते हुए खरगे ने कहा कि मोदी ने अमूल, मदर डेयरी या नंदिनी जैसी सहकारी या सरकारी समर्थन प्राप्त कंपनियों के उत्पादों के बजाय एक निजी कंपनी की चॉकलेट भेंट की। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह प्रधानमंत्री के पद की गरिमा के अनुकूल नहीं है; वे वहां भारत के प्रतिनिधि के रूप में गए थे, न कि किसी निजी कंपनी का प्रचार करने, फोटो खिंचवाने या मौज-मस्ती करने। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पीएम मोदी की तारीफ किए जाने पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में खरगे ने कहा कि जब दो इंसानों में एक जैसे गुण होते हैं, तो वे एक-दूसरे की ऐसी तारीफ करते हैं।

केरल के सीएम सतीशन का ऐलान

## 'मुनंबम वक्फ भूमि' विवाद में नहीं होगी बेदखली, देंगे जमीन

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम



केरल के सीएम वीडी सतीशन ने कहा कि केरल राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा मुनंबम की जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में अधिसूचित करेगा। हमने हमने यह फैसला लिया है कि इन पीड़ितों को उनकी जगहों से बेदखल नहीं किया जाएगा। उनकी रक्षा की जाएगी। उन्हें उनकी भूमि मिलेगी। हम अंत तक इसके लिए लड़ेंगे।

### केलकर की नियुक्ति सांविधानिक

सतीशन ने पूर्व सीईओ रतन यू केलकर को अपना सचिव बनाए जाने के फैसले का पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले केरल के किसी भी राजनीतिक दल ने केलकर के खिलाफ कोई शिकायत नहीं की थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति एक मानक सांविधानिक प्रक्रिया के तहत होती है। गुरुवायूर श्री कृष्ण मंदिर के दौरे पर भाजपा ने आरोप लगाया।

मेकेदातु बांध विवाद: विजय सख्त

## अधिकारियों को कानूनी कार्रवाई तेज करने के दिए सीधे 'निर्देश'

एजेंसी ▶▶ चेन्नई



तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने कर्नाटक की प्रस्तावित मेकेदातु बांध परियोजना को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में कावेरी जल विवाद से जुड़े सभी कानूनी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। सीएम ने कहा कि तमिलनाडु के अधिकारों की रक्षा और किसानों के हितों को सुरक्षित रखा जाए।

### अन्नाद्रमुक के 3 बागी विधायकों का इस्तीफा

अन्नाद्रमुक तीन बागी विधायकों मदुरंतकम से मरगाथम कुमारवेल, धारापुरम से सत्यभामा और पेरुंदुरई से जयकुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इन्होंने तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर से मुलाकात की और उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा जो मंजूर कर लिया गया। संभावना है कि ये तीनों सीएम सी जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके में शामिल हो सकते हैं।

## कोयले से गैस बनाकर यूरिया के उत्पादन में कोरबा उपयोगी हो सकता है: बृजमोहन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का कहना है कि कोयले से गैस बनाकर यूरिया के उत्पादन में छत्तीसगढ़ का ऊर्जा नगर कोरबा काफी उपयोगी हो सकता है। वह सोमवार को गुलमर्ग में रसायन एवं उर्वरक संबंधी संसदीय समिति की अहम बैठक में देश के घरेलू उर्वरक उद्योग को और मजबूत बनाने तथा देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा पर समिति के अन्य सदस्यों के साथ गहन चिंतन मनन कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में रसायन एवं उर्वरक संबंधी संसदीय स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में देश के घरेलू उर्वरक उद्योग को और मजबूत बनाने तथा देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अग्रवाल ने बैठक में छत्तीसगढ़ के कोरबा का विषय प्रमुखता से उठाया। बताया कि देश को यूरिया उत्पादन के लिए लगभग 50% प्राकृतिक गैस बाहर से आयात करनी पड़ती है, जिससे विदेशी निर्भरता बढ़ती है। जिसको कम करने हेतु 'कोल गैसीफिकेशन टेक्नोलॉजी' आधारित यूरिया संयंत्रों पर गंभीरता से काम करने की आवश्यकता है, यानी कोयले से गैस बनाकर यूरिया का उत्पादन। कोरबा इस दिशा में देश का सबसे उपयुक्त क्षेत्र बन सकता है, क्योंकि वहाँ प्रचुर मात्रा में कोयले का भंडार उपलब्ध है और संयंत्र स्थापना के लिए आवश्यक भूमि एवं आधारभूत सुविधाएँ भी मौजूद हैं। कोरबा में नया यूरिया संयंत्र स्थापित होने से छत्तीसगढ़ को औद्योगिक मजबूती मिलने के साथ युवाओं को रोजगार मिलेगा।



पीएमटी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं अभ्यर्थी-अनुकूल बनाने के लिए किये गए व्यापक प्रबंध : मुख्यमंत्री

पुलिस भर्ती पीएमटी में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी

## सीएम ने ताऊ देवी लाल स्टेडियम में पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों से की बात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवी लाल स्टेडियम में पुलिस भर्ती के लिए आयोजित शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) में शामिल अभ्यर्थियों से मुलाकात कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ताऊ देवी लाल स्टेडियम में पुलिस कर्मियों की भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों की शारीरिक माप परीक्षण आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने परीक्षा में भाग ले रहे अभ्यर्थियों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अभ्यर्थियों से प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक भी लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अभ्यर्थियों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं का जायजा लेने और अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से वे स्वयं स्टेडियम पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी पीएमटी प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं अभ्यर्थी-अनुकूल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों के साथ आए परिजनों से भी मुलाकात की और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर अभ्यर्थी खासे उत्साहित नजर आये। ताऊ देवी लाल स्टेडियम में प्रतिदिन लगभग 3 हजार अभ्यर्थियों की शारीरिक माप परीक्षण का आयोजन किया जा रहा है। अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों की सुविधा के लिए स्टेडियम के प्रवेश द्वार पर विश्राम क्षेत्र बनाया गया है, जहां बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है।



मॉनसून से पहले तैयारी के लिए उपाय करने का निर्देश

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की स्थिति की व्यापक समीक्षा बैठकें आयोजित की। इन बैठकों का आयोजन नई दिल्ली में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और परियोजना ठेकेदारों की उपस्थिति में किया गया।

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को बडे पैमाने पर मॉनसून से पहले तैयारी के लिए उपाय करने का निर्देश दिया। इनमें प्रभावी जल निकासी प्रबंधन, ढलान संरक्षण कार्य, सक्रिय निवारक रखरखाव और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र शामिल हैं। इसका उद्देश्य व्यवधानों को कम करना, सड़क सुरक्षा बनाए रखना और दीर्घकालिक परिसंपत्ति स्थायित्व को बढ़ावा देना है। गडकरी ने समीक्षा बैठक में राजस्थान के 10,064 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्गों की गुणवत्ता और रखरखाव की स्थिति का आकलन किया। इसके साथ ही उन्होंने हिमाचल प्रदेश में 1,947 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की प्रगति की समीक्षा भी की। गडकरी ने टिकाऊ, मजबूत और कुशल राजमार्ग अवसंरचना के विकास को सुनिश्चित करने के लिए परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, गुणवत्ता मानकों के कड़ाई से पालन और उन्नत प्रौद्योगिकियों तथा आधुनिक निर्माण पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने यह भी बताया कि मजबूत राजमार्ग नेटवर्क कनेक्टिविटी में सुधार, आर्थिक विकास को गति देने, यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और प्रमुख गलियारों में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

## खबर संक्षेप

### रुपये में लगातार तीसरे दिन रही मजबूती

**मुंबई।** अमेरिका एवं ईरान के बीच शांति समझौते की बढ़ती उम्मीदों के बीच सोमवार को रुपया 35 पैसे मजबूत होकर 95.25 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। यह रुपये में तेजी का लगातार तीसरा सत्र रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बढ़ी उम्मीदों से बाजार में सकारात्मक रुख रहा। लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी जैसे अहम मुद्दों पर मतभेद अभी बने हुए हैं।

# कर्मचारियों की सैलरी से महंगा पड़ रहा एआई, कंपनियां को लगने लगा डर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पिछले दो सालों से पूरी दुनिया की टेक इंडस्ट्री में सिर्फ एक ही बात का शोर है। हर कोई कह रहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आने से कंपनियों का काम बहुत आसान हो जाएगा, कर्मचारियों पर निर्भरता कम होगी और कंपनियों का खर्च भारी मात्रा में घट जाएगा। शेयर बाजार को भी यह कहानी इतनी पसंद आई कि जिस भी कंपनी ने एआई अपनाने, छंटनी करने या ऑटोमेशन की बात की, उसके शेयरों की कीमतें अचानक आसमान छूने लगीं। लेकिन अब जब दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों ने इसे हकीकत में बड़े पैमाने पर लागू करना शुरू किया है, तो इसके नतीजे उम्मीद से बिल्कुल अलग और चौंकाने वाले आ रहे हैं। हालांकि, इसे एआई पर बैन लगाना कहना पूरी तरह सही नहीं है। ज्यादा सटीक बात यह है कि कंपनी ने वेंडर कंसोलिडेशन किया। बाहर के महंगे टूल की जगह अपने कंट्रोल वाले टूल्स को प्राथमिकता दी, ताकि खर्च को रोका जा सके। असली मुद्दा एआई की उपयोगिता नहीं, बल्कि उसकी प्रति यूनिट पर आने वाली लागत का था।ऐसा ही कुछ दुनिया की सबसे बड़ी कैब सर्विस कंपनी उबर के साथ भी हुआ। उबर ने दिसंबर 2025 में अपने इंजीनियरों के लिए इसी क्लाउड कोड टूल की शुरुआत की थी और मार्च तक कंपनी के 5,000 इंजीनियरों में से लगभग 84% इसका इस्तेमाल कर रहे थे।

## इंजीनियरों के दिन-रात टूल इस्तेमाल से आए बिल से कंपनियां हलाकान

### खुद के सस्ते टूल पर शिफ्ट किया

जब हजारों इंजीनियर दिन-रात इस टूल का इस्तेमाल करने लगे, तो इसका कुल खर्च माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी कंपनी के लिए भी एक बड़ा सिरदर्द बन गया। नतीजा यह हुआ कि माइक्रोसॉफ्ट ने अपने इंजीनियरों को इस महंगे टूल से हटाकर अपने ही खुद के सस्ते एआई टूल्स और गिटहब कोपायलट स्टैक पर शिफ्ट करने का फैसला किया। कई जगहों पर यह खबर छपी की माइक्रोसॉफ्ट ने अपने कर्मचारियों के एआई इस्तेमाल को बैन कर दिया है।



### टूल इस्तेमाल करने का बिल ही भारी भरकम

अब टेक जगत के बड़े एक्सपर्ट्स यह सवाल उठा रहे हैं कि क्या एआई वाकई कंपनियों का खर्च बचा रहा है, या फिर यह खुद में एक बहुत बड़ा और अनियंत्रित खर्च बनता जा रहा है? माइक्रोसॉफ्ट ने अपने हजारों सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को कोडिंग, सॉफ्टवेयर की कमियां सुधारने मतलब डिबगिंग और कोड रिव्यू जैसे कामों के लिए 'क्लाउड कोड' एआई टूल के इस्तेमाल करने की इजाजत दी थी। यह टूल काफी पावरफुल है। शुरुआती छह महीनों में इंजीनियरों ने इस टूल को खूब पसंद किया और इसका जमकर इस्तेमाल भी किया। लेकिन असली मुसीबत तब शुरू हुई, जब इस एआई टूल का इस्तेमाल करने का बिल कंपनी के सामने आया।

## अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत को लेकर बाजार में सुधार

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1,074 अंक चढ़ा

भाषा ⏭ मुंबई

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 1,074 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 312 अंक के लाभ में रहा। अमेरिका-ईरान बातचीत को लेकर धारणा सुधरने से कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के साथ वैश्विक बाजारों में तेजी आई जिसका घरेलू बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,073.61 अंक यानी 1.42 प्रतिशत चढ़कर 76,488.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 1,143.72 अंक यानी 1.51 प्रतिशत बढ़कर 76,559.07 अंक पर पहुंच गया। बीएसई में सूचीबद्ध कुल शेयरों में से 2,785 में बढ़त दर्ज की गई, जबकि 1,535 शेयरों में गिरावट आई और 211 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। इसी प्रकार, पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 312.40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत बढ़कर 24,031.70 अंक पर रहा।

■ निफ्टी 312 .40 अंक यानी 1.32 प्रतिशत बढ़कर 24,031.70 अंक पर रहा



### पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे आया

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''बाजार में सकारात्मक माहौल का कारण मुख्य रूप से अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीद है। इसके कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड दो सप्ताह से अधिक समय में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से नीचे आ गया।'' इसके अलावा, प्रमुख निजी बैंकों के बेहतर प्रदर्शन, सकारात्मक वित्तीय घोषणाओं और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के और मजबूत होने से भी कीमतों में सुधार हुआ।''

### प्रगति की खबरों से वैश्विक धारणा में हुआ सुधार

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए बातचीत में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सतर्क रुख अपना रहे हैं और किसी भी खराब समझौते को स्वीकार नहीं करेंगे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिका-ईरान समझौते को लेकर बढ़ती उम्मीदों के चलते बाजार में तेजी रही। होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की दिशा में प्रगति की खबरों से वैश्विक धारणा में सुधार हुआ है। हालांकि, घटनाक्रम में लगातार बदलाव को देखते हुए स्थिति अभी भी अनिश्चित बनी हुई है।''

### यूरोप के प्रमुख बाजारों के कारोबार में भी रही बढ़त

अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.18 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.92 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की 225 और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए। दक्षिण कोरिया और हांगकांग में अवकाश के कारण बाजार बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजार दोपहर के कारोबार में बढ़त में रहे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को सकारात्मक दायरे में बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,440.47 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। सेंसेक्स बीते सप्ताह शुक्रवार को 231.99 अंक बढ़कर 75,415.35 अंक, जबकि निफ्टी 64.60 अंक की तेजी के साथ 23,719.30 अंक पर रहा था।

### कच्चे तेल में गिरावट से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के शेयर चढ़े

कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी के बाद सोमवार को बीपीसीएल और एचपीसीएल सहित पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। वैश्विक कच्चे तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमतों में पांच प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। अमेरिका और ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सैद्धांतिक सहमति बनने के बाद यह गिरावट दर्ज की गई। बीएसई पर भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) का शेयर 4.30 प्रतिशत चढ़कर 308.25 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 4.55 प्रतिशत बढ़कर 309 रुपये के उच्चस्तर तक पहुंच गया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का शेयर 3.52 प्रतिशत बढ़कर 403.40 रुपये पर बंद हुआ।

## देश में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार; मांग से अधिक है उपलब्धता

**नई दिल्ली।** उर्वरक विभाग ने स्पष्ट किया है कि भारत की उर्वरक सुरक्षा मजबूत, स्थिर और सुप्रबंधित है। सभी प्रमुख उर्वरकों की कुल उपलब्धता लगातार मांग से अधिक बनी हुई है और देश में उर्वरकों का कुल स्टॉक पूरी तरह से संतोषजनक स्थिति में है। आगामी खरीफ 2026 सीजन के लिए, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने उर्वरकों की कुल आवश्यकता 390.54 लाख मीट्रिक टन आंकी है। इस आवश्यकता के मुकाबले, वर्तमान स्टॉक लगभग 200.12 लाख मीट्रिक टन है, जो कुल आवश्यकता के 51% से अधिक को कवर करता है। यह सामान्य बफर स्तर (लगभग 33%) से काफी अधिक है। यह मजबूत आपूर्ति सरकार की बेहतर योजना, अग्रिम भंडारण और कुशल लॉजिस्टिक प्रबंधन को दर्शाती है। हालिया वैश्विक संकट



की स्थिति के बाद, आयात और घरेलू उत्पादन के माध्यम से कुल उपलब्धता में लगभग 117.6 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों को सफलतापूर्वक जोड़ा गया है।

### 648वाँ अभिषेक कार्यक्रम उल्लास के साथ संपन्न

स्याद्वाद युवा क्लब द्वारा आज 648वाँ अभिषेक कार्यक्रम श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, पश्चिम विहार में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर लगभग 300 से अधिक सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराकर धर्म लाभ एवं पुण्यार्जन किया। संपूर्ण वातावरण भक्तिमय भजनों, मंत्रोच्चार एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम के दौरान सभी श्रद्धालुओं को पूज्य मुनि श्री प्रतिज्ञा सागर जी महाराज के प्रेरणादायी प्रवचनों का लाभ प्राप्त हुआ। मुनिश्री ने अपने उद्बोधन में धर्म, संयम, सदाचार एवं आत्मकल्याण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को संस्कारों से जुड़ने का संदेश दिया। उनके अमृतमय वचनों ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक ऊर्जा एवं नई प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम का सफल आयोजन स्याद्वाद युवा क्लब के सदस्यों के सहयोग एवं समर्पण से भव्य रूप में संपन्न हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

I, Mrs. Pushpa Rani Chhabra W/o Late Shri Sudama Ram R/o 113, New Layalpur, Krishna Nagar, Delhi-110051 out of our own free will and consent do hereby disown and debar my real son, Daughter-in-law along with Grand son namely Mr. Arun Chhabra, Mrs. Ram Sheela and Master Gauransh Chhabra from all our moveable and immovable assets and have severed all our relations with them as my son and daughter in law are very disobedient, disrespectful, beyond our control and supervision. Anyone Dealing with them will do so at their own risk and cost, I will not be responsible for their any acts or deeds as I have no relation with them.

Pushpa Rani Chhabra

### सुजलॉन का लाभ 5.6 फीसदी घटकर 1,114 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** सुजलॉन एनर्जी का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 5.6 प्रतिशत घटकर 1,114 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से आस्थगित कर लाभ (डिफर्ड टैक्स क्रेडिट) में कमी से कंपनी का लाभ घटा है। सुजलॉन ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 1,181 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82255077 | रोबोटिक सर्जरी सिस्टम (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) | 01 नग | 30.06.2026 |

बोली–पूर्व बैठक 12.06.2026 को दोपहर 3:00 बजे (सम्पूर्ण) कमरा नंबर 35, सम्मेलन कक्ष, संवाद, उत्तर रेलवे, सेंट्रल हॉस्पिटल, पी के रोड, नई दिल्ली–110055 में आयोजित की जाएगी।

निविदा शर्ते– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 82255077 दिनांक: 25.05.2026 1762/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## समझौते की उम्मीदों से सोने में तेजी, चांदी के भाव स्थिर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को डॉलर के कमजोर होने तथा अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बनी उम्मीदों के कारण सोने की कीमतों में 300 रुपये की बढ़ोतरी हुई और इसकी कीमत 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गयी। स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 300 रुपये का इजाफा हुआ। शुक्रवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,64,900 रुपये प्रति 10 ग्राम थी, जो बढ़कर 1,65,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। हालांकि, बाजार के जानकारों ने बताया कि चांदी की कीमतें 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रहीं। विश्लेषकों ने कहा कि सर्राफा की कीमतों में यह तेजी भू-राजनीतिक तनाव में कमी, बॉन्ड प्रतिफल में नरमी और डॉलर के कमजोर होने के कारण आई। हालांकि, रुपये में आई मजबूती ने घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में और अधिक उछाल को सीमित कर दिया। हालांकि, रुपये में आई जोरदार मजबूती ने घरेलू कीमतों में होने वाली बढ़त को सीमित कर दिया।'' सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 35 पैसे की मजबूती के साथ 95.25 (अस्थायी) के स्तर पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा सत्र था जब रुपये में मजबूती दर्ज की गई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### दूसरों की देखभाल से पहले स्वयं का ध्यान रखना जरूरी : श्रुति गुप्ता

**नई दिल्ली।** मास्टर ऑफ फिजियोथेरेपी की छात्रा डॉ. वनीत कुमार, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के निर्देशन में एलाइड हेल्थकेयर के छात्र अपना भविष्य दूसरों की सेवा और उपचार के लिए समर्पित करते हैं। लेकिन लेक्चर, प्रैक्टिकल, क्लीनिकल पोस्टिंग और लगातार पढ़ाई के बीच वे अक्सर अपनी ही सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। लंबे समय तक बैठकर पढ़ाई करना, गलत पोस्चर, लगातार मोबाइल और लैपटॉप का उपयोग, भारी बैग उठाना और बार-बार एक जैसी गतिविधियाँ करना छात्रों में वर्क-रिलेटेड मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर्स को बढ़ा रहा है। गर्दन, कमर, कंधों और कलाई का दर्द अब छात्र जीवन का आम हिस्सा बनता जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि कई छात्र इस दर्द को सामान्य मान लेते हैं।

**उत्तर रेलवे**

इ–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/24/2026-27/W-3 दिनांक: 25.05.2026

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | आरआरआई केबिन से पीएफ नंबर 8 तक जाने वाली पहुंच सड़क का सुधार, वर्षा जल संचयन प्रणाली का प्रावधान, एडीईएन / एनडीएलएस के अंतर्गत एसएसई /वर्क्स/ एएनवीटी खंड में शौचालय परिसर का प्रावधान। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | रु. 2,00,99,984.62/- (रुपये दो करोड़ निन्यानवे हजार नौ सौ चौरासी और बासठ पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | रु. 4,02,000.00/- (रुपये चार लाख दो हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 16.06.2026 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। 1768/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचने का प्रयास करें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**वृष** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। खर्चों की अधिकता रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। पिता का साथ मिलेगा। आत्मसंयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि हो सकती है। मन परेशान हो सकता है। रहन–सहन में असहज रहेंगे। कारोबार का विस्तार होगा।

**सिंह** – अनावश्यक भागदौड़ में बढ़ोतरी हो सकती है। भवन या सम्पत्ति सुख में वृद्धि होगी। खर्च बढ़ेंगे। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**कन्या** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी का प्रभाव बढ़ेगा।

**तुला** – कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**धनु** – विदेश यात्रा के योग भी बन रहे हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा।

**मकर** – कारोबार में कुछ बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**कुंभ** – शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। खर्च बढ़ेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। आय की स्थिति में सुधार होगा। अनियोजित खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**मीन** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

### जम्मू मंडल ने ट्रक-ऑन-ट्रेन सेवा शुरू करने की संभावना तलाशने हेतु हितधारकों की बैठक आयोजित की



**जम्मू।** जम्मू रेल मंडल ने सोमवार को जम्मू से रोल-ऑन/रोल-ऑफ या ट्रक-ऑन-ट्रेन सेवाएं शुरू करने की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक हितधारक बैठक बुलाई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक, श्री विवेक कुमार ने की, जिसमें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक व वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक ने भी मुख्यरूप से भाग लिया। बैठक में जम्मू-कश्मीर ट्रक एसोसिएशन, इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स, किसान उत्पादक संगठन और अन्य लॉजिस्टिक्स व व्यापार हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंडल की योजना इस सेवा को बाद में श्रीनगर तक विस्तारित करने की भी है। प्रस्तावित आरओ-आरओ सेवा का उद्देश्य सड़क और रेल नेटवर्क को एकीकृत कर मल्टीमॉडल परिवहन को मजबूत करना है, जिससे लदे हुए ट्रकों को विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेलवे वैगनों पर लंबी दूरी तक ले जाया जा सके। इस पहल से माल परिवहन में सुधार, लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ने और क्षेत्र के लिए एक टिकाऊ व किफायती परिवहन समाधान मिलने की उम्मीद है। बैठक के दौरान अधिकारियों ने आरओ-आरओ मॉडल के कई लाभों पर प्रकाश डाला, जिसमें ईंधन की खपत, टोल खर्च और वाहनों के रखरखाव में कमी के माध्यम से ट्रक ऑपरेटरों के लिए परिचालन लागत कम होना शामिल है। इस सेवा से राजमार्गों पर भारी वाहनों की संख्या कम होने और यातायात भीड़भाड़ घटने से सड़क सुरक्षा में भी सुधार होने की उम्मीद है।

### दूरदर्शन नेशनल पर लौटेगा मनोरंजन का सुनहरा दौर : हंसी, सवालों और यादगार किरदारों के साथ



**नई दिल्ली।** भारत का प्रतिष्ठित सार्वजनिक प्रसारक एक बार फिर अपने दर्शकों के लिए मनोरंजन, ज्ञान और पारिवारिक मूल्यों से भरपूर शानदार कार्यक्रमों की श्रृंखला लेकर आ रहा है। दूरदर्शन नेशनल अब दर्शकों को ऐसा पारिवारिक मनोरंजन प्रदान करेगा, जो हर पीढ़ी को जोड़ता है और पूरे परिवार को एक साथ बैठकर टीवी देखने का अवसर देता है। दूरदर्शन नेशनल की नई प्रोग्रामिंग लाइन-अप में कॉमेडी, सामाजिक सरोकार और ज्ञान का बेहतरीन संगम देखने को मिलेगा। लोकप्रिय कार्यक्रमों की वापसी के साथ चैनल दर्शकों की पुरानी यादों को ताजा करने के साथ-साथ नई पीढ़ी के लिए ताजा मनोरंजन का अनुभव भी लेकर आएगा। सबसे बड़ा आकर्षण होगा देश का सबसे लोकप्रिय और सदाबहार क्विज शो, सदाबहार "कौन बनेगा करोड़पति", जो केवल एक क्विज शो नहीं बल्कि करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों, सपनों और प्रेरणादायक कहानियों का मंच है। वर्षों से यह कार्यक्रम भारतीय टेलीविजन का सबसे विश्वसनीय और लोकप्रिय ज्ञान आधारित शो बना हुआ है। महानायक अमिताभ बच्चन की दमदार प्रस्तुति, उनकी सहज बातचीत और प्रतिभागियों के साथ भावनात्मक जुड़ाव इस शो को हर आयु वर्ग के दर्शकों के बीच खास बनाता है। सदाबहार "कौन बनेगा करोड़पति" ने देश के कोने-कोने से आए सामान्य लोगों को अपनी प्रतिभा और ज्ञान के दम पर नई पहचान दी है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**


**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रवीण राम** पुत्र सरोज राम निवासी 232, गली नंबर 7, महावीर एन्क्लेव पार्ट-II, पालम, सागरपुर, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 885/2020 धारा 279/304ए भा.दं.सं., थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रवीण राम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रवीण राम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा **धारा 82 Cr. P.C.** की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 885/2020 धारा 279/304ए भा.दं.सं., थाना नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **प्रवीण राम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.07.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: सुश्री रेनू,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-10,**
**पश्चिम, न्यायालय संख्या 245,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली।**

DP/6815/OD/2026

## शब्द पहेली - 6237



**बाएँ से दाएँ**

1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक –2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता–4
7.जीत, फतेह–2
8.आकाश रेखा, छोर–3
9.तल, पैंदा–2
10.थाती, धरोहर–4
11.मोटा आटा–2
13.सलाह, मशवरा–4
14.अन्य, वो, तिन–2
16.घर,गृह–3
18.धावक (अंग्रेजी–3)
19.नाम रखना–2,3
21.परामर्शदाता–5
24.सुनसान, नीरव–3
26.वन, जंगल–3
28.मिट्टी, रेत–2
29.चेतनाहीन–4
30.पराग कण–2
32.भयभीत होना–4
33.छोटी सवारी गाड़ी–2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी–3
36.द्वार,किवाड़–2
37.जनता की राय–4
38.नाटक लिखने वाला–5

**ऊपर से नीचे**

1.मत, सलाह–2
2.करतब–4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो–3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा–3
5.लीन, मग्न–2
6.जलाऊ लकड़ी–4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू–4)
12.बांया–2
15.आनंदित होना–4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म–3
18.योद्धा–4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म–3
22.मुआवजा–4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया–3,2
25.राज वंश–2,3
26.काम, कार्य–4
27.मादा का विलोम–2
29.उपद्रव फैलाने वाला–4
31.दुनिया, जहान–3
34.क्रिकेट में बनते हैं–2
36.पंख, पराया–2

### शब्द पहेली- 6236 का हल







# जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार खेल रहे हैं फ्रेंच ओपन, पहुंचे दूसरे दौर में

एजेंसी ⏭ पेरिस

फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन कुछ उम्रदराज खिलाड़ियों ने अपना जलवा दिखाया, जिनमें नोवाक जोकोविच प्रमुख थे, जिन्होंने एक बार फिर साबित कर दिया कि 39 वर्ष की उम्र में भी वह अपने युवा प्रतिद्वंद्वियों पर भारी पड़ सकते हैं।

**दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में पेरीकार्ड को हराया**

जोकोविच को पहले दौर में न सिर्फ अपने से लगभग आधी उम्र के स्थानीय खिलाड़ी का सामना करना पड़ रहा था बल्कि उन्हें दर्शकों का भी समर्थन नहीं मिल रहा था। जोकोविच ने अपने रिकॉर्ड 82वें ग्रैंड स्लैम में फ्रांस के 22 वर्षीय खिलाड़ी जियोवानी म्पेटशी पेरिकार्ड से पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके दो घंटे 51 मिनट तक चले मैच में 5-7, 7-5, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की।

### फेडरर और फेलिसियानो लोपेज को पीछे छोड़ा

अपने 39वें जन्मदिन के ठीक दो दिन बाद कोर्ट पर कदम रखते ही जोकोविच ने पुरुषों में सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खेलने का रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने रोजर फेडरर और फेलिसियानो लोपेज को पीछे छोड़ा। जोकोविच ने उन 82 ग्रैंड स्लैम में से रिकॉर्ड 24 जीते हैं। जोकोविच रिकॉर्ड 22वीं बार फ्रेंच ओपन के पुरुष एकल में खेल रहे हैं। इस तरह से उन्होंने फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट और एंटोनी जेंटियन की बराबरी कर ली है। वह यहां पिछले 20 टूर्नामेंट में से 19 में कम से कम क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। उन्होंने 2016, 2021 और 2023 में फ्रेंच ओपन का खिताब जीता।

# बसवरेड्डी ने किया उलटफेर, सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज को दी शिकस्त

एजेंसी ⏭ पेरिस

भारतीय मूल के टेनिस खिलाड़ी निशेष बसवरेड्डी ने फ्रेंच ओपन में पहला बड़ा उलटफेर करते हुए पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराया। वाइल्डकार्ड से प्रवेश पाने वाले और अब अमेरिकी नागरिक बन चुके बसवरेड्डी ने दो घंटे 45 मिनट के कड़े मुकाबले में विश्व नंबर 9 फ्रिट्ज को 7-6(5), 7-6(5), 6-7(9), 6-1 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। इक्कीस वर्षीय बसवरेड्डी के माता-पिता 1999 में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर से अमेरिका चले गए थे। वह साल



2000 के बाद इस ग्रैंड स्लैम में शीर्ष 10 रैंकिंग वाले खिलाड़ी को हराने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले 2000 में यान-माइकल गैम्बिल ने 2000 में तत्कालीन विश्व नंबर 8 निकोलस कीफर शिकस्त दी थी।

### वावरिंका ने फ्रेंच ओपन को अलविदा कहा

पेरिस। स्विट्जरलैंड के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी स्टेन वावरिंका ने सोमवार को पहले दौर में हार के साथ फ्रेंच ओपन को भावुक विदाई दी। वावरिंका 2015 में फ्रेंच ओपन के चैंपियन रहे थे, जबकि 2017 में उपविजेता बने थे। इस 41 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले ही घोषणा कर दी है कि वह इस सत्र के अंत में संन्यास ले लेंगे। उन्होंने अपने पहले रोलां गैरो मुकाबले के 21 वर्ष बाद यहां आखिरी बार कोर्ट पर कदम रखा। नीदरलैंड के जेस्पर डी जोंग ने वावरिंका को 6-3, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। जीत के बाद डी जोंग ने दर्शकों से वावरिंका के सम्मान में तालियां बजाने का आग्रह किया।

| ऑरेंज कैप | पर्पल कैप |
|---|---|
|  |  |
| साईं सुदर्शन | भुवनेश्वर कुमार |
| 638 रन | 24 विकेट |
| गुजरात | बेंगलुरु |

## खबर संक्षेप



### सौडल ओपन: 63वें स्थान पर रहे संधू

**रिंकवेन।** भारतीय गोल्फर युवराज संधू को सौडल ओपन के अंतिम दिन काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा और आखिर में वह संयुक्त 63वें स्थान पर रहे। डीपी वर्ल्ड टूर में पहली बार खेल रहे 29 वर्षीय संधू ने अंतिम दिन 73 का स्कोर बनाया। इस प्रतियोगिता में यह उनका एकमात्र ओवर पार स्कोर था। उन्होंने चार दौर में 70-68-68-73 के कार्ड खेले और आखिर में पांच अंडर पार के स्कोर के साथ अपने अभियान का समापन किया। इस बीच डीपी वर्ल्ड टूर में सात बार के विजेता दक्षिण अफ्रीका के रिचर्ड स्टर्न ने 13 साल बाद कोई खिताब जीता। स्टर्न का कुल स्कोर 18 अंडर पार (64-68-68-66) रहा।

### विश्व कप फुटबॉल टीम में शामिल यमल-विलियम्स



**मैड्रिड।** चोटिल फॉरवर्ड लेमाइन यमल और निको विलियम्स को स्पेन की विश्व कप फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है। ार्सीलोना के यमल और एटलेटिक बिलबाओ के विलियम्स को सत्र के आखिर में मांसपेशी में चोट लगी थी लेकिन कोच लुईस डे ला फुएंटे ने कहा कि वह विश्व कप से पहले फिट हो जाएंगे। स्पेन को ग्रुप एच के पहले मैच में 15 जून को अटलांटा में केप वर्डे से खेलना है। इसके बाद 21 जून को सऊदी अरब और 26 जून को उरुग्वे से सामना होगा। पहली बार विश्व कप के लिए स्पेन की टीम में रीयाल मैड्रिड का कोई खिलाड़ी नहीं होगा।

### तलवार ने किया शानदार प्रदर्शन, रहे 40वें स्थान पर

**ओडेंसे।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार ने बीच के दो दौर में औसत प्रदर्शन करने के बाद अंतिम दौर में शानदार खेल का नमूना पेश किया, जिससे वह डेनिश गोल्फ चैलेंज में संयुक्त 40वें स्थान पर रहे।



तलवार में अंतिम दौर में चार अंडर 68 का स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर आठ अंडर पार (67-70-75-68) रहा। तलवार अब रोड टू मलोरका तालिका में 21वें स्थान पर हैं। इसमें 2026 में डीपी वर्ल्ड टूर के लिए 15 कार्ड उपलब्ध हैं। इस बीच टैपियो पुल्कनेन ने प्लेऑफ में मैक्सेंस गिबौडॉट को हराकर खिताब जीता।

## अंडर-23 सीनियर एशियन कुश्ती में छाईं बेटियां

# देश की महिला पहलवानों ने 10 मेडल जीते, इनमें 7 म्हारी छोरियों ने कब्जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



अंडर-23 सीनियर एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में भारत की महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसमें महिला पहलवानों ने सभी भारवर्ग में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। पहलवानों ने 6 स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित 10 मेडल जीते। इसमें से सात हरियाणा की महिला पहलवानों ने जीते। इसके अलावा लड़कों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अक्षय ने 57 किलोग्राम में और विक्की ने 97 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता वियतनाम में आयोजित की जा रही है। हरियाणा की मुस्कान ने 53 किलोग्राम, तपस्या ने 57 किलोग्राम, पुलकित ने 67 किलोग्राम, मानसी ने 68 किलोग्राम, काजल ने 76 किलोग्राम और महाराष्ट्र की भाग्यश्री ने 62 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीता। भाग्यश्री रोहतक के छोटूराम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। हरियाणा की नेहा ने 59 किलोग्राम और स्वीटी ने 50 किलोग्राम में रजत पदक जीता। महाराष्ट्र की अमृता ने 72 और अहिल्या ने 55 किलोग्राम में कांस्य पदक जीता। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन से पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने सभी पदक विजेताओं को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि भारतीय टीम आगामी मुकाबलों में भी इसी लय को बरकरार रखेगी।

### लड़कों में पहलवान अक्षय और विक्की ने जीता सोना



### म्हारी छोरी किसी से कम नहीं

*हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि म्हारी छोरी किसी से कम नहीं है। महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करके देश का नाम रोशन किया। कोच मनदीप ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।*

# विराट ब्रिगेड की बल्लेबाजी पर गुजरात टाइटंस का हमला, आज असली जंग!



एजेंसी ⏭ धर्मशाला

लगातार दूसरी बार खिताब जीतने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा रहे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर सीधे फाइनल में जगह बनानी है तो उसे आईपीएल के पहले क्वालीफायर में मंगलवार को गुजरात टाइटंस के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण का डटकर सामना करना होगा।

- **आज शाम 7 .30 बजे से गिल और कोहली की टीमों के बीच टक्कर**

दोनों टीमों ने 14 मैचों में 18 अंक के साथ लीग चरण के अपने अभियान का समापन किया, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के कारण आरसीबी शीर्ष स्थान पर रहा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटन्स निस्संदेह आईपीएल 2026 की दो सबसे संपूर्ण टीमें रही हैं,हालांकि प्लेऑफ तक पहुंचने के लिए उन्होंने अलग-अलग रास्ते अपनाए हैं। रजत पाटीदार के नेतृत्व में आरसीबी ने आक्रामक बल्लेबाजी और पिछली प्रतियोगिताओं की तुलना में कहीं अधिक भरोसेमंद गेंदबाजी इकाई के दम पर अपना अभियान आगे बढ़ाया।मौजूदा चैंपियन टीम ने इस सत्र में लगातार 200 रन का आंकड़ा पार किया। आरसीबी को बल्लेबाजी में शीर्ष क्रम में दिग्गज विराट कोहली के अनुभव और गेंदबाजी में जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार के शानदार प्रदर्शन से काफी फायदा हुआ।

# महिला हॉकी : आस्ट्रेलिया के खिलाफ आज से सीरीज

एजेंसी ⏭ पर्थ



भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही 4 मैचों की श्रृंखला के जरिए एफआईएच नेशंस कप की मजबूत तैयारी करने का प्रयास करेगी।सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम का लक्ष्य 15 से 21 जून तक आकलैंड में होने वाले नेशंस कप से पहले लय हासिल करने का होगा। अर्जेंटीना में इस साल की शुरुआत में बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम ने दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के खिलाफ श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराई थी। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने दो मैच जीतकर वापसी की थी। भारतीय टीम ने बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर में काफी अभ्यास किया, जिससे खिलाड़ियों को ढांचागत खेल, अपने कौशल को निखारने, पेनल्टी कॉर्नर में विविधता आजमाने और मैच फिटनेस हासिल करने में मदद मिली।

# श्रेयांश सोमैया ने अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स में जीत का सिलसिला जारी रखा

भाषा ⏭ मुंबई

शीर्ष वरीय श्रेयांश सोमैया (1973 रेटिंग अंक) ने सोमवार को यहां मुंबई फिडे रेटेड अखिल भारतीय शतरंज मास्टर्स के चौथे सत्र में निखिल जोशी (1645) पर शानदार जीत के साथ अपना अजेय अभियान जारी रखा। अन्य मुकाबलों में रेयांश वेंकट (1906) ने समर्थ पाटकर (1624) को हराकर शीर्ष खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी। कुश अजय अग्रवाल (1835) ने सक्षम भारद्वाज (1594) के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। इस बीच एजीएम राजवीर पिंकेश नाहर (1801) ने दीपक जाधव आदित्य (1588) को हराकर प्रतियोगिता में अपनी दावेदारी बनाए रखी। जान्हवी सोनेजी (1792) और आशीष जैन त्वेशा (1576) के बीच कड़े मुकाबले में मैच ड्रॉ रहा जबकि मयूरेश पारकर (1781) ने निहाल भोसले (1580) को मात दी। ओम



नीलेश देवरुखकर (1726) ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में सोहम सुदर्शन सहमाते (1540) को हराया जबकि आर्यन सिस्टा (1658) ने प्रियांश (1475) को शिकस्त दी। मान्या बलानी (1653) ने वेद आंब्रे (1453) पर शानदार जीत के साथ सभी को प्रभावित किया। अधवन ओसवाल (1546) ने उलटफेर करते हुए आर्य अमोल बागायतकर (1773) को हराया।

### ग्रैंडमास्टर गुकेश का स्वीकारनामा कहा- मैंने नहीं किया अच्छा प्रदर्शन

ओस्लो। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने किसी तरह का बहाना बनाने से परहेज करते हुए स्वीकार किया कि 2024 का विश्व खिताब जीतने के बाद से उनका प्रदर्शन अपेक्षानुरुप नहीं रहा और उनके खेल को लेकर पूर्व दिग्गजों की आलोचना जायज थी। गुकेश ने पिछले 18 महीनों में निराशाजनक प्रदर्शन किया है और वह इस साल के आखिर में अपना विश्व किताब बचाए रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह आलोचनाओं को नजरअंदाज करने की कोशिश करते हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया कि चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ अपने विश्व खिताब का बचाव करने से पहले परिणाम उनके अनुकूल नहीं रहे हैं।

## लियोनेल ने मैच के बीच में छोड़ा मैदान

# लियोनेल मेस्सी की चोट ने बढ़ाई अर्जेंटीना की टेंशन

एजेंसी ⏭ मियामी

लियोनेल मेस्सी के विश्व कप से पहले चोटिल होने की आशंका बन गई है क्योंकि अर्जेंटीना के इस स्टार फुटबॉलर ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए मैच के बीच में मैदान छोड़ दिया था।

इस तरह से मेस्सी समय से पहले अवकाश पर चले गए और अब मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना को यह देखना होगा कि क्या उन्हें कोई चोट लगी है या नहीं। मेस्सी 73वें मिनट में मैदान से बाहर चले गए। लुई सुआरेज के तीन गोल की मदद से इंटर मियामी ने इस मैच में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ 6-4 से जीत हासिल की। मेस्सी की किसी भी समस्या के बारे में तत्काल कोई पता नहीं चल पाया है।

### 16 जून को अल्जीरिया से पहला मुकाबला

*अर्जेंटीना विश्व कप के ग्रुप जे में है, जिसमें उसका सामना 16 जून को कंसास सिटी में अल्जीरिया, 22 जून को अर्लिंग्टन, टेक्सास में ऑस्ट्रिया और 27 जून को अर्लिंग्टन में ही जॉर्डन के खिलाफ होगा। अर्जेंटीना अगर आगे बढ़ता है तो मेस्सी को मियामी गार्डंस में भी खेलने का मौका मिल सकता है।*



### पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं मेस्सी

मेस्सी पहले भी कह चुके हैं कि वह पूरी तरह फिट होने पर ही विश्व कप में खेलेंगे। अर्जेंटीना ग्रुप चरण का अपना पहला मैच 16 जून को खेलेगा। मेस्सी पांच विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दो बार गोल्डन बॉल पुरस्कार जीत चुके हैं। उन्होंने यह पुरस्कार पहली बार 2014 में और फिर 2022 में जीता था जब उन्होंने अर्जेंटीना को खिताब दिलाया था। यह पुरस्कार 1982 से ही दिया जा रहा है, लेकिन वह इसे दो बार जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं।

### मेस्सी को जूझना पड़ा हैमस्टिंग की समस्या से

इंटर मियामी के साथ अपने तीन साल के कार्यकाल के दौरान मेस्सी को कम से कम दो बार हैमस्टिंग की समस्या से जूझना पड़ा है।मेस्सी ने मैदान छोड़ने से पहले कम से कम एक बार अपनी बायीं हैमस्टिंग को स्पर्श किया और फिर जब उन्हें सब्स्टीट्यूट किया जा सकता था तो वह इंटर मियामी के बेंच की ओर भी नहीं गए। मेस्सी मैदान को टीम के लॉकर रूम से जोड़ने वाली सुरंग से होते हुए बाहर निकल गए। मेस्सी धीरे-धीरे चल रहे थे और उनके साथ टीम के मेडिकल स्टाफ का कोई भी सदस्य नहीं था।

## सिंगापुर ओपन

# खिताबी सूखा खत्म करने उतरेंगे लक्ष्य और सिंधु



एजेंसी ⏭ सिंगापुर

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे दस लाख डॉलर ईनामी राशि के सुपर 750 टूर्नामेंट में लय हासिल करके खिताब का सूखा खत्म करने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य पिछले सप्ताह पहले दौर से बाहर हो गए थे। वह पहले मैच में चीन के लू गुआंग झू से खेलेंगे। महिला एकल में सिंधू पहले दौर में इंडोनेशिया की पांचवीं वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वरदानी से खेलेंगी। थाईलैंड ओपन में क्वार्टर फाइनल तक पहुंची सिंधू विभिन्न टूर्नामेंटों से जल्दी बाहर होती आई है। आयुष शेट्टी कनाडा के विक्टर लाइ से खेलेंगे, जिन्होंने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

- **आज से शुरू दस लाख डॉलर का ईनामी टूर्नामेंट**

### श्रीकांत का सामना विश्व चैंपियन लोह कीन यू से

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत का सामना 2021 विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। वहीं विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता एच एस प्रणय इंडोनेशिया के पांचवीं वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी से खेलेंगे। पोलिश ओपन विजेता दुनिया की 22वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति हुड्डा का सामना पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन जापान की तोमोका मियाजाकी से होगा। मालविका बंसोड़ चीनी ताइपै की लिन सियांग ति से खेलेगी।




## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में ट्रक पलटने से 15 की मौत, 10 घायल



**ढाका।** मध्य बांग्लादेश के तंगेल जिले में सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, लोहे की छड़ों और यात्रियों से भरी एक लॉरी (ट्रक) जमुना पुल के पूर्वी हिस्से में अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा ईद-अल-अजहा की छुट्टियों के दौरान हुआ, जब लोग त्योहार मनाने अपने पैतृक घर जा रहे थे। सभी घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। फिलहाल मृतकों की पहचान की कोशिशें जारी हैं।

### पहले कनाडा में कैफ पर अब कपिल के घर हुई फायरिंग



**अमृतसर।** कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा के अमृतसर स्थित घर के बाहर सोमवार को फायरिंग होने की खबर आई। इससे पहले कनाडा में उनके कैफे पर भी फायरिंग होने की खबरें आई थी।कपिल के परिवार से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि हमलावर बाइक पर आए और 2 राउंड फायरिंग करके भाग गए। अभी तक हमले की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। एसीपी कमलजीत सिंह औलख ने कहा- गोली चलने की पुष्टि नहीं हुई है। अमृतसर के पॉश इलाके हॉली सिटी में कपिल शर्मा का घर है। इलाके को सील कर दिया।

### गंगा दशहरा पर हरकी पैड़ी पर आस्था की डुबकी




**हरिद्वार।** गंगा दशहरा पर सोमवार को हरिद्वार हरकी पैड़ी में स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी है। माना जाता है कि दशहरे पर किया गया स्नान दस पापों का नाश करता है। वहीं गंगोत्री धाम में भी श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अलौकिक समागम देखने को मिल रहा है। प्रसिद्ध गंगोत्री धाम मंदिर परिसर में सुबह से ही वैदिक मंत्रोच्चारण शंखध्वनि और हर-हर गंगे के उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान है। शंकर की जटाओं में समाई मां गंगा ने ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन पर्वतों से उतरीं थी। बार हरिद्वार के मैदान में प्रवेश किया था।

---

मौजूदा वैश्विक चुनौतियों के अलावा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षित नौवहन आवाजाही को बनाए रखने का मुद्दा भी होगा शामिल

# पश्चिम-एशिया संकट के बीच आज होगी क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक

नई दिल्ली पहुंचे जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

वर्तमान में बने हुए पश्चिम-एशिया संकट और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तेजी से बढ़ती जा रही चीन की आक्रामकता के मुश्किल दौर में मंगलवार को राजधानी के हैदराबाद हाउस में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे चार देशों के क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की एक महत्वपूर्ण उच्च-स्तरीय बैठक होगी।

जिसमें इन दोनों मामलों के अलावा समूह देशों के आपसी संबंधों और क्वाड के तहत उन्हें भविष्य में और अधिक मजबूत बनाने के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

### भारत पहुंचे जापान, ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री

क्वाड की इस बैठक में भाग लेने के लिए 25 मई को जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी और ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग नई दिल्ली पहुंचे। बैठक से इतर यह दोनों विदेश मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो पिछले सप्ताह शनिवार को ही इस बैठक में भाग लेने के लिए सबसे पहले भारत पहुंच गए थे। जिसके बाद उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ मुलाकात की थी। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ रविवार को रुबियो की एक अहम द्विपक्षीय बैठक भी हुई थी। सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री ने अपनी धर्मपत्नी और अमेरिकी दूतावास के कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश के आगरा (ताजमहल) और राजस्थान के जयपुर (आमेर का किला, शीश महल व अन्य जगह शामिल) का दौरा किया। इस वर्ष भारत क्वाड समूह की अध्यक्षता कर रहा है।

जिसकी वजह से विदेश मंत्रियों की इस बैठक की मेजबानी भी उसके पास है। आगामी वक्त में समूह देशों का शिखर सम्मेलन भी भारत में हो सकता है। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के शामिल होने की संभावना है।

### मोटेगी के साथ हुई जयशंकर की बैठक

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर अपनी एक ऑडियो-वीडियो पोस्ट को साझा करते हुए जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में दिए संबोधन के बारे में जानकारी दी है। जिसमें बताया कि पूर्व में हम मार्च महीने में फ्रांस में मिले थे। उसके बाद हो रही यह हमारी दूसरी मुलाकात है। आपका नई दिल्ली में स्वागत है। 26 मई को हम क्वाड की एक महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि भारत और जापान के बीच एक विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी है। जो हमारे संबंधों के व्यापक परिणामों, प्रभावों और महत्व को दर्शाती है। कल की बैठक में हम इस बात पर भी चर्चा करेंगे कि कैसे हम एक खुले हुए, स्वतंत्र हिंद प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने के लिए अपने संबंधों की इस प्रगाढ़ता का इस्तेमाल कर सकते हैं?

### *वैश्विक स्तर पर हालात चिंताजनक*

*विदेश मंत्री ने कहा कि मैं मानता हूं कि आज वैश्विक स्तर पर हालात चिंताजनक हैं। जिसे देखते हुए मैं आपके साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक तथा क्षेत्रीय मामलों पर चर्चा कर रहा हूं। इसमें मुख्य रूप से वर्तमान में पश्चिम-एशिया, मध्य पूर्व में बने हुए हालात का मुद्दा काफी अहम है। क्योंकि हम दोनों ही देश ऊर्जा का आयात करने वाले और व्यापार पर केंद्रित हैं। इसके अलावा हमारे समुद्र हित भी हैं। मैं आपके साथ आर्थिक सुरक्षा के मुद्दे पर भी बातचीत करना चाहूंगा। यह भी एक बड़ा और जरूरी मुद्दा। है। क्योंकि इसका संबंध सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से है और यह सभी के लिए चिंता का मामला है।*

***ये रहेगा क्वाड बैठक का कार्यक्रम:*** *विदेश मंत्रालय के मुताबिक, क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक 26 मई को हैदराबाद हाउस में सुबह करीब 9 बजे शुरू होगी। उससे कुछ देर पहले भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री एक ग्रुप फोटो लेंगे। 9 बजकर 50 मिनट तक यह बैठक पूरी हो जाएगी और फिर क्वाड देशों की तरफ से एक संयुक्त प्रेस बयान जारी किया जाएगा, सभी विदेश मंत्रियों के अलग से बयान भी होंगे। शाम करीब सवा चार बजे विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर के साथ अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके आधिकारिक निवास स्थान सेवा तीर्थ पर जाकर शिष्टाचार मुलाकात करेंगे। जिसके बाद शाम करीब 6 बजे इन सभी की भारत से अपने देशों की ओर रवानगी हो जाएगी।*

***राष्ट्रपति ट्रंप बोले, मुझे भारत से प्यार है :*** *यहां बता दें कि भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद अमेरिकी दूतावास में आयोजित किए गए एक कार्यक्रम के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजदूत सर्जियो को टेलीफोन किया। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की और कहा कि मुझे भारत से प्यार है। पीएम मोदी मेरे बेहद करीबी मित्र हैं। साथ ही वह मेरे सबसे बड़े प्रशंसक हैं।*

---

गोलियों की तड़तड़ाहट से सहमे लोग

## राजौरी के जंगलों में गुरिल्ला वार... छिप-छिपकर गांव बदल रहे आतंकी

*सुरक्षाबलों ने 2 से 3 आतंकियों को पूरी तरह से घेर लिया*


फाइल फोटो

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों का बड़ा ऑपरेशन चल रहा है, लेकिन घने जंगलों और पहाड़ों का फायदा उठाकर आतंकी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे हैं। पिछले तीन दिनों के भीतर आतंकियों ने सेना को छकाने के लिए एक बार फिर अपना ठिकाना (इलाका) बदल लिया है। सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, आतंकी गम्भीर गली के रास्ते मंजकोट इलाके में दाखिल हुए और फिर घने जंगलों का सहारा लेते हुए 'थ अड्डा' क्षेत्र की तरफ बढ़ गए हैं। आतंकियों द्वारा लगातार गांव और ठिकाने बदलने की इस रणनीति ने सुरक्षाबलों के लिए चुनौतियां काफी बढ़ा दी हैं। इस बीच सेना और स्थानीय पुलिस ने पूरे इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है और दोनों ओर से रह-रह कर ताबड़तोड़ गोलीबारी हो रही है। सैन्य अधिकारियों के मुताबिक इन आतंकियों से सुरक्षाबलों का पहला सामना बीते शनिवार को हुआ था, जब वे एक प्राकृतिक हाइडआउट में छिपे थे। तब वे घने कोहरे की आड़ में भाग निकले थे, लेकिन सेना लगातार उनका पीछा कर रही थी।राजौरी के जंगलों में एक बार फिर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई है। ताबड़तोड़ गोलियों की गूंज से पूरा इलाका दहल उठा है और आसपास के गांवों में रहने वाले स्थानीय लोगों के बीच गहरे डर का माहौल बना हुआ है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षाबलों ने घने जंगलों में छिपे 2 से 3 आतंकियों को पूरी तरह से घेर लिया है। बताया जा रहा है कि बीते शनिवार को भी इसी क्षेत्र में आतंकियों के साथ पहली मुठभेड़ हुई थी, जहां आतंकी जंगल के बीच प्राकृतिक गुफाओं और पेड़ों की आड़ में बने एक हाइडआउट (ठिकाने) में छिपे हुए थे।

### आतंकियों की पैंतरेबाजी

आतंकियों के लगातार गांव और ठिकाने बदलने की रणनीति को नाकाम करने के लिए सेना और स्थानीय पुलिस ने पूरे क्षेत्र को चारों तरफ से कॉर्डन कर लिया है। सुरक्षा एजेंसियों ने आतंकियों के भागने के सभी रास्ते बंद कर दिए हैं। जंगलों में दोनों ओर से रुक-रुक कर हो रही ताबड़तोड़ गोलीबारी और धमाकों की गूंज से पूरा इलाका दहल उठा है। मुठभेड़ वाली जगह के आसपास के गांवों में रहने वाले स्थानीय नागरिक इस गोलाबारी से बेहद डरे और सहमे हुए हैं।

---

युद्ध को समाप्त करने पर कोई बात नहीं हुई

## समझौते में देरी पर भड़के ईरान ने कहा अमेरिका बार-बार बदल रहा अपना रुख

अभी न्यूक्लियर मुद्दे से जुड़ी बारीकियों पर कोई बातचीत नहीं हुई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



ईरान ने सोमवार को अमेरिका की ओर से शांति वार्ता में हो रहे बदलावों की कड़ी आलोचना की। ईरान ने कहा कि शांति वार्ता जारी होने के बावजूद इस तरह के बदलावों से बातचीत और भी मुश्किलें पैदा करती हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने समझौते में देरी लगने पर अमेरिका की आलोचना भी की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि अभी दोनों पक्ष कई विषयों पर किसी निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा, यह सही है कि हम चर्चा के अधिकांश विषयों पर किसी निष्कर्ष पर पहुंच गए हैं, लेकिन यह कहना कि इसका मतलब जल्द ही किसी समझौते पर हस्ताक्षर होना है- ऐसा दावा कोई नहीं कर सकता। अमेरिकी अधिकारियों के रुख में बार-बार होने वाले बदलाव हर बातचीत को जटिल बना देते हैं। ईरान की अर्ध सरकार समाचार एजेंसी आईएसएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, इस्माइल बाघई ने कहा कि अभी चल रही बात मुख्य रूप से युद्ध को समाप्त करने को लेकर हैं और अभी न्यूक्लियर मुद्दे से जुड़ी बारीकियों पर कोई बातचीत नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, बातचीत का मुख्य केंद्र युद्ध को समाप्त करना है, और इस चरण पर, हम परमाणु मुद्दे की बारीकियों पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। इससे पहले सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौता कराने पर बात हो रही है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोई बुरा समझौता नहीं करेंगे। ईरान से जुड़े सवाल पूछे जाने पर मार्को रूबियो ने कहा, हम अभी भी इस पर काम कर रहे हैं।

मुझे लगता है कि इस मामले में हमारे पास एक काफी ठोस प्रस्ताव है, जिसमें होमुर्ज जलमार्ग खोलने, उसे खुला रखने और न्यूक्लियर मामलों पर एक अहम और समय सीमा वाली बातचीत शुरू करने की क्षमता शामिल हैं और उम्मीद है कि हम इसे पूरा करेंगे।

### पुतिन के इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर से अंधा हुआ ब्रिटिश रक्षा मंत्री का विमान

**लंदन।** रूस और ब्रिटेन के बीच जारी कूटनीतिक तनाव के बीच एक बेहद गंभीर घटना सामने आई है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस ने ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली के विमान (आरएएफ जेट) का नेविगेशन सिस्टम इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर के जरिए जाम कर दिया। यह घटना उस समय घटी जब ब्रिटिश रक्षा मंत्री एस्टोनिया में तैनात नाटो सैनिकों से मुलाकात कर स्वदेश लौट रहे थे। रूसी सीमा के निकट उड़ान भरते समय अचानक विमान का सैटेलाइट सिग्नल और इंटरनेट नेटवर्क पूरी तरह ठप हो गया। बताया जा रहा है कि रूस की इस इलेक्ट्रॉनिक जैमिंग के कारण विमान का जीपीएस सिस्टम लगभग तीन घंटों तक अंधा रहा, जिससे आसमान में ही हड़कंप मच गया।

---

## स्वीडन में चुनावी मुद्दा बन गई घटती जनसंख्या

## दुनिया में सबसे ज्यादा खुशहाल देश का अजीब चुनावी वादा, तुम हमें वोट दो, हम तुम्हें बच्चे देंगे

अगर सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार फिर आई, तो वे कपल्स को बच्चा पैदा करने के लिए मदद देंगे

हाल ही में स्वीडन के इलेक्शन कैंपेन से जुड़ी खबर डराती भी है और चौंकाती भी है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत में जनसंख्या बढ़ना समस्या है और परिवार नियोजन एक बड़ी डिबेट बनी हुई है। ये उपाय ढूंढे जा रहे हैं कि कैसे जनसंख्या को कम किया जाए। हालांकि चुनावी मुद्दे अब भी ये विषय शामिल नहीं है लेकिन एक ऐसा भी देश है, जहां चुनाव में लोगों से वादे किए जा रहे हैं कि अगर उनकी सरकार आई, तो लोगों के परिवार बढ़ाकर ही मानेंगे। जब तक उनके घर में किलकारी नहीं गूंजती, इस प्रयास का सारा खर्चा सरकार उठाएगी। आप सोच रहे होंगे कि भला ऐसा कौन करता है, तो आपको बता दें कि दुनिया के सबसे खुशहाल देश में ये चुनावी वादे हो रहे हैं। दुनिया के सबसे खुशहाल देशों में शामिल स्वीडन इस समय एक बड़ी समस्या से जूझ रहा है। देश में लगातार गिरती जन्मदर ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टेर्सन ने आने वाले आम चुनाव में मुद्दा सड़क, बिजली, पानी या भत्ते नहीं हैं बल्कि आईवीएफ यानी इन विट्रो फर्टिलाइजेशन बना हुआ है। स्वीडन सरकार ने हाल ही में पहली बार माता-पिता बनने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए सरकारी सहायता बढ़ाने का फैसला लिया है। पहले सरकार आईवीएफ के तीन प्रयासों का खर्च उठाती थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 6 कर दिया गया है। प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन ने कहा है कि अगर उनकी मॉडरेट पार्टी सितंबर में होने वाले चुनाव में फिर सत्ता में आती है।


चुनावी प्रचार

### *घटती जन्मदर की बड़ी समस्या*

*ब्रिटिश अखबार द गार्डियन के मुताबिक प्रधानमंत्री क्रिस्टर्सन ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में कहा कि यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि कुछ लोग बच्चे नहीं चाहते हों, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि बहुत से लोग ऐसे हैं जो बच्चे चाहते हैं, लेकिन किसी कारण से माता-पिता नहीं बन पा रहे हैं। ऐसे में नए नियमों के तहत पहले बच्चे के लिए छह बार मुफ्त आईवीएफ सुविधा मिलेगी. हालांकि अभी अतिरिक्त बच्चों के लिए यह सुविधा लागू नहीं हुई है। स्वीडन में एक बार आईवीएफ कराने की लागत लगभग 50 हजार स्वीडिश क्रोनर होती है। क्रिस्टर्सन ने कहा कि कई परिवार एक बच्चे के बाद दूसरे बच्चे की भी इच्छा रखते हैं, ताकि उनके बच्चे का भाई या बहन हो सके। हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि सरकार यह तय नहीं करना चाहती कि किसी परिवार में कितने बच्चे होने चाहिए, क्योंकि यह पूरी तरह निजी फैसला है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109